RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 292
नई दिल्ली, शुक्रवार, 2 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




सेरेना यूएस ओपन के तीसरे दौर में

स्पोर्ट्स-12

# ईसी के पत्र पर जल्द लेंगे फैसलाः राज्यपाल

**झारखंड संकट**

● यूपीए प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात, ईसी के पत्र पर स्थिति स्पष्ट करने का किया अनुरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** रांची



रांची में बृहस्पतिवार को कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू और अन्य राजभवन में राज्यपाल रमेश बैस को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटोः पीएनएस

**ऐसे** समय में जब खरीद-फरोख्त की आशंका के चलते संयुक्त प्रगतिशील मोर्चा (यूपीए) के आधे से अधिक विधायक छत्तीसगढ़ में ठहरे हुए हैं, सत्तारूढ़ दल के एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को राजभवन में राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यालय पर लाभ के मामले भारत के निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के पत्र को लेकर भ्रम की स्थिति को दूर करने का आग्रह किया। राजभवन से जारी एक बयान के मुताबिक राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि इस मसले में वे 'जल्द' उचित कार्रवाई करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस सांसद धीरज साहू और गीता कोडा, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सांसद विजय हंसदा तथा महुआ माजी के साथ पूर्व विधायक बंधु तिर्के तथा झामुमो और राजद के नेता शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को एक ज्ञापन भी दिया जिसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को विधायक के तौर पर अयोग्य ठहराए जाने के मुद्दे पर आ रही मीडिया रिपोर्टों को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है। यूपीए के सदस्यों ने कहा कि अपुष्ट मीडिया रिपोर्टों और भाजपा नेताओं के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस्तीफा मांगने संबंधी बयानों से सरकार के कामकाज में दिक्कत पेश आ रही है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री सोरेन के भविष्य को लेकर अटकलों से लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को अस्थिर करने के प्रयास को बढ़ावा मिलता है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि विधायक के रूप में सोरेन की अयोग्यता सरकार को प्रभावित नहीं करेगी, क्योंकि सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)-कांग्रेस-राष्ट्रीय जनता दल (राजद) गठबंधन को 81 सदस्यीय सदन में पूर्ण बहुमत प्राप्त है। लाभ के पद के मामले में सोरेन को विधानसभा से अयोग्य ठहराने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की याचिका के बाद निर्वाचन आयोग ने 25 अगस्त को अपना निर्णय बैस को भेज दिया। निर्वाचन आयोग के फैसले को अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन चर्चा है कि आयोग ने मुख्यमंत्री को विधायक के रूप में अयोग्य घोषित करने की सिफारिश की है। राजभवन ने इस मामले पर अब तक कुछ भी घोषणा नहीं की है।

## चार्टर्ड उड़ान के लिए दो करोड़ देगी सोरेन सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** रांची

**झारखंड** सरकार ने बृहस्पतिवार को फैसला किया कि वह एक माह की चार्टर्ड विमान सेवाओं के लिए 2.06 करोड़ रुपए का भुगतान करेगी। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया, मंत्रिमंडल ने राज्य के बाहर वीआईपी और वीवीआईपी की आधिकारिक आवाजाही के लिए एक महीने के लिए चार्टर्ड विमान सेवा लेने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा, सेवा अवधि 31 अगस्त से लागू मानी जाएगी। राज्य में सत्तारूढ़ यूपीए के विधायक और मंत्री राज्य में जारी राजनीतिक संकट के दौरान विधायकों को खरीद-फरोख्त की आशंका के कारण मंगलवार को पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ चले गए थे। मंत्रियों सहित 32 विधायकों को एक विशेष विमान के जरिए छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर ले जाया गया था।

# भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई से राजनीति में नया ध्रुवीकरणः प्रधानमंत्री

● कुछ राजनीतिक दल भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को बचाने की कोशिश में लगे हैं

**भाषा।** कोच्चि



कोच्चि में रेलवे की विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में भ्रष्टाचारी व्यक्तियों के खिलाफ कार्वाई के कारण राष्ट्रीय राजनीति में नया ध्रुवीकरण हुआ है और कुछ राजनीतिक समूह भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को बचाने के लिए खुलेआम एक गुट में संगठित होने का प्रयास कर रहे हैं। अपनी दो-दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे प्रधानमंत्री ने एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार विकास और युवाओं के हितों में सबसे बड़ा बाधक है।

मोदी ने कहा, मैंने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से कहा था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक संघर्ष का वक्त आ गया है। हालांकि हम देख रहे हैं कि चूंकि हम भ्रष्ट व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करते हैं, इसलिए राष्ट्रीय राजनीति में एक नया ध्रुवीकरण शुरू हुआ है। नेदुम्बासरी में कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर अपने समर्थकों को सम्बोधित करते हुए मोदी ने किसी राजनीतिक दल का नाम लिए बिना कहा कि कुछ समूहों का एक साथ आना शुरू हो गया है।

उन्होंने लोगों से ऐसे समूहों के प्रति सजग रहने की अपील भी की। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करने वालों को बचाने के लिए कुछ राजनीतिक समूह खुलकर आगे आ रहे हैं और एक गुट में संगठित होने का प्रयास कर रहे हैं। केरल और भारत के लोगों को ऐसे समूहों के प्रति सजग रहना होगा। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्षी दलों के कुछ शक्तिशाली नेताओं के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा जारी जांच किए जाने और इसके लिए उनकी सरकार पर एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के आरोप लगाए जाने की पृष्ठभूमि में आई है।

उन्होंने कहा कि देश के प्रत्एक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना और बुनियादी ढांचे को विकसित करना केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता भारतीय जनता पार्टी को नई उम्मीद की नजर से देख रही है क्योंकि वे महसूस करते हैं कि भाजपा देश में परिवर्तन और विकास के कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, पूरे देश में जिन राज्यों में भी भाजपा सरकार ( शेष पेज 8 )

# झूठे आरोप लगा रहे हैं केजरीवालः एलजी

● सक्सेना ने कहा, यदि वे और भी बेबुनियाद आरोप लगाएं तो आश्चर्य की बात नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**आम** आदमी पार्टी (आप) के भ्रष्टाचार के आरोपों पर दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने बृहस्पतिवार को पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हताशा में झूठे आरोप लगा रहे हैं और विषय से भटकाने की रणनीति अपना रहे हैं।

एलजी सक्सेना ने ट्विटर पर संक्षिप्त बयान में कहा कि यदि आने वाले दिनों में भी उन पर तथा उनके परिवार के लोगों पर इस तरह के और बेबुनियाद निजी हमले होते हैं तो उन्हें कोई हैरानी नहीं होगी। सक्सेना ने अरविंद केजरीवाल सरकार की अब वापस ली जा चुकी आबकारी नीति 2021-22 के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं के मामले में जुलाई में सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। इसके बाद दोनों के बीच रिश्तों में तनाव बढ़ गया। आम आदमी पार्टी के आरोपों पर पहली बार प्रतिक्रिया देते हुए उपराज्यपाल सक्सेना ने ट्वीट कर कहा कि उन्होंने सुशासन की, भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की और दिल्ली की जनता के लिए बेहतर सेवा की वकालत की थी, लेकिन दुर्भाग्य से मुख्यमंत्री केजरीवाल ने हताशा में भटकाने वाले तरीके अपनाए और झूठे आरोप लगाए।

इससे पहले उपराज्यपाल की आप नेताओं को कार्रवाई की चेतावनी संबंधी सवाल के जवाब में केजरीवाल ने कहा कि सार्वजनिक जीवन जीने वालों को हमेशा जांच के लिए तैयार रहना चाहिए। मनीष सिसोदिया ने भी इसका स्वागत किया। कानूनी कार्रवाई धमकाने का एक तरीका है। इसी सप्ताह आप विधायक दुर्गेश पाठक ने दिल्ली विधानसभा में सक्सेना पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए दावा किया था कि उन्होंने ( शेष पेज 8 )

## छापे के बाद गुजरात में बढ़ा वोट प्रतिशतः केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि सीबीआई के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आवास पर छापा मारने के बाद गुजरात में आम आदमी पार्टी का मत प्रतिशत चार फीसदी तक बढ़ा है। यदि उन्हें गिरफ्तार किया जाता है तो यह मत प्रतिशत छह फीसदी तक बढ़ जाएगा। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा कि सीबीआई ने सिसोदिया के आवास पर छापा मारा, उनके गांव गई तथा ( शेष पेज 8 )

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सुधार करेगी केंद्र सरकार

● प्रीमियम को युक्तिसंगत बनाने के लिए चल रही कवायद

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** की प्रमुख फसल बीमा योजना (प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना-पीएमएफबीवाई) में कुछ बीमा कंपनियों द्वारा मुनाफा कमाने की खबरों के बीच केंद्र प्रीमियम दर को युक्तिसंगत बनाने और अधिक बीमाकर्ताओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए इसमें सुधार की योजना बना रहा है। सूत्रों के अनुसार, योजना में संभावित महत्वपूर्ण बदलाव फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) से केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद लागू किए जाएंगे।

फरवरी, 2016 में शुरू की गई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल के नुकसानाक्षति से पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत, किसानों द्वारा देय अधिकतम प्रीमियम खरीफ (गर्मी) के मौसम में उगाई जाने वाली सभी खाद्य और तिलहन फसलों के लिए दो प्रतिशत, रबी (सर्दियों) के मौसम में उगाई जाने वाली समान फसलों के लिए 1.5 प्रतिशत और वाणिज्यिक और बागवानी फसलों के लिए पांच प्रतिशत है। किसानों द्वारा देय प्रीमियम और बीमा शुल्क की दर के बीच का अंतर केंद्र और राज्यों द्वारा समान रूप से साझा किया जाता है।

किसानों की स्वैच्छिक भागीदारी को संभव बनाने और किसी भी घटना के 72 घंटे के भीतर फसल के नुकसान की रिपोर्ट करने के लिए इस योजना को अंतिम बार वर्ष 2020 में संशोधित किया गया था। सरकारी सूत्रों के अनुसार, योजना में और सुधार की आवश्यकता महसूस की गई क्योंकि पीएमएफबीवाई में बीमा कंपनियों की भागीदारी घट रही थी। इसके कारण ( शेष पेज 8 )

## ईसाई संस्थानों पर हमलों के आरोपों पर गृह मंत्रालय मांगे रिपोर्टः कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने ईसाई संस्थानों पर हो रहे हमलों को लेकर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड जैसे राज्यों से रिपोर्ट तलब करने का बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने कहा कि व्यक्तियों पर हमले का मतलब यह नहीं है कि यह समुदाय पर हमला है, लेकिन अगर इसे जनहित याचिका (पीआईएल) के माध्यम से उठाया गया है तो ऐसी किसी भी घटना के दावों को सत्यापित करने की जरूरत है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सत्यापन करने पर यह पाया गया है कि जनहित याचिका में उल्लेखित अधिकांश मामले झूठे हैं और एक वेब पोर्टल पर प्रकाशित लेख पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की जनहित याचिका में अदालत को आदेश जारी नहीं करना चाहिए, नहीं तो भानुमती का पिटारा खुल जाएगा। पीठ ने राज्यों से रिपोर्ट मांगने के लिए गृह मंत्रालय को दो महीने का समय दिया।

# उप्र में बड़ा प्रशासनिक बदलाव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद समेत 16 वरिष्ठ आईएएस का तबादला किया गया

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने बुधवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल कर दिया। अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव स्तर के 16 अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। 12 अधिकारियों के विभाग बदले गए हैं। योगी सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद समेत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 16 वरिष्ठ अधिकारियों के दायित्वों में बदलाव कर दिया है।

प्रसाद द्वारा हाल में विभाग में किए गए तबादलों पर स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने सवाल उठाए थे। प्रदेश सरकार द्वारा बुधवार देर रात जारी सूची के मुताबिक, अमित मोहन प्रसाद को चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव पद से हटाकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग और निर्यात प्रोत्साहन तथा खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। इस सूची में एक और प्रमुख नाम सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अपर मुख्य सचिव नवनीत कुमार सहगल का भी है, जिन्हें स्थानांतरित कर इसी पद पर खेलकूद विभाग में भेजा गया है। कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह से ग्राम्य विकास विभाग ले लिया गया है। वहीं तीन अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। शासन में बीते तीन-चार साल से हाशिये पर चल रहे कुछ अफसरों की बड़ी जिम्मेदारी के साथ मुख्य धारा में वापसी हुई है।

संजय प्रसाद की जिम्मेदारियों में कटौती करते हुए उनके पास मुख्यमंत्री प्रोटोकॉल, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, गृह, गोपन, वीजा पासपोर्ट तथा सतर्कता विभाग की जिम्मेदारियां रखी गई है, जबकि उनसे धर्मार्थ कार्य, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग तथा यूपीडा उपशा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा कारागार महानिदेशक की जिम्मेदारियां वापस ले ली ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,766 | ↓ 770 | |
| निफ्टी | 17,542 | ↓ 216 | |
| सोना | 50,723 | ↓ 195 | /10g |
| चांदी | 52,819 | ↓ 863 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर में मुठभेड़ जैश के दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर इलाके में सुरक्षा बलों के साथ रात भर चली मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू करने के बाद बुधवार रात सोपोर शहर के बोमई इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि सुरक्षाकर्मियों ने अभियान में दो आतंकवादियों को मार गिराया। गोलीबारी में एक आम नागरिक भी घायल हो गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आतंकवादी प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि दोनों आम नागरिकों पर हमले की साजिश रच रहे थे।

# एनआईए ने की दाऊद इब्राहिम पर 25 लाख के ईनाम की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

● सहयोगी छोटा शकील पर 20 लाख व अन्य पर 15 लाख रुपये का ईनाम

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने वर्ष 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम धमाकों के मुख्य आरोपी, भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम की गिरफ्तारी के लिए कोई भी सूचना देने पर 25 लाख रुपये के ईनाम की घोषणा की है।

एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि जांच एजेंसी ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के करीबी सहयोगी शकील शेख उर्फ छोटा शकील पर 20 लाख रुपये और उसके साथियों हाजी अनीस उर्फ अनीस इब्राहिम शेख, जावेद पटेल उर्फ जावेद चिकना तथा इब्राहिम मुश्ताक अब्दुल रज्जाक मेमन उर्फ टाइगर मेमन पर 15-15 लाख रुपए के नकद ईनाम की घोषणा भी की है। ये सभी 1993 में मुंबई में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में वांछित आरोपी हैं। अधिकारी ने बताया कि एनआईए ने इनकी गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली सूचना मांगी है। एजेंसी ने फरवरी में डी कंपनी के खिलाफ एक मामला दर्ज किया था।

एनआईए ने एक बयान में कहा कि दाऊद इब्राहिम कास्कर को संयुक्त राष्ट्र ने वैश्विक आतंकवादी घोषित किया हुआ है जो अपने करीबी साथियों अनीस इब्राहिम शेख, छोटा शकील, जावेद चिकना तथा टाइगर मेमन समेत अन्य लोगों के साथ अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी नेटवर्क डी-कंपनी चलाता है। बयान के अनुसार, ये सभी ( शेष पेज 8 )

## भारत यात्रा पर आएंगी बांग्लादेश की प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**बांग्लादेश** की प्रधानमंत्री शेख हसीना पांच सितंबर से तीन दिवसीय भारत यात्रा पर आएंगी और इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगी। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में बताया कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना 5-8 सितंबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगी। उन्होंने बताया कि अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री हसीना, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी भेंट करेंगी। बागची ने कहा कि शेख हसीना अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय चर्चा ( शेष पेज 8 )

# आईएफएस के लिए वन और विदेश सेवा में खींचतान

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

● पीएमओ तक पहुंचा मामला, सिविल सेवा के दोनों कैडर अपने दावों को लेकर पेश कर रहे दस्तावेज




**सिविल** सेवाओं के दो प्रतिष्ठित कैडर- भारतीय विदेश सेवा और भारतीय वन सेवा के बीच इन सेवाओं के एक ही संक्षिप्त रूप शब्द आईएफएस के उपयोग पर हक को लेकर विवाद थम नहीं रहा है। अब यह मामला प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) तक पहुंच गया है। दोनों कैडर के लिए परीक्षाएं संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ही लेता है। इस मामले को लेकर कार्मिक राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह, वन और पर्यावरण राज्य मंत्री अश्विनी चौबे एवं भारतीय वन सेवा अधिकारी संघ (आईएफएसओए) के बीच पत्राचार का सिलसिला जारी है।

अभी संशय की स्थिति से बचने के लिए वन सेवा के कैडर को आईएफओएस से संबोधित किया जाता है और विदेश सेवा के कैडर को आईएफएस। वन सेवा के कैडर ने आरोप लगाया है कि आईएफओएस का उपयोग उनके मनोबल को कम करता है। अब दोनों कैडर आईएफएस को खुद से जुड़ा होने का दावा करते हुए सिर्फ अपने साथ रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वन सेवा से जुड़े कैडर का दावा है कि यह उनकी सेवाओं को 1920 में एक सरकारी राजपत्र के माध्यम से आवंटित किया गया था। दूसरी ओर, विदेश सेवा दावा कर रही है कि विदेश मंत्रालय ने अपने अधिकारियों को आईएफएस के रूप में मान्यता दी है और इसलिए वन सेवा के अधिकारियों का उल्लेख आईएफओएस के रूप में किया जा रहा है। भारतीय वन सेवा अधिकारी संघ के विरोध के बाद अश्विनी चौबे ने 30 अगस्त को मंत्रिपरिषद में अपने सहयोगी डॉ जितेंद्र सिंह को एक पत्र लिखकर कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा बार-बार की जा रही गलती की ओर ध्यान दिलाया।

चौबे ने कहा कि वन सेवा अधिकारियों के लिए आईएफएस शब्दावली का उपयोग करने के बजाय, कार्मिक विभाग उनके लिए आईएफओएस का उपयोग कर रहा है। वन और पर्यावरण राज्य मंत्री चौबे ने अनुरोध किया कि कार्मिक विभाग को तत्काल त्रुटि को सुधारने और भारतीय वन सेवा अधिकारियों के लिए विशेष रूप से आईएफएस का उपयोग करने के लिए निर्देशित किया जाना चाहिए। चौबे ने जितेंद्र सिंह को लिखे अपने पत्र में कहा कि वन सेवा संवर्ग के लिए आईएफएस के बजाय आईएफओएस का उपयोग अधिकारियों के मनोबल को प्रभावित कर रहा है।

भारतीय वन सेवा अधिकारी संघ पिछले कई सालों से यह मुद्दा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के समक्ष उठा रहा है। दिसंबर 2016 में उनकी पहली याचिका के जवाब में विभाग ने स्पष्ट किया कि विदेशी सेवा 1946 में बनाई गई थी और तब से आईएफएस का उपयोग कैडर के लिए किया जा रहा है, जबकि वन सेवा बहुत बाद में 1966 में अस्तित्व में आई। इंडिया फॉरेस्ट सर्विस एसोसिएशन ने कहा कि वन सेवा कैडर 1916 में बनाया गया था और 1920 में ( शेष पेज 8 )

# ब्लास्ट के बाद क्यों आईं दरारें, होगा नुकसान का आकलन

## एमराल्ड और एटीएस विलेज सोसाइटी के लोगों ने की पिलर में क्रेक और कांच टूटने की शिकायतें

ट्विन टावर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



साइट का निरीक्षण करते ज्वाइंट डायरेक्टर अजय। इसेट में एस्टर-2 के मैन गेट के पिलर में हुआ नुकसान

नोएडा में ट्विन टावर ध्वस्तीकरण अब अलग-अलग एजेंसी नुकसान का आकलन कर रही है। वो इसलिए क्योंकि एमराल्ड और एटीएस विलेज दोनों सोसाइटी से लोगों की शिकायत आ रही है। मलबे का एक बड़ा हिस्सा एटीएस की ओर गिरा है इससे वहां नुकसान ज्यादा हुआ है।

टावर-5, 7 और 20 से भी पिलर में दरार और कांच टूटने की शिकायत है। ये दरारे पहले से है या फिर ब्लास्ट के समय हुई। इसके लिए एडिफाइस कंपनी ने थर्ड पार्टी एनालिसिस करा रही है। एडिफाइस के प्रोजेक्ट हेड मयूर मेहता ने बताया कि केरल की कंपनी जीएस स्ट्रक्चरल को हायर किया है।

इसी कंपनी ने मराडु में भी नुकसान का एनालिसिस किया था। कंपनी ने एमराल्ड से अपना काम शुरु कर दिया है। ये कंपनी ऑडिट नहीं बल्कि नुकसान का एनालिसिस करेगी कि क्यो इन पिलर में क्रेक आए। कंपनी अपनी रिपोर्ट तैयार कर सीबीआरआई को देगी।

सीबीआरआई भी इसका अध्ययन करेगी। वहीं सुपरटेक की डीएंडआर कंस्लटेंट कंपनी दोनों सोसाइटी का स्ट्रक्चरल ऑडिट करा रही है। से पोस्ट ब्लास्ट ऑडिट है। प्री ब्लास्ट ऑडिट की रिपोर्ट सीबीआरआई के पास है। इससे भी आकलन होगा कि कितना नुकासन हुआ। दरअसल दोनों ही टावरों में क्रेक और शीशे टूटने की शिकायत आरडब्ल्यूए को मिल रही है।

ध्वस्तीकरण से पहले एडिफाइस ने इमारतों में टूट के लिए 100 करोड़ का स्ट्रक्चरल बीमा भी कराया था। सही आकलन सामने आने के बाद बीमा कंपनी को इसकी रिपोर्ट दी जाएगी। इसके बाद यहां मरम्मत का काम शुरु होगा। एनालिसिस के जरिए पता चल सकेगा कि ये क्रेक पहले के है या ब्लास्ट के बाद हुए। हालांकि वे सभी पिलर ठीक है जिनको पहले ठीक कराया गया था।

कंपनी के डायरेक्टर रेवती रमन सिंह ने बताया कि डिमोलीशन के बाद दूसरे दिन स्ट्रक्चर ऑडिट टीम निरीक्षण कर रही है। उन्होंने बताया कि सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट के 10 से 12 पिलर में माइनर क्रेक मिले है। ये सभी 50 मीटर के अंदर है।

कुल 110 कॉलम चेक किए गए। इनमें से कुछ का रिबाउंड हैमर और कोर कटिंग टेस्ट कराया जाएगा। सैंपल लैब में भेजे जाएंगे।

एक सप्ताह में रिपोर्ट आएगी। इससे पिलर की स्टैंथ पता चलेगी साथ ही ये पता चल सकेगा कि क्रेक कितना डीप है। दोनों ट्विन टावर को तोड़ने के लिए करीब चार गुना ज्यादा विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था। क्योंकि दोनों टावरों की स्टैंथ बहुत ज्यादा थी।

हालांकि डिमोलिश करने वाली कंपनी ने बताया था कि डिमोलिशन सेफ रहा। इस इमारत को तोड़ने के लिए 3500 किलो विस्फोटक का प्रयोग किया गया।

### साइट पर पहुंचे एमओईएफ के जॉइंट डायरेक्टर

*नोएडा। ट्विन टावर के ध्वस्तीकरण के बाद क्लाइमेट में क्या बदलाव देखने को मिला, मलबे का सही तरीके से निस्तारण किया जा रहा है कि नहीं इसको लेकर मिनिस्ट्री ऑफ एन्वायर्नमेंट एंड क्लाइमेट चेंज के जॉइंट डायरेक्टर अजय राघव ने साइट का निरीक्षण किया । उनके साथ नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक मुकेश वैश्य व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। ट्विन टावर ध्वस्तीकरण के बाद 80 हजार मैट्रिक टन मलबा साइट पर पड़ा है। मलबे को तोड़ने का काम शुरू कर दिया गया है। धूल न उड़े इसके विशेष प्रबंधन करने के निर्देश नोएडा प्राधिकरण को दिए है। उन्होंने साइट पर मलबे को तोड़ने के दौरान जेट पंप चलाए रखने, ज्यादा से ज्यादा वाटर स्प्रिंकल और जिन स्थानों पर धूल उड़ रही है उसे ग्रीन शीट से कवर करने के लिए कहा है। प्राधिकरण ने बताया कि मलबा तोड़ने के 10 दिन बाद सीएंडडी वेस्ट प्लांट में मलबे को पहुंचाने का काम शुरू कर दिया।*

## संक्षिप्त समाचार



बच्चों को हालचाल पूछते मंत्री नरेंद्र कश्यप।

### छात्राओं से मिलने अस्पताल पहुंचे मंत्री नरेन्द्र कश्यप

**गाजियाबाद।** संयुक्त जिला अस्पताल में भर्ती कस्तूरबा गांधी विद्यालय मुरादनगर की छात्राओं को देखने के लिए प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप मिलने पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने छात्राओं से उनकी सेहत के बारे में पूछा और अस्पताल के स्टाफ से भी बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। राज्यमंत्री ने स्वास्थ्य अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि बच्चों की सेहत पर अस्पताल से जाने के बाद भी कड़ी निगरानी रखी जाए। सीएमओ डॉ भवतोष शंखधर को भी इस सम्बंध में दिशा निर्देश राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दिए। बता दें कि बुधवार रात खाना खाने के बाद विद्यालय की करीब 35 छात्राएं बीमारी हो गई थीं, जिन्हें इलाज के लिए संयुक्त अस्पताल में भर्ती कराया गया था। फिलहाल सभी छात्राओं की हालात ठीक है और उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया जा रहा है। इस मौके पर उनके साथ भाजपा नेता मानसिंह, सौरभ जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### एंटी ड्रूंकन अभियान के दौरान 154 लोगों पर कार्रवाई

**गाजियाबाद।** एसएसपी मुनिराज ने पिछले काफी समय से ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है जो खुले में शराब पीकर या तो हुड़दंग करते हैं अथवा लोगों के साथ झगड़ा कर माहौल खराब करते हैं। साथ ही शराब के नशे में वाहन चलाकर अपनी व दूसरों की जान को भी सांसत में डालते हैं। इस मुहिम को अमलीजाम पहनाने के लिये पुलिस ने जनपद के हर नाके और ठेके पर चेकिंग करते हुए 154 शराबियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की। इस दौरान 82 वाहनों के चालान भी काटे गए और कई वाहनों को सीज किया गया।

### आठवीं कक्षा की छात्रा ने की आत्महत्या

**नोएडा।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के छिजारसी कॉलोनी में रहने वाली एक 14 वर्षीय छात्रा ने मानसिक तनाव के चलते पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मान ने बताया कि छिजारसी कॉलोनी के गली नंबर-2 में रहने वाली 14 वर्षीय छात्रा ने बीती रात को मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि वह कक्षा आठवीं में पढ़ती थी। मृतका ने कोई सुसाइड नोट नहीं छोड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गाजियाबाद में धारा-144 अक्टूबर तक बढ़ाई

**गाजियाबाद।** प्रशासन ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा और त्योहारों को देखते हुए धारा.144 अक्तूबर तक बढ़ा दी है। जिलाधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इस दौरान पांच से ज्यादा लोग एक स्थान पर एकत्रित नहीं हो सकेंगे। प्रशासन की अनुमति लेकर आयोजन किया जा सकेगा। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया चार सितंबर को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा एनडीए और सीडीएस की परीक्षा होगी। नौ सितंबर को चर्तुदशी है। इसके अलावा विश्वकर्मा पूजा, चेहल्लुम, महात्मा गांधी जयंती, दिवाली, भैयादूज आदि त्योहार हैं। इन सभी को ध्यान में रखते हुए धारा.144 अक्तूबर तक रहेगी। इस दौरान पांच या इससे ज्यादा लोग सार्वजनिक स्थान पर एकत्रित नहीं हो सकेंगे। कोई व्यक्ति या समूह यातायात जाम नहीं करेगा। किसी भी सरकारी या गैर सरकारी कर्मचारी को ड्यूटी से नहीं रोका जाएगा। सोशल मीडिया या किसी अन्य प्रकार से भ्रमक प्रचार नहीं किया जाएगा। व्यक्ति या समूह आवास के बाहर या अंदर पत्थर आदि जमा नहीं कर सकेंगे।

### बिजली बिल जमा करने का झांसा देकर ठगी

**नोएडा।** साइबर अपराधी ने बिजली का बिल जमा कराने के नाम पर सेक्टर-39 निवासी व्यक्ति से 56458 रुपये ठग लिए। आरोपी ने पीड़ित के मोबाइल पर मैसेज भेजकर जालसाजी को अंजाम दिया। पुलिस को दी शिकायत में करण पूरी ने बताया उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया था। मैसेज में लिखा था कि उनके बिजली का बिल जमा नहीं हुआ है, इसलिए रात को उनका बिजली का कनेक्शन कट जाएगा। मैसेज देखने के बाद वह घबरा गए। उन्होंने बिजली कनेक्शन कटने के डर से मैसेज में दिए मोबाइल नंबर पर बात की। कॉल रिसीव करने वाले ने खुद को बिजली निगम का कर्मचारी बताया। उन्होंने आरोपी की बात सुनने के बाद मोबाइल पर संबंधित ऐप को डाउनलोड कर लिया, तभी उनका मोबाइल हैक हो गया। इसी बीच उसने उनके खाते से 56458 रुपये निकाल लिए।

# 'ट्विन टावर की जगह बनेगा पार्क और भव्य मंदिर'

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



फाइल फोटो

● सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट के आरडब्ल्यूए ने किया ऐलान

सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट के आरडब्ल्यूए ने ऐलान करते हुए बताया कि सुपरटेक ट्विन टावर के स्थानों पर अब भव्य मंदिर और बच्चों की खेलकूद के लिए विशाल पार्क बनाया जाएगा।

इसको लेकर बीते दिनों सोसाइटी में आरडब्ल्यूए के कुछ पदाधिकारियों के बीच एक बैठक हुई। जिसमें इस मुद्दे पर सहमति बनाई गई। बताया जाता है कि बहुत ही जल्द यहां पर भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा। जिसमें देवी-देवताओं की मूर्तियों को स्थापित किया जाएगा। यहां पर भगवान श्रीराम और भोलेनाथ की भी प्रतिमा लगाई जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार सुपरटेक एमरल्ड कोर्ट के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष उदय भान सिंह तेवतिया का कहना है कि ध्वस्तीकरण के बाद अब ट्विन टावर वाले स्थान का सही इस्तेमाल किया जाएगा। यहां सबसे पहले भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही बच्चों के लिए खेल का मैदान बनाया जाएगा। साथ ही एक हरा भरा पार्क भी बनाया जाएगा।

मंदिर का निर्माण सोसायटी के लोगों की मदद से होगा। मंदिर में सभी देवी-देवताओं की मूर्तियों को विराजमान किया जाएगा। इसको लेकर बहुत ही जल्द बैठक होगी। आपकों बता दें कि सुपरटेक एमरल्ड कोर्ट का अभी तक हैंडओवर नहीं हुआ है। अभी मालिकाना हक बिल्डर का है।

अगर बिल्डर किसी तरह का निर्माण करेगा तो उसके लिए 2 तिहाई सोसायटी के लोगों की सहमति अनिवार्य होगी। जबकि, आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी दावा कर रहे हैं कि सोसायटी वाले उनका समर्थन कर रहे हैं। इसके लिए वह कानूनी लड़ाई लड़ने को भी तैयार हैं। यहां मंदिर और पार्क बनाया जाएगा। ट्विन टावर 75 हजार वर्ग मीटर भूमि क्षेत्रफल में था।

### निगम बोर्ड बैठक 9 को होने की संभावना

**गाजियाबाद।** नगर निगम बोर्ड की बैठक अगले सप्ताह नौ सितंबर को होने की संभावना है। बोर्ड की इस बैठक में कई मसले उठ सकते है। इसी को लेकर नगर निगम प्रशासन भी इस बार खास तरह की तैयारी में जुटा है। निगम बोर्ड की बैठक काफी समय बाद हो रही है। नगर निगम पार्षद काफी समय से मेयर आशा शर्मा से निगम बोर्ड की बैठक बुलाने की मांग कर रहे थे।

मेयर आशा शर्मा ने उनका निवेदन लगता है कि स्वीकार कर लिया। इसी के चलते उन्होंने नगर निगम प्रशासन को बोर्ड की बैठक की तैयारी करने के लिए कहा है। नगर निगम बोर्ड की बैठक अगले सप्ताह होने की संभावना नौ तारीख को हो सकती है। मेयर आशा शर्मा की घोषणा के बाद नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने भी नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह सभी विभागवार बोर्ड की बैठक के लिए प्रस्ताव तैयार करने का कार्य शुरू करे।

# ग्रेनो प्राधिकरण में सख्ती से लागू हुआ पास सिस्टम, बिना इजाजत नहीं मिलेगा प्रवेश

● निर्धारित वक्त पर ही अधिकारी से मिल सकेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



अब अगर आपको अपना कोई काम करवाने के लिए ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण जाना है तो ऑनलाइन प्रवेश पत्र बनवाना पड़ेगा। इसके बाद निर्धारित वक्त पर आप संबंधित विभाग में जाकर अधिकारी या कर्मचारी से मुलाकात कर सकते हैं।

हालांकि, यह व्यवस्था पहले से लागू थी लेकिन इसका अनुपालन नहीं किया जा रहा था। अब पास सिस्टम लागू कर दिया गया है। इससे अनाधिकृत और बिना वजह के लोग प्राधिकरण के कार्यालयों में घुसपैठ नहीं कर सकेंगे। अभी अक्सर देखने में आता है कि बिना वजह लोग प्राधिकरण कार्यालयों में टहलते रहते हैं। ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण में ऐसे लोगों को बिना वजह टहलते देखा जा सकता है। जिनका वहां कोई लेना-देना नहीं होता है। दरअसल, यह दलाल किस्म के लोग हैं, जो सुबह बाकायदा लंच लेकर प्राधिकरण आते हैं।

अथॉरिटी के अलग-अलग दफ्तरों में घूमते रहते हैं। इनका मकसद प्राधिकरण में आने वाले लोगों को काम करवाने के नाम पर पकड़ना होता है। आवंटी, किसान और दूसरे प्रशासनिक कामकाज से आने वाले लोग अपना कामकाज जल्दी करवाने के नाम पर इनके झांसे में आ जाते हैं। ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने कहा, मैंने प्राधिकरण में आने वाले लोगों के लिए पास व्यवस्था सख्ती से लागू करने का आदेश दिया है। अनाधिकृत और बिना वजह प्राधिकरण के कार्यालयों में टहलने वाले लोगों को प्रवेश नहीं मिलेगा।

केवल किसान, आवंटी और प्रशासनिक कामकाज से ताल्लुक रखने वाले लोग प्रवेश पत्र लेकर प्राधिकरण कार्यालय में आवाजाही करेंगे। अगर बिना इजाजत प्राधिकरण कार्यालयों में लोग मिले तो जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ एक्शन होगा।

# दो से तीन केंद्र संभाल रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, वेतन सिर्फ छह हजार

● मानदेय का भुगतान नहीं मिलने पर जिलाधिकारी ऑफिस के बाहर धरने पर बैठी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा में गुरुवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। मानदेय का भुगतान न होने पर डीएम ऑफिस पर धरना दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया।

कार्यकर्ताओं ने बताया कि वो दो से तीन केंद्र संभाल रही हैं, लेकिन उनको सिर्फ 6 हजार तनख्वाह दी जा रही है। उनकी तनख्वाह बढ़ाई जाए। कहा कि वो लगातार शिकायत कर रही हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। चेतावनी दी है कि अगर सरकार 15 सितंबर से पहले उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है तो सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगी। जिला प्रभारी एसएस निमेष ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कोविड समेत अन्य बीमारियों में भागीदारी निभाई, लेकिन उन कार्यों के मानदेय का आज तक भुगतान नहीं हुआ है।

पिछले एक साल से यह लोग इसकी मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। इसकी वजह से सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता परेशान हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मछला सिंह ने बताया कि उन्हें पोषाहार सेंटर पर नहीं दिया जाता है। किराया लगाकर काफी दूर गोदाम पर जाना पड़ता है। महिलाओं को 40 से 50 किलो वजन खुद उठाना पड़ता है।

पोषाहार सेंटर पर आना चाहिए। जिससे की हमे उसे लाने में कोई परेशानी न हो। साथ ही कहा कि पोषाहार समय पर गोदाम से केंद्रों पर पहुंचना चाहिए जिससे की वो खराब न हो। पोषाहार देरी से मिलने पर वह सड़ जाता है और उसके बाद उसे फेंकना पड़ता है।

यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : प्लॉट नंबर 66, सेक्टर-34, ईएचटीपी, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
सीआईएन : एल17100एचआर1983पीएलसी033460, फोन : 011-26258237, 49075251
ई-मेल आईडी : investorrelations@ulilltd.com, वेबसाइट : ulilltd.com
तिथि : 31 अगस्त, 2022

कम्पनी सूचना

सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के अनुसार, हम सूचित करने के इच्छुक हैं कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक अल्पावधि सूचना पर शुक्रवार, 02 सितम्बर, 2022 को दोपहर 12.00 बजे जूम मीटिंग में आयोजित की जाएगी।

बोर्ड की बैठक दिनांकित 10 अगस्त, 2022 के संदर्भ में प्रबंधकगण ने एजीएम की बैठक की तिथि 23 सितम्बर, 2022 से आगे बढ़ाकर 27 सितम्बर, 2022 करने का निर्णय किया है, जिसमें उन सभी व्यवसायों पर विचार किया जाएगा जैसा कि 10 अगस्त, 2022 को आयोजित बोर्ड की बैठक में विचार किया गया था।

वास्ते यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./
स्थान : नई दिल्ली — शशि शेखर
तिथि : 31-08-2022 — अनुपालन अधिकारी सह कम्पनी सचिव

क्यूबिकल फाइनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : 456, अग्रवाल मेट्रो हाइट्स, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110034
सीआईएन : एल65993डीएल1990पीएलसी040101
फोन : 011-47057757
ई-मेल आईडी : cubfinser@yahoo.com

सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 के सभी लागू प्रावधानों एवं तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2021, 17/2021, 20/2021 तथा 02/2022 क्रमानुसार दिनांकित 05 मई, 2022, क्रमानुसार ("एमसीए सर्कुलर्स") तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी /सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांकित 13 मई, 2022 के अनुपालन में, कम्पनी के शेयरधारकों की 32वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम), मंगलवार, 27 सितम्बर, 2022 को अप. 02.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (वीसी/ओएवीएम) सुविधा के माध्यम से, किसी उभय स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बगैर आयोजित की जाएगी।

एमसीए सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर के अनुसरण में, 32वीं एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु वित्तीय विवरण समाविष्ट है ("वार्षिक रिपोर्ट") केवल ई-मेल द्वारा उन सभी सदस्यों को भेजी जा चुकी है, जिनका ई-मेल पता डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स अथवा कम्पनी के पास पंजीकृत है। सदस्यों को एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता, एमसीए सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर द्वारा समाप्त कर दी गई है।

कट-ऑफ तिथि अर्थात 20 सितम्बर, 2022 को भौतिक अथवा अभौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्य 32वीं एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध साधारण और विशेष मदों पर अपना वोट सीडीएसएल के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ("रिमोट ई-वोटिंग") के माध्यम से, इलेक्ट्रॉनिक विधि से डाल सकते हैं।

रिमोट ई-वोटिंग सुविधा तथा वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (वीसी/ओएवीएम) के माध्यम से बैठक के संबंध में, हम शेयरधारकों को निम्नानुसार अधिसूचित करने के इच्छुक हैं :

क) कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 के अनुसार, एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय का निष्पादन रिमोट ई-वोटिंग अथवा एजीएम में ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से किया जा सकता है।

ख) कट-ऑफ तिथि अर्थात 20 सितम्बर, 2022 को शेयरों के धारक सदस्य रिमोट ई-वोटिंग का उपयोग कर सकते हैं। एजीएम के आयोजन की सूचना 20 सितम्बर, 2022 को शेयरों के धारक सभी शेयरधारकों को ई-मेल द्वारा भेजी जा चुकी है। उक्त एजीएम के आयोजन की सूचना, 30 अगस्त, 2022 के बाद शेयरधारक बनने वाले तथा 20 सितम्बर, 2022 को शेयरों के धारक सदस्यों को ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी, जिनकी ई-मेल आईडी कम्पनी/डिपॉजिटरीज के पास पंजीबद्ध है। ऐसे शेयरधारक helpdesk.evoting@cdslindia.com अथवा beetalrta@gmail.com अथवा बनइपिदेमत/लीववण्बवउ को अपना फोलियो नंबर/डीपी आईडी एवं क्लाइंट आईडी के उल्लेखयुक्त अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी प्राप्त कर सकते हैं।

ग) वोट डालने की विधि का विस्तृत विवरण एजीएम की सूचना में दिया गया है, जो कम्पनी की वेबसाइट www.cubical90.com पर भी प्रदर्शित की गई है तथा रिमोट ई-वोटिंग एजेन्सी, सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड की वेबसाइट https://www.evotingindia.com पर भी प्रदर्शित की जाएगी।

घ) रिमोट ई-वोटिंग 24 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 9.00 बजे आरंभ होगी तथा 26 सितम्बर, 2022 को अप. 5.00 बजे तक उपलब्ध होगी और तदुपरांत उपलब्ध नहीं होगी।

ङ) सदस्यगण नोट करें कि : प) रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल 26 सितम्बर, 2022 को अप. 5.00 बजे के बाद निष्क्रिय कर दिया जाएगा। पप) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम हेतु सुविधा एजीएम में भी उपलब्ध कराई जाएगी। पपप) एजीएम में भाग ले रहे जिन सदस्यों ने अपना वोट रिमोट ई-वोटिंग द्वारा नहीं डाला होगा, एजीएम में अपने वोट डालने के अधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। जो सदस्य अपना वोट रिमोट ई-वोटिंग द्वारा डाल चुके होंगे, वे बैठक में भाग ले सकते हैं, परंतु उनको दोबारा एजीएम में वोट डालने का अधिकार नहीं होगा। पअ) कोई व्यक्ति, जिसका नाम डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों की पंजिका अथवा सदस्यों की पंजिका में कट ऑफ तिथि अर्थात 20 सितम्बर, 2022 को दर्ज मौजूद होगा, केवल वही रिमोट ई-वोटिंग अथवा एजीएम में ई-वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने का हकदार होगा।

च) रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग के संबंध में किसी संदेह/स्पष्टीकरण/शिकायत की स्थिति में शेयरधारक श्री भावेन्द्र झा, वरिष्ठ प्रबंधक, बीटल फाइनेंशियल कम्प्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, 99, मदनगीर, एलएससी के पीछे, नई दिल्ली-110062, फोन नंबर 9312771085, ई-मेल : beetalrta@gmail.com से सम्पर्क करें अथवा सीडीएसएल ई-वोटिंग टीम को helpdesk.evoting@cdslindia.com पर लिखें।

छ) श्री मुकेश कुमार अग्रवाल, कार्यरत कम्पनी सेक्रेटरी को रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग प्रक्रिया की संवीक्षा के लिए संवीक्षक नियुक्त किया गया है।

ज) कृपया नोट करें कि आप एक बार ई-वोटिंग द्वारा मतदान के बाद उसमें कोई परिवर्तन नहीं कर सकते हैं।

झ) रिमोट ई-वोटिंग/एजीएम में ई-वोटिंग, यदि कोई, जो एजीएम में सम्पन्न की जा सकती है, के समेकित परिणाम कम्पनी द्वारा एजीएम के समापन के 3 दिन के भीतर घोषित किए जाएंगे तथा कम्पनी की वेबसाइट तथा रिमोट ई-वोटिंग एजेन्सी की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे और स्टॉक एक्सचेन्जेज को भी सूचित किए जाएंगे।

ञ) जिन शेयरधारकों ने अभी तक अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं करवाया है, उनसे अनुरोध है कि अपना ई-मेल पता नीचे दी गई प्रक्रिया अपना कर पंजीकृत करवा लें :

| | |
|---|---|
| उन सदस्यों के लिए जिनके शेयर भौतिक रूप में हैं | कृपया आवश्यक विवरण जैसेकि फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (फ्रंट और बैक), पैन (पैन कार्ड की स्कैन की गई स्व सत्यापित प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्कैन की गई स्व सत्यापित प्रति) ई-मेल द्वारा cubfinser@yahoo.com /beetalrta@gmail.com को उपलब्ध करवाएं। |
| उन सदस्यों के लिए जिनके शेयर डीमैट रूप में हैं | कृपया डीमैट खाता विवरण (सीडीएसएल-16 डिजिट लाभार्थी आईडी अथवा एनएसडीएल-16 डिजिट डीपीआईडी + सीएलआईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर अथवा समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्कैन की गई स्व सत्यापित प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्कैन की गई स्व सत्यापित प्रति) ई-मेल द्वारा cubfinser@yahoo.com /beetalrta@gmail.com को उपलब्ध करवाएं अथवा आप अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट से सम्पर्क कर सकते हैं तथा अपनी ई-मेल आईडी उनके द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया के अनुसार पंजीकृत करवा सकते हैं। |

आगे सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 10 के अनुसरण में कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर अंतरण बहियां बुधवार, 21 सितम्बर, 2022 से मंगलवार, 27 सितम्बर, 2022 तक वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु एजीएम के प्रयोजनार्थ बंद रहेंगी।

वास्ते क्यूबिकल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता./-
स्थान : नई दिल्ली — अश्वनी कुमार गुप्ता
तिथि : 31-08-2022 — (प्रबंध निदेशक)

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

सार्वजनिक सूचना - संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी
[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है, उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा **"जहाँ है, जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है"**, के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | पूजा तिवारी (कर्ज़दार), शिवम तिवारी (सह कर्ज़दार) LBGHZ00005051413 | फ्लैट नंबर 1093, तीसरी मंज़िल, न्यू एलआईजी फ्लैट्स, कोंडली घरोली, मयूर विहार फेज 3, दिल्ली. क्षेत्रफल 301.38 वर्ग फीट | रु. 24,51,668/- (अगस्त 22, 2022 तक) | रु. 22,80,000/- / रु. 2,28,000/- | सितंबर 23, 2022 को दो. 02:00 बजे से दो. 04:00 बजे तक | अक्टूबर 10,2022 सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अक्टूबर 07, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में दिनांक- **अक्टूबर 07, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक **अक्टूबर 07, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **अक्टूबर 07, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708, 7304914763** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड**, इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : सितंबर 02, 2022 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 2 सितंबर, 2022



# केजरीवाल सरकार ने जीता विश्वास मत भाजपा विधायकों ने किया वॉकआउट

- पक्ष में पड़े 58 और विपक्ष में एक भी नहीं



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल



विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के बाद विजय चिन्ह बनाते आम आदमी पार्टी के विधायक। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा के विशेष सत्र में विश्वास मत ध्वनि मत से पास किया गया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विश्वास मत प्रस्ताव के पक्ष में 58 वोट पड़े हैं। एक मत उपाध्यक्ष का अलग है, यानी उनके कुल 59 वोट हो गए। वहीं विपक्ष में शून्य वोट पड़े। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई।

विधानसभा के विशेष सत्र के पांचवें दिन बृहस्पतिवार को सदन की शुरुआत हंगामे के साथ हुई। इसके चलते भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता, अभय वर्मा तथा मोहन सिंह बिष्ट को उपाध्यक्ष राखी बिड़ला के साथ नोंकझोंक के बाद राखी ने मार्शल के जरिए बाहर निकाल दिया गया। बिड़ला ने विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा से पहले ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संबंधी नोटिस पर गौर करने की उनकी मांग नहीं मानी थी। भाजपा के अन्य सदस्यों ने इसके विरोध में सदन से वॉक आउट कर गए। विश्वास प्रस्ताव पर सदन को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने दिल्ली समेत देशभर के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि देश में कम से कम एक ऐसी कट्टर ईमानदार पार्टी है, जो न डरती है और न लालच के आधार पर उसको तोड़ा जा सकता है।

तीन-चार हजार साल के मानव इतिहास में पूरी दुनिया में शायद आम आदमी पार्टी एक ऐसी पार्टी है, जिस पर सबसे ज्यादा केस हुए हैं। भाजपा ने आप के 49 विधायकों पर 169 केस किए। इसमें से 134 केस कोर्ट ने खत्म कर दिए हैं। आज देश में राष्ट्रीय स्तर पर दो ही पार्टियां बची हैं, एक कट्टर ईमानदार, दूसरी कट्टर बेइमान।

कट्टर ईमानदार पार्टी वो है, जिसके मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक और नेता सब ईमानदार हैं और कट्टर बेइमान पार्टी वो है, जिसमें रोज भ्रष्टाचार सुनने को मिलता है। मेरी इनसे दो मांग है। पहली, एमएलए खरीदना बंद कर पेट्रोल-डीजल के दाम कम किए जाएं और दूसरी, अपने दोस्तों के माफ कर्जे को रिकवर कर किसानों व छात्रों के कर्जे माफ किए जाएं। केजरीवाल ने कहा कि जो शिक्षा उन्हें और उनके बच्चों को दी है, वही शिक्षा वह देश के हर बच्चे को दिलाएंगे। इनको जो करना है, कर लें।

## मुख्यमंत्री बोले, सीबीआई कर सकती है मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार

केजरीवाल ने कहा कि सीबीआई वाले मनीष सिसोदिया के गांव गए। वहां सारे गांव वालों से पूछा कि सिसोदिया ने कोई प्रॉपर्टी, मकान या खेती की जमीन खरीदी हो, लेकिन वहां भी सीबीआई को कुछ नहीं मिला। फिर इनके लॉकर चेक करने गए। सीबीआई को लगा कि लॉकर में ज्वैलरी, पैसा और प्रॉपर्टी के कागज मिले। लेकिन लॉकर में करीब 70-80 हजार रुपए कीमत के कुछ गहने ही मिले। सबकुछ चेक करने के बाद भी कुछ नहीं मिला। वे जाते-जाते मनीष से कह रहे थे कि उन्हें कुछ नहीं मिला लेकिन उपर इतना ज्यादा दवाब है कि एक बार सिसोदिया को गिरफ्तार तो करना पड़ेगा।

## कानून- व्यवस्था खराब, केंद्र-एलजी उठाएं कदम

*मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी दिल्ली की कानून- व्यवस्था बहुत ज्यादा खराब हो गई है। वह चाहते हैं कि केंद्र सरकार और एलजी इस बारे में जो भी उचित कदम है, वो उठाएं। उनसे जो भी सहायता चाहिए, वो अपने स्तर पर करने को तैयार हैं, लेकिन महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जो रिपोर्ट आई है, वो बहुत ज्यादा चिंताजनक है। यह दाग बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। वह चाहते हैं कि महिलाओं समेत सबके लिए दिल्ली सबसे सुरक्षित शहर हो।*

# भाजपा के तीन विधायक पूरे सत्र के लिए निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





मुख्यमंत्री आवास के बाहर धरने पर बैठे भाजपा विधायक।

विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़ला के साथ बहस करने के बाद भाजपा के तीन विधायकों विजेंद्र गुप्ता, अभय वर्मा और मोहन सिंह बिष्ट को पूरे सत्र के लिए मार्शल की मदद से बाहर निकाल दिया गया। इसके बाद बाद पार्टी के शेष विधायक भी सदन से बाहर चले गए। बिड़ला ने विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा से पहले ध्यानाकर्षण नोटिस लेने की उनकी मांग स्वीकार नहीं की, जिसके बाद विधायकों ने उनसे बहस की।

आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने यह दिखाने के लिए सोमवार को विश्वास प्रस्ताव पेश किया था कि दिल्ली में भाजपा का कथित ऑपरेशन लोटस विफल हो गया है। बिड़ला ने कहा कि विश्वास प्रस्ताव पर बहस और मतदान होने तक कोई ध्यानाकर्षण नोटिस नहीं लिया जाएगा। विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने इसका विरोध करते हुए कहा कि विधानसभा में चर्चा के लिए बहुत सारे मुद्दे हैं पीने के पानी की कमी है। दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं। उन्होंने कहा कि यह साबित करने के लिए कोई नाटक करने की आवश्यकता नहीं है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उनके विधायकों का समर्थन हासिल है।

## विस सत्र भ्रष्टाचार से ध्यान भटकाने का हथकंडा : भाजपा

**नई दिल्ली।** विधानसभा के विशेष सत्र में ऑपरेशन लोटस और स्कूलों के निमार्ण में हुए कथित घोटाले को लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा में घमासान जारी है। इसको लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि पिछले पांच दिनों से विधानसभा सत्र चल रहा है लेकिन केजरीवाल इन पांच दिनों में सिर्फ अपना चेहरा चमकाने और इधर-उधर की बातें कर दिल्ली वालों का ध्यान अपने ऊपर लगे आरोपों से भटकाने के लिए किया।

आदेश ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनौती देते हुए कहा कि केजरीवाल बताएं कि इन पांच दिनों में किन समस्याओं पर विधानसभा में चर्चा हुई। सरकार ने विस में प्रदूषण, जल, बिजली, परिवहन, नई आबकारी नीति में भ्रष्टाचार और स्कूलों के कमरे बनवाने में हुए भ्रष्टाचार जैसी ज्वलंत समस्याओं पर कोई चर्चा क्यों नहीं की। केजरीवाल पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो लोकतंत्र का गला घोटकर विपक्ष को बोलने नहीं देते हैं।

# कानून-व्यवस्था को लेकर आप का प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने राष्ट्रीय राजधानी में कथित तौर पर बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के कार्यालय के पास गुरुवार को प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आप नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में महिलाओं के खिलाफ अपराध काफी बढ़ गए हैं।

आप के विधायकों ने राज्यपाल से मिलने के लिए दिल्ली विधानसभा से राज निवास तक मार्च किया। कार्यालय के बाहर सुरक्षा कर्मियों द्वारा रोके जाने पर उन्होंने वहीं धरना दे दिया। विधायकों ने राज्यपाल से मिलने के लिए पहले से समय नहीं मांगा था।

सक्सेना के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए विधायकों ने, उपराज्यपाल साहिब कुछ काम करें, दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर गौर करें जैसे नारे लगाए। आप के प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने पत्रकारों से कहा कि विधायक यहां उपराज्यपाल से मिलने, उनसे दिल्ली में बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर चर्चा करने और एक ज्ञापन सौंपने आए हैं।

राज्यपाल से मिलने के लिए पहले से समय मांगने के सवाल पर ग्रेटर कैलाश से विधायक ने कहा, हमने उन्हें (उपराज्यपाल कार्यालय) जानकारी दे दी है। वह (उपराज्यपाल) हमसे मिल सकते हैं, अगर वह चाहते हैं तो हम यहां इंतजार भी कर सकते हैं।

## विधायकों ने राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा

आम आदमी पार्टी की विधायक आतिशी ने कहा कि उन्होंने विभिन्न राज्य सरकारों को अस्थिर करने के भाजपा के कथित प्रयासों के बारे में जानकारी देने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने का समय मांगा है। यह घटनाक्रम भाजपा के कथित ऑपरेशन लोटस के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा एक शिकायत को स्वीकार किए जाने के एक दिन बाद हुआ है।आतिशी ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर बताया कि उन्होंने देश के लोकतंत्र की संरक्षक राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा है। आम आदमी पार्टी के विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल ऑपरेशन लोटस -देश भर में राज्य सरकारों को अस्थिर करने के भाजपा के प्रयास पर चर्चा करने के लिए उनसे मिलना चाहता है।

# एलजी व सीएम की साप्ताहिक बैठक तीसरी बार स्थगित

- मुख्यमंत्री शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर गुजरात जा रहे हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल और दिल्ली के बीच बढ़ते तनाव के चलते इस शुक्रवार लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और एलजी के बीच होने वाली साप्ताहिक बैठक नहीं होगी।

करीब डेढ़ महीने में यह चौथी बार है, जब केजरीवाल बैठक में शामिल नहीं होंगे। दिल्ली सरकार के अनुसार मुख्यमंत्री शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर गुजरात जा रहे हैं। इस वजह से मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल की शुक्रवार को होने वाली साप्ताहिक बैठक स्थगित कर दी गई है। उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री दिल्ली के विकास कार्यों से संबंधित मामलों पर चर्चा करने के लिए हर हफ्ते शुक्रवार को नियमित रूप से बैठक करते हैं। लेकिन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के गुजरात दौरे के कारण यह साप्ताहिक बैठक नहीं होगी।

केजरीवाल 2 को गुजरात के द्वारका में जनसभा को संबोधित करेंगे, जबकि 3 सितंबर को सुरेंद्रनगर में टाउन हॉल मीटिंग में हिस्सा लेंगे। इससे पहले 26 अगस्त को होने वाली बैठक विधानसभा के विशेष सत्र के कारण रद्द कर दी गई थी। वहीं 19 अगस्त को भी बैठक नहीं हो पाई थी।

# मनपसंद ब्रांड नहीं मिलने पर दुकानों से छटीं भीड़

- राजधानी में फिर बहाल हुई पुरानी आबकारी नीति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पुरानी आबकारी नीति लागू होने के बाद पहले दिन शराब खरीदने पहुंचे लोग।

राष्ट्रीय राजधानी में पुरानी आबकारी नीति बहाल होने के पहले दिन गुरुवार को सरकारी दुकानों पर कई ब्रांड की शराब की बोतलें या तो थीं नहीं अथवा काफी कम संख्या में थीं।

ज्यादातर ग्राहकों को बाजार में अच्छे ब्रांड की शराब नहीं होने के कारण दुकानों से निराश होकर लौटना पड़ा। कई ग्राहकों ने कहा कि उन्हें निजी दुकानों पर मिलने वाली छूट और बड़ी दुकानों की याद आ रही है। शहर में शराब की सरकारी दुकानें खुलने और खुदरा कारोबार से निजी कारोबारियों के हटने के साथ ही पुरानी आबकारी नीति बहाल हो गई है। आबकारी विभाग ने दावा किया कि दिल्ली सरकार के चार उपक्रमों ने शहर में शराब की 300 दुकानें तैयार कर ली हैं। हालांकि विशेषज्ञों ने कहा कि निजी स्टोरों के बंद होने के बाद पहले दिन शराब की करीब 350 दुकानें खुलीं। दुकानों के प्रभारियों ने कहा कि वे तो समय से पहुंच गए लेकिन सरकार की ओर से अब तक शराब का स्टॉक उपलब्ध नहीं कराया गया है। शराब की एक दुकान के कर्मी ने कहा कि फिलहाल बहुत कम ब्रांड उपलब्ध हैं और उम्मीद जताई लोकप्रिय मांगों को देखते हुए आने वाले दिनों में इनकी संख्या बढ़ेगी।

विष्णु गार्डन में दुकान के प्रभारी राजेश कुमार ने कहा कि हम सुबह से खाली बैठे हैं क्योंकि शराबें हैं ही नहीं। स्टॉक अब तक आया नहीं है। ग्राहक खाली हाथ घर लौट रहे है। हमें कल तक स्टॉक आने की उम्मीद है। यह संक्रमणकाल है। मयूर विहार फेज टू में शराब खरीदने एक दुकान पर गए पुष्पेंद्र ने पसंदीदा ब्रांड नहीं मिलने पर अफसोस व्यक्त किया। उसने कहा कि निजी दुकानें बड़ी थीं जबकि यह छोटी दुकान है। सरकार को निजी दुकानों को भी अनुमति देनी चाहिए ताकि लोगों के पास विकल्प हो।

## संक्षिप्त समाचार





शहीद भगत सिंह सांध्य महाविद्यालय में आयोजित शिविर में लोग।

### शहीद भगत सिंह कॉलेज में नेत्रदान जागरूकता संगोष्ठी

**नई दिल्ली।** शहीद भगत सिंह सांध्य महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने नेत्रदान को बढ़ावा देने के लिए संगोष्ठी का राष्ट्रीय संगठन समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) के संयुक्त संयोजन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार यादव, भूगोल विभाग के प्रो. वीएस नेगी, डा. सौरभ रे ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में कई छात्रों ने नेत्रदान के लिए नाम दर्ज कराया। कार्यक्रम में सक्षम, दिल्ली प्रान्त के महामंत्री देवेंद्र कुमार एवं डीयू के वेंकटश्वर कॉलेज के प्राचार्य डॉ संतोष सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### प्रशस्ति पत्र देकर की गई हिंदी प्रवक्ता की विदाई



**नई दिल्ली।** संत एकनाथ सर्वोदय कन्या विद्यालय, जे एवं के ब्लॉक दिलशाद गार्डन में हिंदी प्रवक्ता के पद पर कार्यरत शक्ति रायसिंघानी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान पूर्वक सेवानिवृत किया गया। इस समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू रानी एवं समस्त स्टाफ के अतिरिक्त अन्य विद्यालयों की प्रधानाचार्या (सुनीता राही, आशा कुमार, मधु चौधरी, रेणुका) एवं अन्य अध्यापिकाओं ने नई पारी के लिए शक्ति रायसिंघानी को शुभकामनाएं दी।

# घरेलू सहायक ने की दिव्यांग की हत्या

- लूट के इरादे के चलते हुई वारदात, आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के सफदरजंग इलाके में एक नाबालिग दिव्यांग लड़के की उसके घरेलू सहायक ने कथित तौर पर हत्या कर दी। यह घटना बुधवार को सफदरजंग डेवलेपमेंट एरिया में हुई।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस को शाम करीब पांच बजकर पांच मिनट पर घटना की सूचना मिली। मौका-ए-वारदात पर पहुंचने पर लड़का बिस्तर पर अचेत पड़ा मिला। पूछताछ के दौरान नाबालिग की बहन ने बताया कि उसके माता-पिता तथा दादी दोपहर करीब ढाई बजे मंदिर गए थे।

पुलिस उपायुक्त मनोज सी ने बताया कि एक घंटे बाद दिव्यांग लड़के की बहन उसे अपने घरेलू सहायक के साथ छोड़कर ग्रीन पार्क में बाजार गई थी। उन्होंने इस घरेलू सहायक को तीन महीने पहले काम पर रखा था। जब उसकी बहन शाम करीब चार बजकर 50 मिनट पर वापस आई तो उसे अपना भाई बिस्तर पर अचेत पड़ा मिला तथा उनका घरेलू सहायक लापता था। उसका भाई मानसिक तथा शारीरिक रूप से दिव्यांग था। पुलिस ने जब घर की तलाशी ली तो उसे पता चला कि कुछ आभूषण, एक मोबाइल फोन और करीब 40,000 रुपये गायब मिले।

इस संबंध में सफदरजंग एन्क्लेव पुलिस थाने में एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि जांच के लिए छह दल गठित किए गए तथा आरोपी को रेलवे स्टेशन से पकड़ लिया गया है। चोरी का सामान बरामद कर लिया गया है।

## छात्रा पर हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के संगम विहार इलाके में स्कूली छात्रा को गोली मारने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। छानबीन में पता चला कि पीड़िता ने आरोपी से बातचीत करना बंद कर दिया था, जिससे नाराज होकर उसने की हत्या की साजिश रची थी।

आरोपी अमानत अली को गिरफ्तार किया गया जबकि मामले में दो आरोपियों बॉबी और पवन उर्फ सुमित को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अली कुछ साल पहले सोशल मीडिया के जरिए लड़की के संपर्क में आया था।

# नाबालिग लड़के का छात्र ने किया यौन उत्पीड़न

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मधु विहार इलाके के एक स्कूल में आठ साल के एक लड़के का छात्र द्वारा यौन उत्पीड़न करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने उपयुक्त धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है और किशोर को पकड़ लिया है जिसे किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के समक्ष पेश किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, 30 अगस्त को मधु विहार के एक स्कूल में यौन उत्पीड़न के संबंध में पीसीआर कॉल मधु विहार पुलिस स्टेशन को मिली थी। जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस टीम को मौके के लिए भेजा गया था। छानबीन करने पर पता चला कि 29 अगस्त को तीसरी कक्षा में पढ़ने वाला आठ वर्षीय लड़का, स्कूल में शौचालय गया था। उसी दौरान 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले 14 वर्षीय एक अन्य छात्र ने शौचालय में उसका यौन उत्पीड़न किया। इस संबंध में उचित धारा के तहत मामला दर्ज आरोपी किशोर को पकड़ लिया गया।

# राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन पर प्रदर्शनी बयां करेगी जांबाजों की कहानी

## यह अनूठी प्रदर्शनी भारतीय सशस्त्र बलों के वीर जवानों को श्रद्धांजलि : डीएमआरसी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजौरी गार्डन स्थित पिंक लाइन मेट्रो स्टेशन पर वीरता और विकास शीर्षक प्रदर्शनी देखते हुए डीएमआरसी प्रमुख विकास कुमार व अन्य

राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन पर लगी प्रदर्शनी जांबाज भारतीय सैनिकों के साहस और वीरता की कहानी बयां कर रही है। मेट्रो नेटवर्क की पिंक लाइन पर राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन पर वीरता और विकास शीर्षक वाली यह प्रदर्शनी स्थाई होगी।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम लिमिटेड के प्रमुख विकास कुमार ने इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर वीरता पुरस्कार से सम्मानित और अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले वीर जवानों के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। इनमें सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल और कैप्टन विक्रम बत्रा के परिवार के सदस्य भी शामिल थे। डीएमआरसी ने वीरता पुरस्कार से सम्मानित भारतीय नायकों के परिवार के सदस्यों को सम्मानित भी किया। परमवीर चक्र से सम्मानित सेकंड लेफ्टिनेंट खेत्रपाल और कैप्टन बत्रा, अशोक चक्र से अलंकृत मेजर मोहित शर्मा, महावीर चक्र से सम्मानित कैप्टन अनुज नैय्यर और महावीर चक्र से सम्मानित कैप्टन प्रताप सिंह के परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया गया। डीएमआरसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस मौके पर नूतन बत्रा मलिक (कैप्टन बत्रा की बहन), आर. पी. शर्मा और सुशीला शर्मा (मेजर शर्मा के माता-पिता), मुकेश खेत्रपाल (सेकेंड लेफ्टिनेंट खेत्रपाल के भाई), शक्ति सिंह (कैप्टन सिंह के भाई) और मीना नैय्यर (कैप्टन नैय्यर की मां) मौजूद थे। लगभग 100 फुट लंबी इस प्रदर्शनी में 13 जीवंत पैनल हैं और परमवीर चक्र, अशोक चक्र, महावीर चक्र, कीर्ति चक्र और वीर चक्र की छवियां भी प्रदर्शित हैं।

इस विशेष प्रदर्शनी के जरिए सशस्त्र बलों के उन बहादुर नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई है जिन्होंने अपने कर्तव्या को निभाते हुए अदम्य साहस और वीरता का प्रदर्शन किया है। डीएमआरसी प्रमुख के अनुसार, दिल्ली मेट्रो से हर दिन लाखों लोग यात्रा करते हैं, इसलिए हमने महसूस किया कि उनके योगदान का दस्तावेजीकरण किया जाना चाहिए और उनके किसी एक स्टेशन पर इसे प्रदर्शित किया जाना चाहिए ताकि लोगों को साहस और बलिदान की इन अद्भुत कहानियों के बारे में पता चल सके। प्रदर्शनी में लगे अन्य पैनल में स्वतंत्रता के बाद से भारत की 75 वर्षों की यात्रा और महत्वपूर्ण उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है।

## 'स्टांप' से मेट्रो में सफर करना हुआ और आसान

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बेहतर परिवहन के लिए सड़क और मेट्रो को एकीकृत करने को लेकर स्टेशन एक्सेस एवं मोबिलिटी प्रोग्राम (स्टांप) का 7वां दिल्ली संस्करण का लॉन्च किया गया। यह परिवहन विभाग एवं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सरकार, मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी), टोयोटा मोबिलिटी फांउडेशन (टीएमएफ) और विश्व संसाधन संस्थान भारत (डब्ल्यूआरआई इंडिया) के बहुस्तरीय एकीकरण (मल्टीमॉडल इंटेग्रेशन) से पूरा किया जा रहा है। हैबिटेट सेंटर में गुरुवार को आयोजित एक समारोह में दिल्ली परिवहन विभाग के मुख्य सचिव एवं आयुक्त आशीष कुमारने कहा कि शहर में परिवहन को और सक्षम बनाने के लिए बहुस्तरीय परिवाहन सुविधाओं को तैयार करना जरूरी हो गया है। इसके लिए परिवहन से जुड़े लोगों को सामने आना होगा। 'स्टांप' के तहत डीएमआरसी और टीएमएफ तथा डब्ल्यूआरआई इंडिया और हमारी साझेदारी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे यात्रियों से लेकर इससे जुड़े सभी हितधारकों को लाभान्वित होंगे।

# एमबीबीएस अंतिम वर्ष की छात्रा ने की आत्महत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सफदरजंग अस्पताल में एमबीबीएस अंतिम वर्ष की एक छात्रा ने अपने हॉस्टल में आत्महत्या कर ली। बृहस्पतिवार को छात्रा का शव चुन्नी से कमरे में लटका मिला। पुलिस को आशंका है कि मृतका अवसाद में थी।

उसकी डायरी में हाथ से लिखा एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें उसने खुलासा किया है कि वह जिंदगी से नाखुश है। पुलिस उपायुक्त मनोज सी के अनुसार, पुलिस के अनुसार अस्पताल की पुलिस चौकी को बृहस्पतिवार तड़के साढ़े तीन बजे घटना की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज एवं सफदरजंग अस्पताल में इंटर्नशिप कर रही एमबीबीएस की अंतिम वर्ष की छात्रा को छात्रावास के एक कमरे में फंदे से लटका हुआ पाया। घटना के समय कमरा अंदर से बंद था। छात्रा को अस्पताल के आपातकालीन विभाग में ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## मेट्रो के आगे कूद बुजुर्ग ने दी जान

**नई दिल्ली।** मेट्रो की ब्लू लाइन कॉरिडोर के तिलक नगर स्टेशन पर एक बुजुर्ग यात्री सतीश मल्होत्रा ने ट्रेन के आगे कूद गया। सुरक्षा कर्मिया ने उसे ट्रेक से बाहर निकाल कर अस्पताल डीडीयू अस्पताल भेज दिया।डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# राष्ट्रीय पोषण माह में एडीसी ने दिलाई शपथ



कुपोषण माह की शुरुआत के मौके पर शपथ दिलाते एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत गुरुवार को जिला के विकास सदन से की गई। अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने राष्ट्रीय पोषण माह की विधिवत शुरुआत करते हुए अधिकारियों को जिला को कुपोषण मुक्त करने को लेकर शपथ दिलाई।

बैठक में सितंबर माह के दौरान जिला में महिलाओं व बच्चों को संतुलित पोषाहार के लिए प्रेरित करने को लेकर आयोजित होने वाली गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है।

# पूर्व मिस इंडिया एवं अभिनेत्री सयाली भगत के घर पधारे गणपति

## परिवार के साथ धूमधाम से मनाई गणेश चतुर्थी

## सयाली भगत ने कहा, बचपन से ही मना रही गणेश चतुर्थी



गुरुग्राम के सेक्टर-23 स्थित अपने आवास पर गणेश पूजन करती पूर्व मिस इंडिया एवं अभिनेत्री सयाली भगत।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पूर्व मिस** इंडिया एवं फिल्म अभिनेत्री सयाली भगत के यहां सेक्टर-23 स्थित शिव सागर निवास स्थान पर गणपति की प्रतिमा स्थापित की गई। अपनी बेटी इवांका प्रताप सिंह समेत पूरे परिवार के साथ उन्होंने यहां गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया और गणपति की पूजा-अर्चना की। सयाली भगत पिछले 8 साल से गणेश चतुर्थी पर्व धूमधाम से मना रही हैं।

शुक्रवार को गणेशजी की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। गणेशजी की पूजा-अर्चना और आरती करके मंगल की कामना की गई। गणपति बप्पा से सभी ने मिलकर प्रार्थना की कि पूरे परिवार में, गुरुग्राम में तथा पूरे देश में सुख-समृद्धि गणपति बप्पा बनाये रखे तथा अगले साल फिर घर में पधारें। फिल्म अभिनेत्री सयाली भगत की शादी दिसंबर-2013 में कोसली निवासी ब्रिगेडियर (रिटायर्ड) डा. टीसी राव के पुत्र नवनीत प्रताप सिंह से हुई थी। सयाली भगत ने बताया कि वे बचपन से ही गणेश चतुर्थी धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। उनके लिए साल का यह सबसे बड़ा त्योहार है।

इस त्योहार पर हम पूरा परिवार मिलकर के गणपति बप्पा की पूजा करते हैं। उनके माता-पिता दीपक भगत नासिक में मेरी बहन मुम्बई में और हरियाणा की बहू होने के नाते गुरुग्राम में अपने परिवार के साथ पूजा-अर्चना करती हैं। जिसमें पूरा परिवार सहयोग करता है। उनकी ससुराल पक्ष के पूरे रिश्तेदार एवं दोस्त इसमें केवल भाग ही नहीं लेते, बल्कि पूरे विधि-विधान के साथ पूजा करते हैं।

# सोहना मार्केट कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

## सिविल लाइन में गुरुद्वारा रोड पर रेमंड शोरूम में खरीद रहे थे कपड़े

## हथियारबंद बदमाशों ने शोरूम में घुसकर मारी गोलियां

## पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में हुई कैद



गुरुग्राम में गुरुद्वारा रोड पर सोहना मार्केट कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष को गोली मारे जाने के बाद रेमंड शोरूम के बाहर जमा भीड़।



गुरुग्राम के बर्फ खाना स्थित आर्वी अस्पताल के बाहर सुखबीर उर्फ सुक्खी की मौत पर बिलखते परिजन तथा इनसेट में सुखबीर उर्फ सुक्खी का फाइल फोटो।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शहर** के गुरुद्वारा रोड पर गुरुवार को हथियारबंद बदमाशों ने एक कपड़े के शोरूम में कपड़े खरीद रहे सोहना मार्केट कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष की गोलियां मारकर हत्या कर दी। शोरूम के भीतर नजदीक से उन्हें गोलियां मारी गईं। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, बदमाश हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। शहर के अति व्यस्त सिविल लाइन क्षेत्र में इस घटना के बाद से दहशत का माहौल रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को करीब तीन बजे सोहना मार्केट कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष सुखबीर उर्फ सुक्खी निवासी गांव रिठौज (गुरुग्राम) सिविल लाइन में गुरुद्वारा रोड पर रेमंड के शोरूम में कपड़ों की खरीदारी कर रहे थे। इसी दौरान दबे पांव पांच बदमाश शोरूम में घुसे और सुखबीर सिंह पर ताबड़तोड़ गोलियां दागनी शुरू कर दीं। शोरूम का स्टाफ भी सहम गया। आधा दर्जन से अधिक गोलियां सुखबीर उर्फ सुक्खी को मारकर बदमाश हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। पहले दो बदमाश शोरूम से बाहर आए। उनके कुछ सेकंड के बाद दो और तथा सबसे आखिर में एक बदमाश भागते हुए बाहर निकला। वे घटना को अंजाम देने के लिए बेखौफ होकर आए थे। यह पूरा घटनाक्रम आसपास के सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गया। जैसे ही बदमाश शोरूम से बाहर निकलकर भागे तो शोरूम में भगदड़ मच गई। शोर-शराबा सुनकर राह चलते और आसपास के लोग शोरूम पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल सुखबीर सिंह सुक्खी को आनन-फानन में बर्फ खाना स्थित आर्वी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद सुखबीर उर्फ सुक्खी को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही रिठौज गांव समेत सोहना क्षेत्र से सैंकड़ों की संख्या में लोग अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंचे। परिवार के लोग तो बदहवास थे, जिसमें वे दूसरे नंबर पर रहे थे। जैसे ही उन्हें सुखबीर उर्फ सुक्खी की मृत्यु का पता चला तो वे अस्पताल परिसर में बिलख उठे। अस्पताल में क्षेत्र के सामाजिक और राजनीतिक लोगों की भीड़ लग गई। बता दें कि सुखबीर उर्फ सुक्खी वर्ष 2009 में मार्केट कमेटी सोहना के उपाध्यक्ष बने थे। जिला परिषद वार्ड-2 से पार्षद का चुनाव लड़ने की वे तैयारी कर रहे थे। पिछली बार भी उन्होंने चुनाव लड़ा था, जिसमें वे दूसरे नंबर पर रहे थे। भाजपा नेताओं के वे काफी करीबी थे। गत दिनों क्षेत्र में शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर के कार्यक्रम में भी उनके साथ थे।

# सीएम उड़नदस्ता ने अभयपुर में आरओ प्लांट पर मारा छापा





सीएम उड़नदस्ता टीम सोहना के गांव अभयपुर में अवैध चल रहा पानी का बोर। आरओ प्लांट पर पॉलीथिन की थैलियों में पानी।

**सोहना।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम ने गुरुवार को खंड के गांव अभयपुर में पानी के आरओ प्लांट पर छापा मारा। छापे के दौरान प्लास्टिक पॉलीथिन, अवैध पानी का बोर, बिजली चोरी और पानी के नमूने भरे गए।

गुरुवार को मुख्यमंत्री उडनदस्ता गुरुग्राम के साथ जुड़े बिजली विभाग सोहना, खाद्य सुरक्षा अधिकारी गुरुग्राम व बीडीपीओ कार्यालय सोहना की संयुक्त टीम ने गांव अभयपुर डेल फार्म हाउस के सामने दमदमा रोड अवैध आर ओ प्लांट पर छापा मारा। यह आरओ प्लांट नेतन राम ने खेतो में अपनी जमीन पर टीन शेड डालकर अवैध रुप से आरओ लगाया हुआ है। जहां पर सीएम उड़नदस्ता की संयुक्त टीम ने छापा मारने के दौरान प्लास्टिक की थैलियों में भरा पीने के पानी पैक करने की मशीन लगाई हुई है। प्रदेश सरकार द्वारा पॉलिथिन प्रतिबन्धित होने के बावजूद उसका प्रयोग किया जा रहा था। कृषि के पानी का इस्तेमाल के लिए लगा ट्यूबवेल के पानी को कॉमर्शियल गतिविधि में इस्तेमाल करके गैरकानूनी व पास में लगे बिजली ट्रांसफार्मर से सीधी केवल डालकर बिजली चोरी कर रहा था।

# पीबीएनएस ने डिजिटल न्यूज सेवाओं को तेजी से स्केल करने के लिए एडब्ल्यूएस की मदद ली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एमेजॉन.कॉम, इंक** कंपनी (नैस्डैक : एमजैडएन) एमेजॉन वेब सर्विसेज, इंक. (एडब्ल्यूएस) ने आज घोषणा करके बताया कि भारतीय जन प्रसारण सेवा प्रसार भारती का डिजिटल आर्म, प्रसार भारती न्यूज सर्विसेज (पीबीएनएस) अपने विस्तृत नेटवर्क की होस्टिंग और विस्तार के लिए एडब्ल्यूएस का उपयोग कर रहा है। यह नेटवर्क 240 से ज्यादा लाईव रेडियो चैनल प्रस्तुत करता है, जिसमें लाईव न्यूज और मनोरंजन कार्यक्रम शामिल हैं। एडब्ल्यूएस की मदद से पीबीएनएस के पास कंप्यूट क्षमता, विश्वसनीयता, और स्केलेबिलिटी आ गई है, जिसकी मदद से यह 190 से ज्यादा देशों में 894 मिलियन से ज्यादा दर्शकों और श्रोताओं को सुगमता से न्यूज सेवाएं प्रदान कर सकता है। इस डिजिटल परिवर्तन द्वारा पीबीएनएस का उद्देश्य इनोवेटिव डिजिटल कंटेंट फॉर्मेट प्रदान करना और अपने ग्राहकों, खासकर युवा दर्शकों और श्रोताओं को संलग्न करना है।

प्रसार भारती में हेड, पीबीएनएस और डिजिटल प्लेटफॉर्म, समीर कुमार ने कहा, "प्रसार भारती न्यूज सर्विसेज में समय पर और सही न्यूज प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। हम लोगों को भारत के विकास एवं सांस्कृतिक विविधता के बारे में शिक्षित करते हैं। प्रसार भारती न्यूज़ सर्विसेज़ के डिजिटल परिवर्तन में एडब्ल्यूएस की महत्वपूर्ण भूमिका है और यह हमें मौजूदा एवं नए ग्राहकों तक पहुँचने में मदद करता है, जो कंटेंट डिजिटल माध्यम द्वारा प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा, "एडब्ल्यूएस के साथ हमारे पास तीव्रता से

## एडब्ल्यूएस प्रसारण सेवा को अपने 240 चैनल्स और प्रोग्राम्स द्वारा 190 से ज्यादा देशों में 894 मिलियन से ज्यादा दर्शकों व श्रोताओं तक सटीकता व तेजी से डिजिटल न्यूज पहुंचाने में मदद करेगा

पूरे देश में न्यूज का वितरण करने की विश्वसनीयता और स्केलेबिलिटी है और हम पीक अवधि में भी अपने बढ़ते हुए दर्शकों को निरंतर भरोसेमंद जानकारी से अवगत रखते हैं। हमें विश्वास है कि एडब्ल्यूएस की मदद से डिजिटल कंटेंट का तेजी से निर्माण, परिवर्तन व आपूर्ति करने के लिए हमारे क्लाउड-फर्स्ट दृष्टिकोण से हमें जानकारी ज्यादा सुलभ और उपयोगी बनाते रहने में मदद मिलेगी। क्लाउड की मदद से पीबीएनएस हमारे ऑपरेशंस में अभिनवता लाकर, कंटेंट व आपूर्ति में सुधार कर एक विश्वसनीय जन प्रसारणकर्ता बनने का अपना मिशन जारी रखेगा।

पंकज गुप्ता, लीडर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राईज़ेस एवं सरकार, हैल्थकेयर, एआईएसपीएल, एडब्ल्यूएस इंडिया एवं साउथ एशिया ने कहा, "भारत के मीडिया उद्योग में तेजी से परिवर्तन हो रहा है क्योंकि जनता ऑनलाइन और मोबाईल ऐप्स पर डिजिटल न्यूज कंटेंट, जैसे वीडियो और पोडकास्ट ज्यादा देखने लगी है। मीडिया एवं एंटरटेनमेंट कंपनियाँ क्लाउड सेवाओं के मुख्य उपयोगकर्ताओं में हैं।

# एमकॉम व एमबीए में दाखिले को प्रवेश परीक्षा 4 सितम्बर को

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय गुरुग्राम में नए शैक्षणिक सत्र 2022-23 के तहत एम.कॉम (2 साल) और एमबीए (2 साल) में दाखिले के लिए एंट्रेंस एग्जाम लिया जाएगा।

गुरुग्राम विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि एम कॉम (2 साल) और एमबीए (2 साल) में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को एंट्रेंस एग्जाम देना होगा, प्रवेश परीक्षा के लिए तारीख भी तय कर ली गई है। चार सितम्बर को यह प्रवेश परीक्षा होगी। नए शैक्षणिक सत्र 2022-23 के तहत एम.कॉम 50 सीट और एमबीए की 60 सीटों में दाखिले के लिए रविवार 4 सितम्बर को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी, एंट्रेस एग्जाम 100 अंकों का होगा। कुल 100 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित होंगे। उन्होंने बताया कि दो पालियों में परीक्षा होगी। एमबीए पाठ्यक्रम में दाखिले लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए परीक्षा का समय 11:30 से 1:30 बजे और एम.कॉम पाठ्यक्रम के लिए 3:00 से 5:00 होगा। एग्जाम दो घंटे के लिए होगा।

# संक्षिप्त समाचार

## आईटीआई में पहले चरण में 436 में से 74 दाखिले हुए



**सोहना।** सोहना आईटीआई ने पहली जारी हुई कट ऑफ सूची के आधार पर 436 सीटों में से 74 पर दाखिला हुआ है। दूसरी सूची के आधार पर शुक्रवार व शनिवार को असल कागजातों की जांच पड़ताल की जाएगी। सोहना आईटीआई में इस वर्ष 12 अलग-अलग ट्रेड की 436 सीटों पर दाखिला होना है। पहली सूची जारी होने के बाद अब तक कुल 74 सीटों पर ही दाखिला हुआ है। जिसमें 12 में से 3 ट्रेड मे दाखिला लेने वाले विधार्थियों का आंकड़ा दहाई के अंक को छू सका है। स्टैनो हिन्दी, कोपा और इलैक्ट्रिशियन में ही 10-10 विधार्थियों ने दाखिला लिया है। जबकि कारपेंटर की ट्रेड में दाखिला लेने वाले का खाता नहीं खुला है। प्रधानाचार्य सोनिका तक्षक ने बताया कि दूसरी कट ऑफ सूची के दाखिले 5 सितम्बर तक चलेंगे।

## नशे में धुत युवक ने नाबालिग दोस्त को बेरहमी से पीटा

**सोहना।** नशे में चूर युवक ने नाबालिग 15 वर्षीय दोस्त पर उसके ही घरेलू बर्तनों से हमला कर लहुलुहान कर दिया। घायल किशोर को दुकानदार ने अस्पताल में दाखिल कराने के बाद घर से बाहर पीड़ित के परिजनों को सूचना देकर बुलाया। झगड़े का कारण नाबालिग के आरोपी के लिए दुकान से उधार पनीर लाने से इंकार कर देना रहा है। राजस्थान मूल के 15 वर्षीय किशोर ने बताया कि बुधवार की सुबह उसके माता-पिता और बड़ा भाई घर से अपने-अपने काम पर चले गए थे। वह भी बाजार में दुकान पर काम करने चला गया था। दोपहर एक बजे वह घर पर भोजन खा रहा था। उसी समय उसका दोस्त तरुण उसके पास आया। तरुण ने उसे दुकान से 60 रुपये का पनीर उधार लाकर देने को कहा। उसने तरुण को उधार पनीर लाने से मना कर दिया। उसके मना करने पर तरुण एकदम गुस्से में आ गया। वह घर में रखे घरेलू सामान को उठा-उठाकर मारने लगा। तरुण के हाथ में जो भी वस्तु हाथ लगी उसे ही मारा। जिससे उसके सिर, मुंह, आंख, नाक, छाती पर लगी चोटों से वह लहुलुहान होकर फर्श पर गिर पड़ा। बेहोश हो गया। तरुण उसके घर से कब गया पता नहीं चला। होश आने पर वह दुकानदार के पास घायल अवस्था में पहुंचा। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित नाबालिग की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर रहे हवलदार अनिल कुमार ने बताया कि नाबालिग को आरोपी द्वारा मारी गई चोटों के विषय में डॉक्टर की राय ली जाएगी।

## मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शौकीन के शव का पैनल ने किया पोस्टमार्टम

**सोहना।** परिजनों ने डंपर चालक 28 वर्षीय शौकीन की मौत पर संदिग्धता का आरोप लगाया। परिजनों की मांग पर प्रशासन द्वारा नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पैनल ने दूसरे दिन शव का पोस्टमार्टम किया। बुधवार को गांव मौहम्मदपुर गुर्जर निवासी 28 वर्षीय शौकीन की जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी परिसर में मिट्टी भर्त करने के दौरान मौत हो गई थी। सिटी थाना पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल के आपातकाल वार्ड में से पोस्टमार्टम रूम में रखवाली दिया था, लेकिन मृतक शौकीन के परिजनों ने पुलिस द्वारा की जाने वाली पोस्टमार्टम कानूनी कार्रवाई में पुलिस को तुरंत रोक लगाने और मौत पर संदिग्धता होना बताया। जिसके कारण बुधवार को शौकीन के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। परिजनों और ग्रामीणों ने गुरुवार को एसडीएम को शिकायत देते हुए डॉक्टर के बोर्ड पैनल से पोस्टमार्टम कराने की मांग की। जिसमें एसडीएम के आदेश पर बीडीपीओ परमेन्द्रा सिंह को ड्यूटी मैजिस्टेट नियुक्ति किया। नागरिक अस्पताल पहुंचे बीडीपीओ ने परिजन और ग्रामीणों की मांग को स्वीकारते हुए शव का पोस्टमार्टम पैनल से ही कराया। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश ने दावा करते हुए मृतक के परिजनों के आरोप को निराधार बताया। पुलिस की जांच में शौकीन की मौत बिजली का करंट लगने से होने का दावा किया।

## स्ट्रक्चरल ऑडिट के लिए फर्मों को जल्द जारी होंगे वर्क ऑर्डर



**गुरुग्राम।** रिहायशी सोसायटियों के स्ट्रक्चरल ऑडिट को लेकर डेवेलपर, ऑडिट करने वाली फर्म के सदस्यों तथा उन सोसायटियों के निवासियों की एसोसिएशन सदस्यों की एक संयुक्त बैठक उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बुलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले चरण में उन 17 सोसायटियों का ऑडिट करवाया जाएगा, जिनकी शिकायतें पहले आई थी। उसके बाद अन्य सोसायटियों में भी जरूरत के अनुसार ऑडिट होगा। उपायुक्त ने बताया कि प्रशासन ने स्ट्रक्चरल ऑडिट के लिए चार फर्मों को सूचीबद्ध किया है, जिनका पहले इस विषय में लंबा अनुभव है। ये फर्में शुरू में 17 रिहायशी सोसायटियों में जाकर पहले विजुअल इंस्पेक्शन करेंगी। उसके बाद जिन सोसायटियों के स्ट्रक्चर या इन्फ्रास्ट्रक्चर में कमी मिलेगी, उनके फिर दूसरी स्टेज और तीसरी स्टेज के टेस्ट होंगे। विजुअल इंस्पेक्शन के दौरान इन सोसायटियों में रहने वाले लोगों की एसोसिएशन के दो प्रतिनिधि तथा डेवेलपर का प्रतिनिधि भी फर्म के साथ मौजूद रहेंगे। जिन सोसायटियों में एक से ज्यादा एसोसिएशन हैं, उनके प्रत्येक के एक-एक सदस्य को शामिल किया जाएगा। रेजीडेंट्स एसोसिएशन कौशिश करें कि अपनी सोसायटी के सिविल इंजीनियर या आर्किटेक्ट, यदि कोई हो तो उन्हें प्रतिनिधि के तौर पर फर्म के साथ लगाएं, ताकि वे स्ट्रक्चर में कमियों को सही ढंग से दिखा सकें।

# ओप्पो इंडिया ने मेन्सा इंडिया के साथ साझेदारी की

## वंचित पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली बच्चों को डिजिटल साक्षरता के टूल्स प्रदान किए



पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**ओप्पो** इंडिया ने दुनिया की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी हाई-आईक्यू सोसायटी, मेन्सा इंटरनेशनल के राष्ट्रीय चैप्टर, मेन्सा इंडिया के प्रोजेक्ट ध्रुव अभियान में योगदान देने के लिए उनके साथ साझेदारी की है। मेन्सा का प्रोजेक्ट ध्रुव वंचित परिवारों के प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान करता है और उन्हें शिक्षित कर उनका विकास करता है, ताकि उन्हें अपने समुदाय और देश को अपना योगदान देने के लिए जरूरी सहयोग मिल सके।

इस सहयोग से वंचित समुदायों के प्रतिभाशाली बच्चों को डिजिटल टूल्स प्रदान करके उनका विकास करने और उन्हें अध्ययन के अवसर प्रदान करने की ओप्पो की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है युवाओं के सशक्तीकरण और डिजिटल समावेशन के वैश्विक दृष्टिकोण के अनुरूप, ओप्पो ने डिजिटल साक्षरता टूल्स का योगदान दिया है, जो टेक्नॉलॉजी से वंचित बच्चों को तेजी से डिजिटल होती दुनिया के लिए जरूरी कौशल का विकास करने और सफलता प्राप्त करने में मदद करेंगे। ये टूल्स प्रोजेक्ट ध्रुव के पहली पीढ़ी के लर्नर्स को शैक्षणिक सहयोग देंगे, ताकि वो इंजीनियरिंग, डिज़ाईन, चिकित्सा, सरकारी सेवा, शैक्षणिक और कला आदि के क्षेत्रों में सार्थक करियर बना सकें। इस सहयोग के तहत विद्या स्कूल, सेक्टर 24, गुड़गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में पैंतालीस ओप्पो पैड, स्टाईलस, और इंटरनेट डोंगल्स वितरित किए गए। इस अभियान के बारे में विवेक वशिष्ठ, वाईस प्रेसिडेंट, पब्लिक अफेयर्स, ओप्पो इंडिया ने कहा, "शिक्षा देश की सामाजिक आर्थिक संरचना में संतुलन बिठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डिजिटल साक्षरता के टूल्स जैसे ओप्पो पैड समकालीन टीचिंग-लर्निंग की प्रक्रिया में विद्यार्थियों और टीचर्स को संचार करने, सीखने और अपनी अभिव्यक्ति करने में मदद करने वाले प्रभावशाली संसाधन हैं। इस साझेदारी के बारे में किशोर अस्थाना, चेयरपर्सन, ध्रुव फाउंडेशन, एवं पूर्व प्रेसिडेंट, मेन्सा इंडिया ने कहा, "भारत में 6 मिलियन से ज्यादा वंचित और प्रतिभाशाली बच्चे हैं, जिनकी प्रतिभा न सामने आ पाती है और न उसका उपयोग हो पाता है। वो भारत के सबसे बहुमूल्य संसाधन हैं और प्रोजेक्ट ध्रुव यह सुनिश्चित करना चाहता है कि हम ऐसे ज्यादा से ज्यादा बच्चों को तलाशकर लेकर आएं।

# भारत में 48 साल बाद होगा डेयरी सेक्टर का विश्व महाकुंभ

## आईडीएफ वर्ल्ड डेयरी सम्मिट-2022 में आएंगे डेयरी उद्योग की हस्ती और विशेषज्ञ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** में 48 साल बाद दुग्ध क्षेत्र में काम करने वाली डेयरी उद्योग का विश्व महाकुंभ 12 से 15 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के एक्सपो सेंटर में आयोजित होगा। इस आईडीएफ वर्ल्ड डेयरी सम्मिट-2022 में दुनिया भर के डेयरी उद्योग क्षेत्र से जुड़ी हुई हस्तियां और विशेषज्ञ शामिल होंगे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस विश्व डेयरी महाकुंभ का मुख्य संयोजक नामी-गिरामी दुग्ध क्षेत्र की कंपनी मदर डेयरी है, जबकि अमूल और नंदिनी डेयरी प्रमुख प्रायोजक हैं।

इस समिट में 40 देशों की कंपनियां और उनके प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे, जिसकी मेजबानी 48 साल बाद एक बार फिर राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड यानी एनडीडीबी के माध्यम से भारत करने जा रहा है। इस कार्य में एनडीडीबी और उसकी सहायक कंपनियां मदर डेयरी तथा एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। भारत ने आखिरी बार 1974 में अंतरराष्ट्रीय डेयरी कांग्रेस की मेजबानी की थी। इस समिट में वैज्ञानिक, तकनीकी, व्यावसायिक और मार्केटिंग के सत्र भी शामिल होंगे। ज्ञात हो कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। इस उपलब्धि पर डेयरी उद्योग को नाज है, जो लाखों-करोड़ों छोटे और सीमांत डेयरी किसानों के माध्यम से लगातार हासिल की गई है। दरअसल, डेयरी इनके लिए आजीविका का एक मुख्य स्रोत है।

स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बात के समर्थक हैं कि कृषि और किसान की आय किस प्रकार दुगनी हो। उनके अपेक्षित विकास को लेकर हर स्तर पर कार्य करने पहल की जा रही है। प्रधानमंत्री का जो किसानों के दोगुनी आय का विजन है, उसमें डेयरी उद्योग भी प्रमुख भूमिका निभाने में सक्षम है। खास बात यह कि इस डेयरी महाकुंभ में देश की आर्थिक, सामाजिक और व्यवसायिक दृष्टिकोण पर भी हमें बेहतरीन मार्गदर्शन मिलने वाला है।

# एसबीआई कार्ड ने लॉन्च किया अपनी तरह का पहला 'कैशबैक एसबीआई कार्ड'

## अनूठा कार्ड जो सभी ऑनलाईन खर्चों पर देगा पांच फीसदी का कैशबैक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के सबसे बड़े प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता, एसबीआई कार्ड ने आज अपनी तरह के पहले और भारत के सबसे व्यापक कैशबैक क्रेडिट कार्ड 'कैशबैक एसबीआई कार्ड' के लॉन्च की घोषणा की है। कैशबैक एसबीआई कार्ड उद्योग जगत का पहला ऐसा कार्ड है, जिसे खासतौर पर कैशबैक को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है।

इस कार्ड को किसी भी ऑनलाइन खर्च के लिए इस्तेमाल करने पर कार्डधारक 5 फीसदी कैशबैक पा सकेंगे, जिसमें मर्चेन्ट से सम्बन्धित किसी तरह के प्रतिबंध नहीं होंगे। मात्र से प्रीमियम तक, हर श्रेणी के उपभोक्ताओं को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया यह कार्ड बेहद सहज, सरल एवं सम्पूर्ण डिजिटल अनुभव प्रदान करता है। देश भर में उपभोक्ता डिजिटल



एप्लीकेशन प्लेटफॉर्म 'एसबीआई कार्ड एसप्रिन्ट' के माध्यम से घर बैठे बड़ी आसानी से कैशबैक एसबीआई कार्ड पा सकते हैं, फिर चाहे वे देश के दूसरे या तीसरे स्तर के शहरों में रहते हों। इस कॉन्टैक्टलेस कार्ड के साथ मार्च 2023 तक स्पेशल ऑफर भी पेश किया गया है जिसके तहत उपभोक्ताओं को पहले साल मेंबरशिप बिल्कुल मुफ्त मिलेगी। कैशबैक एसबीआई कार्ड के उपभोक्ताओं को अपने सभी खर्चों पर अनलिमिटेड 1 फीसदी कैशबैक मिलेगा और हर मासिक स्टेटमेन्ट साइकल में रु 10,000 कैशबैक राशि तक ये कैशबैक फायदा बढ़कर 5 फीसदी तक हो जाएगा सभी ऑनलाइन खर्चों पर। इस कार्ड की खास बात यह है कि इन फायदों का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को कुछ विशेष मर्चेन्ट्स से ही खरीददारी करना जरूरी नहीं होगा। कैशबैक एसबीआई कार्ड, कैशबैक ऑटो-क्रेडिट के साथ आता है, जिससे स्टेटमेंट जनरेशन के दो दिनों के अंदर एसबीआई कार्ड अकाउन्ट में कैशबैक स्वतः ही क्रेडिट हो जाता है।

लॉन्च के अवसर पर बात करते हुए रामा मोहन राव अमारा, एमडी एवं सीईओ, एसबीआई कार्ड, ने कहा, "कैशबैक एसबीआई कार्ड हमारे कोर कार्ड पोर्टफोलियो को और अधिक सशक्त बनाएगा। इस नए प्रोडक्ट के माध्यम से हम उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करना चाहते हैं। अपने अध्ययनों के तहत हमने ऑनलाईन शॉपिंग एवं कैशबैक की तरफ कार्डधारकों के रूझानों को समझने का प्रयास किया। इसी के मद्देनजर हम कैशबैक एसबीआई कार्ड लेकर आए हैं, जो हर बार, हर स्थान पर हर खरीद के साथ कैशबैक के फायदे देकर उपभोक्ताओं को सही मायनों में सशक्त बनाता है। इस अनूठे कार्ड का लॉन्च बिल्कुल उचित समय पर किया गया है, जिससे सभी उपभोक्ता आगामी त्योहारों के दौरान खरीददारी का बेजोड़ अनुभव पा सकेंगे।'

# त्यौहारों से पहले शहर को जाम मुक्त बनाने की तैयारी

## ऑटो स्टैंड बना किया जा रहा चालकों को जागरूक, ताकि न लगे शहर में जामः एसके शर्मा

कविता। फरीदाबाद

**शहर** में निजी वाहनों के संग ही ऑटो चालकों की संख्या काफी बढ़ गई है। आज नौकरी के बजाय लोग ऑटो चलाना बेहतर समझ रहे हैं। शहर में ऑटो चालकों की संख्या का आंकड़ा कितना है, यह अंदाजा लगाना काफी मुश्किल हो गया है।

ऑटो की बढ़ती संख्या शहर में जाम का कारण बन रही है। इससे निपटने के लिए सभी व्यस्त चौक व चौराहों पर ऑटो स्टैंड बनाकर शहर को जाम मुक्त किया जा रहा है। यह कहना है सड़क सुरक्षा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एसके शर्मा का। उन्होंने कहा कि पुलिस और ऑटो युनियन के पास भी ऑटो चालकों की संख्या का आंकड़ा नहीं है। ऐसे में अब सड़क पर ट्रैफिक पुलिस ऑटो चालकों को समझा रही है। ताकि शहर का ट्रैफिक स्मूथ बन सके।

उन्होंने कहा कि त्यौहार भी नजदीक है। इसलिए अभी से इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि त्यौहारों में भीड़ के कारण सड़कों पर जाम न लगे।


बीके चौक पर ऑटो स्टैंड पर खड़े ऑटो।


एसके शर्मा

**बनाए ऑटो स्टैंड :** एसके शर्मा ने बताया कि शहर के व्यस्त चौराहों पर ऑटो स्टैंड बना दिए गए हैं। जिसमें बीके चौक और एक-दो चौक पर कोन लगाकर अलग से ऑटो खड़ा करने का स्थान बना दिया है। ट्रेफिक पुलिस मौके पर ही ऑटो चालकों को समझा रही है। उन्होंने बताया कि एक-दो चौक पर चारों तरफ रेलिंग लगाकर ट्रेफिक जाम से निजात दिलाई गई है।

वहीं बाटा फ्लाईओवर के नीचे स्लीप रोड बना दी है, जिसमें लेफ्ट वाला लेफ्ट साइड और राइट वाले राइट साइड से निकल सकें। इससे दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

**हुई थी बैठक :** उपायुक्त विक्रम ने बुधवार को लघु सचिवालय में सड़क सुरक्षा मीटिंग में दिशा-निर्देश भी जारी किए थे। जिसमें उन्होंने कहा था कि सड़क सुरक्षा हमारे लिए सबसे ज्यादा जरूरी है।

अगर किसी भी व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है या अंग-भंग हो जाता है तो इससे उसका पूरा परिवार प्रभावित होता है। ऐसे में सभी विभाग सड़क सुरक्षा से जुड़े मानकों को समय से पूरा करें। दुर्घटना संभावित सभी स्थानों को चिह्नित करें और जरूरी कदम उठाएं।

# किडनैप के मामले में 10 वर्ष से फरार चल रही महिला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए किडनैप के मामले में फरार चल रही महिला आरोपी को क्राइम ब्रांच एनआईटी प्राभारी की टीम ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार महिला आरोपी शशि उत्तर प्रदेश के बड़ा शेरगढ़ की रहने वाली है। आरोपी महिला वर्ष 2006 में अपने गांव से भागकर फरीदाबाद आ गई थी।

# वर्ष 2031 तक 200 क्यूसिक अतिरिक्त पानी की व्यवस्था करनी होगी : गुर्जर

## केंद्रीय मंत्री ने एफएमडीए व नगर निगम अफसरों की बैठक के दौरान विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

**केंद्रीय** ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद शहर की आबादी लगातार बढ़ रही है। हमें भविष्य में शहर के लोगों के लिए बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ पेयजल का प्रबंध भी करना पड़ेगा। ऐसे में हमें फिलहाल वर्ष 2031 के लिए 200 क्यूसिक अतिरिक्त पानी की व्यवस्था करनी है।

इस पानी को हम पश्चिमी यमुना नहर व एनसीआर चैनल से लेकर गुरुग्राम से फरीदाबाद तक पाइपलाइन के जरिए लाने की योजना पर काम कर रहे हैं। इस योजना को लेकर प्रस्ताव लगभग अंतिम चरण में है। केंद्रीय राज्यमंत्री गुरुवार को सर्किट हाउस में एफएमडीए, नगर निगम, एसएचवीपी व स्मार्टसिटी के अधिकारियों के साथ अलग-अलग मीटिंग में विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। केंद्रीय राज्यमंत्री ने बताया कि गुरुग्राम से फरीदाबाद तक पानी लाने के लिए कैनाल की बजाए पाईपलाईन ही बेहतर रहेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जीएमडीए के साथ तालमेल कर एफएमडीए के अधिकारी दोनों जिलों में जरूरत के अनुसार जमीन का चयन करें और यह देखें कि इसके लिए किस-किस चीज की आवश्यकता है।

अधिकारियों ने मीटिंग के दौरान बताया कि अभी 100 क्यूसिक अतिरिक्त पानी की आवश्यकता है और इसको लेकर ही कार्य कर रहे हैं। इस पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि हमें भविष्य की जरूरतों के अनुसार अभी से ही कार्ययोजना तैयार करनी है। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्ष 2031 तक 200 क्यूसिक अतिरिक्त पानी के लिए योजना तैयार करें। इसमें 100 क्यूसिक पानी 2025 तक और बाकी 100 क्यूसिक वर्ष 2031 के लिए प्रस्तावित रहेगा। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यमुना नदी में बैराज के लिए भी संभावनाओं को तलाशें ताकि नदी बेसिन में लगाए गए रैनीवैल रिचार्ज रहें और बरसाती पानी को कुछ समय के लिए रोका जा सके। इस दौरान एफएमडीए के सीईओ सुधीर राजपाल ने कहा कि एफएमडीए की योजना शहर को बाहर से ज्यादा से ज्यादा पानी के साथ-साथ भूजल जैसे अपने संशाधनों को विकसित करने की है। मीटिंग के दौरान विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा करें और उन्हें निर्धारित समय में पूरा करवाएं। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि जितने भी विकास कार्य चल रहे हैं उनकी संयुक्त निगरानी कमेटी बनाएं। उन्होंने कहा कि जो ठेकेदार समय से काम नहीं कर रहे हैं उनकी समीक्षा करें और उन्हें ब्लैकलिस्ट करें। इसके साथ ही उन्होंने शहर में चल रहे सभी विकास कार्यों की क्रमशः समीक्षा की और दिशा निर्देश दिए। इनमें पाली डबुआ रोड, सैनिक कालोनी रोड, नवादा आखिरी रोड, सेक्टर-28 से सेहतपुर सहित कई कार्य शामिल हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्या का समाधान करना हमारा कार्य है और कार्यों को समय पर पूरा करना अधिकारियों का कार्य है।

# एथलीट प्रियांशु का हत्यारोपी साथी अजय खिलाड़ी गिरफ्तार

## प्रैक्टिस के दौरान प्रियांशु के साथ हुए झगड़े का बदला लेने को की हत्या

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव की टीम ने दो दिन पहले चाकू से हमला करके की गई प्रियांशु की हत्या के मामले में क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गया 19 वर्षीय आरोपी अजय चावला कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी प्रियांशु के साथ ही सेक्टर 12 स्थित खेल परिसर में प्रैक्टिस करता था। प्रियांशु राष्ट्रीय स्तर का एथलीट था और खेल परिसर में प्रैक्टिस करता था। मंगलवार शाम आरोपी का प्रियांशु के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसी बात को लेकर आरोपी ने प्रियांशु की हत्या करने की योजना बनाई थी। प्रैक्टिस करने के बाद जब प्रियांशु ग्राउंड से वापस अपने घर संजय कॉलोनी जा रहा था तो आरोपी ने अपनी साइकिल से प्रियांशु की साइकिल का पीछा किया। पारसनाथ सिटी मॉल के पास उसकी साइकिल को टक्कर मारकर गिरा दिया और प्रियांशु पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे प्रियांशु गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और प्रियांशु को अस्पताल पहुंचाया। लेकिन प्रियांशु की मृत्यु हो चुकी थी। घटनास्थल से पुलिस द्वारा आरोपी तथा प्रियांशु की दो साइकिल बरामद की गई है। पुलिस थाना सेंट्रल में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा ने मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द आरोपियों की धरपकड़ के निर्देश दिए और क्राइम ब्रांच डीएलएफ को जिम्मेदारी सौंपी गई।


पुलिस की गिरफ्त में एथलीट प्रियांशु का हत्यारा अजय।

क्राइम ब्रांच की टीम ने घटनास्थल से अहम साक्ष्य एकत्रित किए तथा सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई करते हुए गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर मामले में शामिल आरोपी अजय को गिरफ्तार कर लिया। प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने झगड़े के चलते प्रियांशु की हत्या की थी। मामला में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और उससे वारदात में प्रयोग चाकू बरामद किया जाएगा।

# कथा के दौरान निकाली कृष्ण जन्म की झांकी


डबुआ कॉलोनी सी ब्लॉक स्थित श्रीहनुमान मंदिर में भागवत सप्ताह के दौरान भगवान श्री कृष्ण के जन्म की झांकी का आयोजन किया गया।

**फरीदाबाद।** डबुआ कॉलोनी सी ब्लॉक अचार वाली गली स्थित श्रीहनुमान मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन धूमधाम से मनाया।

इस अवसर पर कृष्ण जन्म की झांकी का दृश्य दर्शाया गया। कथा के वामन अवतार प्रसंग का उल्लेख करते हुए गोवर्धन मथुरा के व्यास आचार्य गिरधारी लाल रसिक महाराज ने वामन भगवान और राजा बलि के संवाद पर चर्चा की। राजा बलि के दान के बारे में बताया। भगवान याचक बन राजा बलि के पास गए। राजा बलि ने अपना सर्वस्व दान कर दिया। अन्नदान, वस्त्रदान, विद्यादान, अभयदान ओर धनदान को दान का रूप बताया गया है। इस मौके पर व्यास आचार्य गिरधारी लाल रसिक का आयोजक समिति निरंजन सिंह ठाकुर, अशोक भारद्वाज, लक्ष्मण सिंह, जगदीश सिंह, बनवारी लाल कुमारपाल ने स्वागत किया।

# राधिका ने नाट्य अर्पणम् की प्रस्तुति से मन मोहा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भाव,** राग और ताल के धागों को कविता और लय में पिरोने का नाम भरतनाट्यम है। इन लड़ियों में एक पूरी कहानी कह दी जाती है। ऐसी ही भावपूर्ण कहानी और लय की लड़ियों के साथ नृत्यांगना राधिका कठल ने अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। पद्मश्री से सम्मानित नृत्य गुरु गीता चंद्रन की शिष्या राधिका ने बुधवार को लोधी रोड स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर के स्टेन ऑडिटोरियों में नाट्य अर्पणम् की प्रस्तुति दी।

नाट्य अर्पणम् अलग-अलग चरणों में होने वाली भरतनाट्यम प्रस्तुति है। राधिका ने इसकी शुरुआत शिव-शक्ति पुष्पांजलि से की। इसके बाद जीएन बालासुब्रमण्यम द्वारा रचित कीर्तनम् श्रीचक्र राजा निलय, वर्णम, जावली और पदम् की प्रस्तुति दी। वर्णम भरतनाट्यम मार्गम का एक मुख्य भाग है। इस राग कामभोजी वर्णम में नायिका अपनी सखी से कहती है, कि उनके इष्ट स्वामी बृहदीशवरा को लेकर आये। अणुपल्लवी में नायिका कहती है कि यह वसंत ऋतु का समय उनसे मिलने के लिए बिल्कुल सही है। मनमथा अपने प्यार के बाण से नायिका की धैर्य की परीक्षा ले रहे है। नायिका अपनी सखी से कहती है कि जल्दी जाकर वो उनके इष्ट को ले आए। इस पूरी प्रस्तुति के बीच में शुद्ध नृत्य की लड़ियां होती है जिनका जन्म मृदंगम के बोलों से होता है। इसके बाद राधिका ने राग यमुना कल्याणी में तिल्लाना और अंत में मंगलम् के साथ उन्होंने नाट्य अर्पणम् की प्रस्तुति का समापन किया। इस प्रस्तुति में उन्हें गुरु गीता चंद्रन (नट्टुवंगम), के. वेंकटेश्वरन (वोकल), मनोहर बालातचंदिरेन (मृदंगम) और जी. राघवेंद्र प्रसाद (वॉयलिन) का सहयोग मिला। गुरू गीता चन्द्रन ने कहा, अपने शिष्यों की प्रस्तुति हमेशा मेरे लिए खास रहती है। राधिका एक सजग नृत्यांगना हैं। मुझे याद है जब लगभग दस साल पहले उन्होंने अपना अरंगेत्रम प्रस्तुत किया था, तब से अब तक का सफर अद्भुत रहा है, बतौर गुरू मैं प्रफुल्लि त हूं।



# पर्यटन में हैं रोजगार की आपार संभावनाएं: नरेंद्र कुमार

**फरीदाबाद।** राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 16 ए फरीदाबाद के पर्यटन विभाग ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट में वीरवार को हरियाणा पर्यटन दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विभाग की छात्राओं ने पेंटिंग, पोस्टर एवं कॉलाज बनाकर हरियाणा संस्कृति से अवगत करवाया।

कार्यक्रम शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डा. नरेंद्र कुमार ने कहा कि हरियाणा में पर्यटन का क्षेत्र विस्तृत है, जहां पर रोजगार की अपार संभावनाएं है। हरियाणा अपनी विभिन्नताओं जैसे हैल्थ टूरिज्म, ग्रामीण पर्यटन, फार्म टूरिज्म, योगा टूरिज्म, सांस्कृतिक पर्यटन एवं इवेंट मैनेजमेंट के रूप में देश ही नहीं विश्व स्तर पर पर्यटन स्थल के रूप में अपनी पहचान बना सकता है। पर्यटन विभाग की अध्यक्ष डा. प्रीति रैना ने बताया कि महाविद्यालय में बैचलर ऑफ ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट का कोर्स 2013 से चल रहा है।

# महिला कबड्डी प्रतियोगिता में हरियाणा बना चैंपियन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**संघर्ष** ट्रस्ट इंडिया के खेल निदेशक और ए वन एट हेलो हरियाणा कबड्डी टीम के चेयरमैन सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि ए वन एट कबड्डी लीग प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन मेवात जिले के गाँव इंडरी के संगम में कराया गया। इस कबड्डी लीग प्रतियोगिता में महिलाओं की दो टीमों ने भाग लिया।

ए वन एट कबड्डी लीग के निदेशक अंकुर चौधरी ने बताया कि दो दिवसीय कबड्डी लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ चेयरमैन सत्यवीर धनखड के द्वारा किया गया। महिला लीग मैच में हरियाणा ने पहला और दिल्ली की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। हरियाणा की टीम में लक्ष्मी, शालू, दीपा, प्रिया, मोनिका, सोनम और रौशनी ने अच्छा खेल प्रदर्शन कर चैंपियन ट्राफी जीती और दिल्ली महिला टीम की तरफ से बेहतरीन खेल प्रदर्शन करते हुए पूजा, बित्ति, रितु, नेहा और सरोज ने रनर अप ट्रॉफी अपने नाम की। अंकुर चौधरी ने बताया कि महिला टीम को नकद पुरस्कार राशि और पदक एवं ट्राफी सत्यवीर धनखड़ के द्वारा प्रदान की गई एवं सत्यवीर धनखड़ ने सभी टीमों, उनके अभिभावकों, प्रशिक्षकों और दूर दराज के क्षेत्र से आए हुए दर्शकों को सभी प्रकार के नशे से दूर रहने का आह्वान किया और नशे से होने वाले दुरव्यसनों के बारे में बारीकी से जानकारी दी। अंकुर चौधरी ने बताया कि पुरुष वर्ग में चैंपियन हिमाचल किंग बना और रनर अप पटना पलटन रही और तीसरा स्थान हैलो हरियाणा ने प्राप्त किया। हिमाचल किंग टीम में तालीम मलिक, रितिक डांगी, आशीष डांगी, आर्यन कुमार, गुरप्रिया, कपिल डांगी, आदित्य डांगी, लक्ष्य और गुड्डू डांगी ने बेहतरीन प्रदर्शन कर ट्राफी और नकद पुरस्कार जीता। पटना पलटन की टीम मोहित, हिमांशु, अमित, तरुण, रिषभ, विकि, रामनारायण, प्रशांत, नितिन, विकास, सुधांशु और शुभम ने अच्छा खेल दिखाते हुए रनर अप ट्रॉफी पर कब्जा किया। हैलो हरियाणा टीम के करण, पिंटू, रोहिण, इंदल, बादल, अनूप अंकित, सुमित और कृष्ण ने भी बेहतरीन खेल प्रदर्शन कर तीसरे स्थान की ट्रॉफी हरियाणा राज्य के नाम की। प्रतियोगिता का समापन किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रमेश मानुवास और योगेश तंवर कालियाका के द्वारा खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार और पदक एवं ट्रॉफी प्रदान की।



# टावर लगाने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट दर्जनभर घायल

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ उपमंडल के गांव फतेहपुर बिल्लोच में मोबाइल टावर लगाने को लेकर बृहस्पतिवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान लाठी डंडों के साथ पत्थरों का भी इस्तेमाल किया गया। वहीं दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे पर गोली चलाने का आरोप भी लगा रहे हैं। इस घटना में दोनों पक्षों के करीब दर्जनभर लोगों के घायल होने की सूचना है।

जानकारी के मुताबिक गांव फतेहपुर बिल्लौच में मोबाइल टावर लगाने को लेकर एक साल से चल रहा विवाद बृहस्पतिवार को खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। गांव के निवासी लक्ष्मी नारायण अपनी जमीन पर मोबाइल टावर लगवाना चाहते हैं। मगर आसपास के लोग टावर लगवाने का विरोध कर रहे थे। ग्रामीणों का आरोप है कि लक्ष्मी नारायण ने बाहर से हमलावरों को बुलाकर मोहल्ले के लोगों पर हमला कराया है। इस हमले में रोहताश, रेखा, प्रकाश, देवकी, रेखा, भगवती, रोहताश, दलीप घायल हो गए।

# राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का किया शुभारंभ


बच्चों को जागरुक करते काउंसलर अनुक्रमा भाटी व डॉ. सीमा।

**फरीदाबाद।** जिला स्वास्थ्य विभाग के आरकेएस के प्रोग्राम के अंतर्गत जिले में एक से सात सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के सभी संस्थानों को अपने-अपने एरिये में पौष्टिक व संतुलित आहार के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे।

इस दौरान बच्चों व बड़ों को आहार में विविधता और पौष्टिकता के बारे में बताया जाएगा। यह कार्यक्रम हर वर्ष सितम्बर माह में मनाया जाा है। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रश्मि बतरा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से किशोर-किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को जागरूक किया जाएगा। सभी सरकारी स्कूलों में काउंसलर अनुक्रमा भाटी द्वारा अवेयरनेस की जाएगी।

इस मौके पर आरबीएसके टीम के सभी सदस्य कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय पाठशाला एनएच-पांच से किया गया। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसीपल और राष्ट्रीय पोषण सप्ताह कार्यक्रम की नोडल इंचार्ज डॉ. सीमा ने इसकी शुरूवात की। वहीं अनुक्रमा भाटी ने डॉ. सीमा के संग ही बच्चों को जागरूक किया।

# संक्षिप्त समाचार

## बद्रीधाम में भागवत कथा का आनंद ले रहे श्रद्धालु



**फरीदाबाद।** सामाजिक संस्थाओं द्वारा श्रीबद्री विशाल धाम के श्रीकृष्ण प्रणामी मंगल भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का ज्ञान प्राप्त करने सपरिवार पहुंचे। डॉ अजय तिवारी ने बताया कि बद्रीधाम में भागवत कथा 26 अगस्त से 4 सितंबर तक चलेगी। उपस्थित श्रोताओं को प्रवचन सुनाने एवं भागवत कथा का ज्ञान व रसपान कराने का कार्य अयोध्या वासी स्वामी राघवाचार्यजी महाराज द्वारा किया जा रहा है। महाराजजी ने अपने वक्तव्य में बताया कि अयोध्या की श्रीमद्भागवत सनातन धर्म की अमूल धरोहर है। श्रीमद्भागवत कृष्ण का साक्षात स्वरूप हैं। अरण्य का मतलब वन होता है अर्थात बेर का वन। यह भूमि विष्णु भगवान की तपोभूमि है जब वे यहां पर तप करने आए तब भगवती लक्ष्मी को उन पर करुणा हुई उन्हें लगा की भगवान विष्णु को धूप लगेगी तथा वर्षा में परेशान होंगे इस समस्या से निजात पाने के लिए वे खुद बेल वृक्ष के रूप में उनके ऊपर छाया करके खड़ी हो गई इसलिए इस भूमि का नाम बद्रीनारायण धाम पड़ा।

## नकली फेसबुक आइडी बनाने का विरोध करने पर गोली मारी



**फरीदाबाद।** थाना मुजेसर इलाके में एक व्यक्ति और उसके दो बेटों ने घर में घुस कर एक युवक को गोली मार दी। घायल युवक का आरोप है कि आरोपी युवक उनकी बहन के नाम पर नकली फेसबुक आइडी बनाकर बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। जिसकी शिकायत उन्होंने साइबर थाने में दी है। शिकायत वापस लेने से इनकार करने पर आरोपियों ने इस घटना को अंजाम दे दिया। घायल युवक के जांघ में गोली लगने पर उसे बीके अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मुजेसर इलाके में रहने वाले मोनू ने बताया कि पिछले दिनों उनकी बहन को पता चला कि इलाके रहने वाले एक युवक ने उनकी फर्जी फेसबुक आइडी बनाई हुई है। बहन के बताने पर उन्होंने साइबर थाने में शिकायत दे दी। बृहस्पतिवार को पड़ोसी युवक के पिता मोनू के घर शिकायत वापस लेने के लिए बात करने आए। आरोप है इसी दौरान पिता व दो बेटों ने झगड़ा करते हुए गोली चला दी। मोनू को घायल देख आरोपी भाग गए। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## बबली ने किया नवनियुक्त जिला उपायुक्त का स्वागत



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली एवं वरिष्ठ पत्रकार किशोर शर्मा ने नवनियुक्त जिला उपायुक्त विक्रम यादव का फूल माला एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है इस शहर के विकास और नवीनीकरण के लिए विक्रम यादव का योगदान अभूतपूर्व होगा। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में नवनियुक्त जिला उपायुक्त विक्रम यादव के आने से फरीदाबाद के लोगों में काफी उम्मीदें जागी हैं। उपायुक्त विक्रम यादव को अवगत कराते हुए कहा कि शहर में मुख्य समस्या टूटी सड़कें तथा जलभराव है। जिस प्रकार एक बारिश में पूरा फरीदाबाद जलमगन हो गया। यह बहुत गम्भींर विषय है। इस पर उपायुक्त विक्रम यादव ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य शहर की समस्याआ मुख्यत: जलभराव सीवरेज प्रणाली को दुरुस्त करना और शहर के लोगों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना रहेगा।

## टीचर्स के तबादले के विरोध में छात्राओं ने किया रोड़ जाम


गांव भैंसरावली स्थित सरकारी स्कूल से मैथ व साइंस के टीचरों का तबादला होने के विरोध में गुरुवार को स्कूली छात्राएं रोड जाम करती हुई।

**फरीदाबाद।** भैंसरावली गांव स्थित सरकारी स्कूल से मैथ व साइंस के टीचरों का तबादला होने के विरोध में गुरुवार को छात्रों ने रोड पर जाम लगा दिया। स्कूली बच्चे स्कूल के सामने से तिगांव की ओर जाने वाले रोड पर बैठ गए। वहीं स्कूल का गेट बंद कर दिया। रोड जाम की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस अधिकारियों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से बात करने के बाद जाम खुलवा दिया। करीब दो घंटे तक जाम लगा रहा। सीनियर सैकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं का कहना था कि उनके स्कूल में मैथ व साइंस के टीचर नहीं है। जिस वजह से उन्हें पढ़ाई में दिक्कत आ रही थी। इस दौरान एक टीचर उन्हें यह सबजेक्ट पढ़ा रहे थे। इस टीचर का भी शिक्षा विभाग ने तबादला कर दिया। जिस वजह से उनकी पढ़ाई बाधित हो जाएगी। इस पर उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से बात की। शिक्षा विभाग की ओर से आश्वासन दिया गया कि स्कूल में दो-चार दिन में ही टीचरों की नियुक्ति कर दी जाएगी।

## जैन तपस्वियों का गाजे-बाजे के साथ हुआ सम्मान



**फरीदाबाद।** सेक्टर-16 स्थित जैन आत्मबल्लभ उपाश्रय में गुरुवार को श्वेतांबर जैन समाज चल रहे पर्युषण पर्व के दौरान उपवास व एकासना करने वालों का पारणा जैन साध्वी प्रीति रत्ना, प्रीती सुधा प्रीति यशा की मौजूदगी में पूरे धार्मिक तरीके से कराया गया। गुरुवार को गाजे-बाजे के साथ तपस्या करने वालों की अनुमोदना की गई। इस दौरान 16 उपवास रखने वाली तपस्वनी गीतिका जैन, 8 उपवास रखने वाले किमसी जैन, 8 उपवास रखने वाली पूजा जैन, 7 उपवास व एक एकासना करने वाली साक्षी जैन, 8 उपवास करने वाले सुमित जैन, 8 उपवास रखने वाली कृषिका जैन करने वालों का उपाश्रय में जैन साध्वी प्रीति रत्ना, प्रीति सुधा व प्रीति यशा ने विधिवत तरीके से पारणा कराया। इस दौरान जैन प्रीति रत्ना ने कहा कि जिस प्रकार हमने पर्युषण पर्व में जिस प्रकार से धर्म को हमारे अंदर आत्मा में महसूस किया।

## जेसी बोस के दो पाठ्यक्रमों को एनबीए मान्यता

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने तकनीकी शिक्षा में गुणवत्ता को बरकरार रखते हुए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) द्वारा दो और पाठयक्रमों बीटेक-इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग तथा बीटेक-इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी की पुन: मान्यता प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। एनबीए द्वारा विवि के पाठ्यक्रमों को मान्यता प्रदान करना विवि द्वारा प्रदान की जाने वाली तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता का दर्शाता है। इस उपलब्धि के लिए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने एनबीए समन्वयक प्रो. कोमल कुमार भाटिया, डॉ. नीलम दूहन तथा सभी संबंधित विभागाध्यक्षों के प्रयासों की सराहना की है।

# संवेदनहीन समाज

## सहायकों का उत्पीड़न

**झारखंड** पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी–भाजपा से निलंबित पार्टी नेता व एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी की पत्नी सीमा पात्रा को इस आरोप में गिरफ्तार किया है कि उन्होंने कई साल तक अपनी 29 वर्षीय आदिवासी घर में काम करने वाली सहायिका का उत्पीड़न किया। पात्रा पर आरोप है कि उन्होंने नौकरानी से बर्बर व्यवहार किया, लोहे की छड़ से उसके दांत तोड़ दिए, उसे डांटती–फटकारती थीं तथा भूखा रखती थीं। यह केवल गंभीर जांच व सुनवाई के बाद पता चलेगा कि पात्रा दोषी हैं अथवा नहीं, लेकिन इस घटना से वह निन्दनीय व्यवहार प्रकट होता है जिसका प्रयोग मध्यवर्ग का एक हिस्सा गरीब वर्ग के लोगों से करता है। इनमें घरेलू कामगार, सुरक्षा गार्ड, ड्राइवर, आदि शामिल हैं। कुछ सप्ताह पहले एक महिला ने नोयडा की हाउसिंग सोसाइटी में सुरक्षा गार्डों को भद्दी–भद्दी गालियां दीं। 32 वर्षीया भव्या राय कोई निरक्षर महिला न होकर एक वकील है, लेकिन जिस तरह से उसने गार्डों के साथ दुर्व्यवहार किया व उनको गालियां दी, वह रोंगटे खड़े करने वाला है। इसका कारण यह नहीं है कि इन लोगों ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया था, बल्कि उन्होंने केवल उसकी कार के लिए दरवाजा खोलने में कुछ सेकेंड देर कर दी थी। गालियां बकते व चिल्लाने का उसका वीडियो वाइरल हो गया था। इस पर जनता का व्यापक गुस्सा सामने आया था और पुलिस ने कार्रवाई की थी। हालांकि, कुछ समय बाद उसको आखिरकार जमानत मिल गई। इसके अलावा गुरुवार को गुरुग्राम में निर्वाण कंट्री के निकट क्लोज़ नार्थ सोसाइटी में एक और घटना हुई। सीसीटीवी कैमरे में एक व्यक्ति को सोसाइटी की लिफ्ट से बाहर निकल कर गार्ड अशोक कुमार को पीटते देखा गया। अशोक ने तकनीकी गड़बड़ी के कारण फंसी लिफ्ट से निकालने में उसकी सहायता की थी। इस मामले में भी आरोपी वरुण नाथ को गिरफ्तार किया गया, लेकिन इस प्रकरण में हिंसा करने के बावजूद उसे भी जल्द ही जमानत मिल गई।



वरुण नाथ को यह नहीं समझ में आया कि अशोक कुमार की सतर्कता के कारण ही वह केवल पांच मिनट में लिफ्ट से बाहर आने में सफल हुआ। गार्ड ने फौरन तकनीशियन को सूचना दी और तीन या चार मिनट में नाथ बाहर आ गया। लेकिन उसने गार्ड की पिटाई कर दी। क्या यही हमारे अहसान जताने का तरीका है? क्या वह किसी पुलिसकर्मी को भी थप्पड़ मार देता यदि निजी गार्ड के स्थान पर पुलिसकर्मी होता? इसकी संभावना नहीं थी क्योंकि नाथ जैसे लोग सोचते हैं कि वे कमजोर व वंचित तबके के लोगों के साथ दुर्व्यवहार कर सकते हैं और वे यही करते हैं। नोयडा और गुरुग्राम मामलों में परेशान करने वाला तथ्य यही है कि ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले लोग हमारे जैसे दिखते हैं, लेकिन शायद वे वैसे नहीं होते हैं। अपने पड़ोसियों को परेशान करने वाले राजनीतिक संपर्कों वाले श्रीकांत त्यागी के मामले पर इस संबंध में गौर किया जा सकता है। आप त्यागी जैसे लोगों से बेहतर व्यवहार की उम्मीद नहीं कर सकते हैं, लेकिन मध्यवर्गीय राय व नाथ से सभ्य व्यवहार की आशा करते हैं। मध्यवर्ग के पास भले ही गरीब लोगों की सहायता के लिए संसाधन न हों, पर कम से कम उनको गरीबों के साथ मानवीय व्यवहार करना चाहिए। अशोक कुमार ने अखबार के एक रिपोर्टर से पूछा, 'हम गरीब हैं तो हमारी कोई इज्जत नहीं है क्या? नौकरी सिर्फ पेट पालने के लिए नहीं, इज्जत के लिए भी करते हैं।' उसके इस कथन पर सबको गंभीरता से विचार कना चाहिए। इससे गरीब लोगों की भावनायें व्यक्त होती हैं कि वे अपनी आजीविका के लिए नौकरी करने पर मजबूर हों, पर उनमें सम्मान प्राप्त करने की इच्छा किसी से कम नहीं होती है।

# डिजिटल लेनदेन पर फीस अनुचित

डिजिटल लेनदेन ने गतिशीलता व पारदर्शिता पैदा की है। इन पर ट्रांजैक्शन फीस लगाने का विचार वास्तव में प्रतिगामी है। वित्त मंत्री ने फिलहाल ऐसी संभावना से इनकार किया है।



**अश्विनी महाजन**
(लेखक, दिल्ली के डीएवी कालेज में शिक्षक हैं)





पिछले कुछ सालों में आनलाइन भुगतान में असाधारण वृद्धि हुई है और यह तेजी से बढ़ रहा है। यूपीआई, भीम, फोनपे, पेटीएम, आदि नाम आज हर परिवार में सुने जाते हैं। सच है कि डिजिटल भुगतानों की प्रवृत्ति सारी दुनिया में बढ़ी है, पर भारत में इसमें सर्वाधिक वृद्धि हुई है। रोज लगभग 20,000 करोड़ के डिजिटल लेनदेन होते हैं। मार्च, 2022 में यह धनराशि 10 लाख करोड़ तक पहुंच गई। राष्ट्रीय भारतीय भुगतान निगम–एनपीसीआई के अनुसार, जुलाई में देश में 10162 लाख करोड़ रुपये के 628 करोड़ लेनदेन हुए। पिछले एक साल में ये भुगतान दूने हो गए हैं और कुल डिजिटल भुगतानों में रिकार्ड 75 प्रतिशत वृद्धि हुई है। डिजिटल भुगतानों के अनेक लाभ हैं।

आज हम अपना पर्स खोले बिना एक रुपये से लेकर हजारों व यहां तक कि लाखों रुपये का लेनदेन कुछ सेकेंड में मोबाइल फोन की एक क्लिक पर कर सकते हैं। सावधानी बरतने तथा लेनदेन में गलतियां न करने से बहुत जल्दी व सुरक्षित भुगतान हो जाता है तथा इसमें किसी प्रकार की धोखाधड़ी की संभावना भी नहीं होती है। हालांकि, बैंकों से लेनदेन में थोड़ी फीस ली जाती है, पर अब तक यूनीफाइड पेमेंट्स इंटरफेस–यूपीआई से भुगतान पर कोई फीस नहीं थी। इस प्रकार डिजिटल लेनदेन आसान और सस्ते हो गए थे।

बिना किसी खर्च के लेनदेन का अर्थ बिजनेस करने में होने वाला खर्च घटना है। यह भी सच है कि बिजनेस में होने वाले खर्च से कीमतें बढ़ती हैं तथा वस्तुयें व सेवायें महंगी होती हैं। ऐसी स्थिति में यदि पैसे का लेनदेन सुविधाजनक रूप से बिना किसी खर्च के हो तो कम कीमत पर वस्तुयें व सेवाएं देना आसान हो जाता है तथा बिजनेस में मुनाफा बढ़ता है। लेनदेन का खर्च कम करना बिजनेस में सुविधा का महत्वपूर्ण आयाम है। भुगतान की सुविधा से बिजनेस के विस्तार में भी मदद मिलती है। आज हम छोटे–मोटे विक्रेताओं को क्यूआर कोड से अपनी छोटी दूकानों या चलती–फिरती 'रेहड़ी' में भी आनलाइन भुगतान लेना आसान हो गया है। लेकिन अब इस डिजिटल लेनदेन पर फीस लेने की चर्चा शुरू हो गई है। हाल ही भारतीय रिजर्व बैंक–आरबीआई ने जनता से डिजिटल भुगतान लेने पर चार्ज लगाने के बारे में जनता की राय मांगी थी। इसके साथ ही यह बहस शुरू हो गई है कि क्या डिजिटल भुगतानों पर फीस लगाना उचित कदम है या नहीं? यहां तक कि इस मामले पर राय मांगने का भी विरोध शुरू हो गया है।

विपक्षी दलों को खामोश करने के लिए वित्त मंत्रालय ने बयान जारी किया है कि वर्तमान समय में सरकार का डिजिटल लेनदेन पर फीस लगाने का कोई इरादा नहीं है। लेनदेन का खर्च वस्तुओं व सेवाओं के उत्पादन व वितरण का बड़ा हिस्सा है। महत्वपूर्ण है कि लेनदेन पर खर्च जितना अधिक होगा, उतना ही वस्तुओं व सेवाओं की कीमतें बढ़ेंगी। अर्थशास्त्र में लेनदेन पर होने वाले खर्च का महत्व इस तथ्य से देखा जा सकता है कि 2009 में अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार विजेता ओलिवर विलियमसन ने अपना विश्लेषण लेनदेन पर खर्च के विभिन्न आयामों पर केन्द्रित किया था। वे लेनदेन पर खर्च से मुक्त अर्थव्यवस्था के पैरोकार थे। लेकिन यदि लेनदेन खर्च का महत्व समझना हो तो हमें इस विषय का आर्थिक विश्लेषण तथा विषय की जांच करनी होगी। यदि डिजिटल भुगतानों पर फीस लगा दी जाए तो इससे पूरी तरह तैयार वस्तुओं व सेवाओं की कीमतों में कितनी वृद्धि होगी। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि डिजिटल लेनदेन पर ऐसे परोक्ष टैक्सों का प्रभाव वस्तुओं व सेवाओं पर कई गुना अधिक होगा।

वित्त मंत्री ने अपने बयान में कहा है कि डिजिटल भुगतान व्यवस्था एक सार्वजनिक कल्याण का विषय है जिसके लिए केन्द्रीय बजट में ही प्राविधान किया जाना चाहिए। अर्थशास्त्र में हम वस्तुओं व सेवाओं का वर्गीकरण 'पब्लिक गुड्स' व 'प्राइवेट गुड्स' के रूप में किया जाता है। इस सिद्धान्त के अनुसार शुद्ध रूप से पब्लिक गुड्स में रक्षा तथा कानून–व्यवस्था, आदि शामिल हैं। प्रयोगकर्ताओं को इन सेवाओं का लाभ प्राप्त करने से अलग नहीं रखा जा सकता है, लेकिन अन्य पब्लिक गुड्स में कुछ लोगों का पृथक्करण संभव है। लेकिन इनका प्रयोग लक्षित होना चाहिए तथा उससे बाहर किए गए उपभोक्ता उपभोग में प्रतिद्वंद्वी नहीं होने चाहिए। डिजिटल लेनदेन में फीस लगाने से हम उन लोगों को इनसे अलग कर सकते हैं जो इनके लिए भुगतान नहीं करते हैं, हालांकि किसी के द्वारा डिजिटल लेनदेन दूसरों को इसके प्रयोग से बाधित नहीं करता है। इसलिए यदि कोई वस्तु या सेवा दो आधारों में से किसी एक को संतुष्ट करती है तो यह पब्लिक गुड है और यदि सरकार कोई पब्लिक गुड प्रदान करती है तो यह समाज के लिए लाभदायक होना चाहिए। डिजिटल लेनदेन ऐसी सेवा है कि यदि इससे भुगतान न करने वालों को उस सेवा पर फीस लगा कर बाहर कर दिया जाए तो इससे समाज को किसी प्रकार लाभ नहीं होगा। हमारी डिजिटल भुगतान व्यवस्था पहले ही स्थापित हो चुकी है और अतिरिक्त डिजिटल लेनदेन पर मामूली खर्च बढ़ाने का लगभग कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

इस प्रकार यदि हम उन लोगों को डिजिटल भुगतान से बाहर कर देते हैं जो फीस देने में अक्षम हैं या उसे नहीं देना चाहते हैं तो इससे समाज को नुकसान होगा क्योंकि लेनदेन का खर्च बढ़ जाएगा। इससे खर्च व असुविधा बढ़ जाएगी। इस दृष्टिकोण से वित्त मंत्री का बयान स्वागत योग्य है।

हाल ही में प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारत में डिजिटल भुगतानों की सुविधा तथा मोबाइल क्रांति के कारण दुनिया भर के लगभग 40 प्रतिशत डिजिटल लेनदेन भारत में होते हैं। स्वाभाविक रूप से डिजिटल भुगतानों की सुविधा तथा उनके मुफ्त होने के कारण भारतीय उत्पादों व सेवाओं की कीमतों में निश्चित रूप से कमी आई है। जहां तक डिजिटल भुगतानों के मुफ्त होने का सवाल है, भारतीय निर्यातों की प्रतियोगिता क्षमता बेहतर होगी तथा भारत के निर्यात में वृद्धि होगी। यदि भारत सरकार केन्द्रीय बजट में डिजिटल भुगतानों को मुफ्त रखने के लिए वित्तीय प्राविधान करती है तो यह भी एक उचित खर्च होगा। इसके साथ ही दूसरे देशों द्वार विश्व व्यापार संगठन में कोई आपत्ति भी नहीं की जा सकती है क्योंकि यह भेदभाव वाला नहीं है।

भारत एक डिजिटल केन्द्र बन सकता है। आज भारत न केवल डिजिटल लेनदेन में आगे बढ़ा है, बल्कि उसने इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता भी प्राप्त की है। भारत का राष्ट्रीय भुगतान निगम–एनपीसीआई रूपे कार्ड का संचालन करता है तथा यह सभी डिजिटल बैंकिंग लेनदेन का प्रबंधन भी करता है। एनपीसीआई यूनीफाइड पेमेंट्स इंटरफेस का संचालन भी करता है। इस प्रकार एनपीसीआई यूपीआई के माध्यम से ग्राहकों व बिजनेस के बीच डिजिटल सेतु का काम करता है। इससे व्यक्तिगत व बिजनेस लेनदेन, दोनों को लाभ होता है। यूपीआई डिजिटल भुगतानों के मामले में सभी सेवा प्रदाताओं के बीच समन्वय स्थापित करता है। यूपीआई के माध्यम से हम बैंक खातों संबंधी कोई भी संवेदनशील जानकारी साझा किए बिना सुगमतापूर्वक पैसे का हस्तांतरण कर सकते हैं। इसके लिए हमें कोई खर्च भी नहीं करना होता है।

ऐसी स्थिति में जब भारत दुनिया में डिजिटल भुगतानों के मामले में सबसे आगे हैं तथा दुनिया के अनेक देश भारत का यूपीआई माडल अपनाने के लिए तैयार हो रहे हैं, भारत में डिजिटल भुगतान फीस लागू कर इस प्रवाह को बाधित करना उचित नहीं होगा। केवल इतना ही नहीं, हाल में रूस और भारत ने डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में एकसाथ आने के लिए भारत के रूपे तथा रूस के मीर के बीच समन्वय स्थापित किया है।

# अंगदान के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति जरूरी


**सुमीत भसीन**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



यूरोप के मुकाबले भारत में अंगदान की स्वीकार्यता नगण्य है, इसलिए इससे संबंधित वर्जनाओं को तोड़ने की जरूरत है। अंगदान के दस लाख मामलों पर सिर्फ एक अंगदान के जरिए, भारत अंग–प्रत्यारोपण से जीवन बचाने की समस्त मांगें पूरी कर सकता है। समाज में गलत धारणाओं के कारण भारत में अंगदान के प्रति एक पूर्वाग्रह बना हुआ है। हिंदू शास्त्रों के अनुसार, दधीचि इसके पहले सुव्यवस्थित द्रष्टा थे, जिन्होंने अपना शरीर दान किया था, जिसमें से इंद्र का हथियार वज्र बनाया गया था और असुरों के खिलाफ लड़ाई में इस्तेमाल किया गया था। इसके अलावा, अंगदान के प्रति जागरूकता समाज के कुछ वर्गों तक ही सीमित है।

अठारह महीने के रिशांत को ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया था, लेकिन उसके माता–पिता ने फैसला किया कि उनका बेटा उन बच्चों को जीवन देकर जीवित रहेगा जो अंगों की कमी के लिए जीवन से जूझ रहे थे। उसकी किडनी ने एक लड़के को नया जीवन दिया, जबकि लीवर एक लड़की को ट्रांसप्लांट किया गया। रिशांत, जो अब दो बच्चों के साथ रहता है, के प्रति लोगों ने अपनी अपार भावनाएं व्यक्त कर इसका स्वागत किया है। लेकिन भारत में अंगदान की स्थिति दयनीय बनी हुई है। हर साल दो लाख लोग अंगों के इंतजार करते हैं। वास्तव में प्रतीक्षा सूची बहुत लंबी है। भारत में प्रति मिलियन 0.08 अंग दाता हैं, जबकि स्पेन में प्रति मिलियन 34, ब्रिटेन में 27, अमेरिका में 26 और कनाडा में 14 है। दरअसल, भारत में हर तीन मिनट में एक मरीज को अंगों की जरूरत होती है। इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति का परिणाम यह होता है कि अंग प्राप्ति के लिए प्रतीक्षा कर रहे 10 प्रतिशत रोगियों को भी अंग प्राप्त नहीं होते हैं।

भारत में प्रतिदिन 62,389 लोगों की मौत होती है, और आंकड़े बताते हैं कि यदि मरने वाले लोगों ने अपनी आंखें दान कर दी होतीं, तो देश में कोई भी नेत्रहीन व्यक्ति नहीं होता। दरअसल, एक जोड़ी कॉर्निया दान करने से चार लोगों को मदद मिल सकती है। श्रीलंका ने दान के माध्यम से कॉर्नियल ब्लाइंडनेस को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है। विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने कई साल पहले एक मेडिकल अस्पताल में एक कंकाल देखा था, जिसे छात्रों द्वारा अत्यधिक सम्मानित किया गया था, क्योंकि वे वहां एक प्रोफेसर थे, जिन्होंने अध्ययन उद्देश्यों हेतु मानव–शरीरों के अभाव को देखकर स्वयं को,मृत्यु होने पर, दान कर दिया था। कुमार कहानी से बेहद प्रभावित हुए, और उन्होंने दधीचि देह दान समिति की स्थापना करने का फैसला किया, जिसने वर्षों से जन–जागरूकता के लिए काम किया और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद से सराहना प्राप्त की। यह समिति अब अंगदान की व्यापक स्वीकृति को बढ़ावा देने के लिए देश भर के कई गैर सरकारी संगठनों से जुड़ रही है।





आरएसएस के दिग्गज नानाजी देशमुख और उनके जैसे कई दिग्गजों ने आगे चिकित्सा अनुसंधान व अध्ययन में मदद के लिए अपने शरीर को दान कर दिया है। हालांकि भारत चिकित्सा संस्थानों की क्षमता को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, वहीं मेडिकल छात्रों को दुनिया में सबसे अच्छी सुविधाओं के साथ पढ़ाई करने में मदद के लिए मानव–शरीरों की अधिक आवश्यकता होगी।

दरअसल, अंगदान से जुड़ी कुछ वर्जनाएं हैं। इस अवसर पर उभरने और राष्ट्रीय स्तर पर इस मुद्दे को संबोधित करने में आध्यात्मिक गुरुओं की बहुत बड़ी भूमिका है ताकि सामाजिक परानुभूति देश में एक लोकप्रिय गुण बन जाए। हालांकि एम्स जैसे प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में अंग पुनर्प्राप्ति के लिए इकाइयां हैं, मगर ऐसे और अधिक केंद्र स्थापित करने की अधिक आवश्यकता है, और संभवत: राजधानियों में उन्हें खपाने के बाद प्रशिक्षित जनशक्ति और आवश्यक उपकरणों के साथ देश के हर जिले में उभरने हेतु इस तरह के बुनियादी ढांचे के लिए प्रयास किए जा सकते हैं।

इसके अलावा, देश में अंगदान को बढ़ावा देने हेतु एक साथ काम करने के लिए गैर सरकारी संगठनों व नागरिक समाज के समन्वय व सहयोग के लिए एक नया मंच बनाने की भी आवश्यकता होगी, जिसमें पुराने चले आ रहे मिथकों को तोड़ने पर मुख्य ध्यान दिया जाएगा। साथ ही, यह उचित होगा कि जिन लोगों ने ऐसे संस्थानों में मेडिकल छात्रों की पढ़ाई हेतु अपने शरीर को किसी प्रतीकात्मक रूप में दान किया है, उनके लिए सामाजिक स्मरणोत्सव के प्रावधान हो सकते हैं, जो अंगदान को बढ़ावा देने के अभियान को और अधिक गति दे सकते हैं।

शरीर व अंगों के दान की आवश्यकता के लिए लोगों में जागरूकता को बढ़ावा देने के तरीकों का नेतृत्व करने हेतु राजनीतिक नेताओं ने व्यक्तिगत मिसालें स्थापित की हैं, लेकिन यह अधिक महत्वपूर्ण होगा कि वे अभियान की जिम्मेदारी उठाएं ताकि अंगों की बेहद लंबी प्रतीक्षा सूची और चिकित्सा संस्थानों में अनुसंधान–प्रयोजनों के लिए मानव शरीरों की कमी के सामाजिक लक्ष्य के मसले को हल करने के लिए गति मिल सके। ।

कुछ द्रष्टाओं, राजनीतिक व कॉर्पोरेट नेताओं ने इस मसले को समर्थन देने की मांग की है, लेकिन अभी भी लक्ष्य के प्रति लोकप्रिय स्वीकार्यता बनने में एक बड़ा अंतर मौजूद है। अब, जब राज्यों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को अपनाया जा रहा है, तो यह जांचना सार्थक हो सकता है कि क्या हमारे पास एक ऐसा पाठ्यक्रम हो सकता है जो बच्चों को उनकी पढ़ाई के उपयुक्त स्तर पर अधिक संवेदनशील बनाने में मदद कर सके।

## आप की बात

### ध्यानचंद का योगदान

**29 अगस्त 1905** को प्रयागराज में जन्मे हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में सारे देश में मनाया जाता है। इस महान खिलाड़ी ने भारत को तीन ओलंपिक खेलों की प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक दिलाया था, जब देश गुलामी की जंजीरों से जकड़ा था। इस हॉकी के जादूगर ने अपने जीवन में एक हजार से अधिक गोल किये थे। विश्व के इस महान खिलाड़ी को सरकार ने पद्मभूषण अलंकरण से अलंकृत किया था। इस महान खिलाड़ी के नाम से हॉकी की खेल प्रतियोगिताएं और स्टेडियम बनाये गए है। देश में प्रतिवर्ष इसी दिन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को अर्जुन, द्रोणाचार्य आदि पुरस्कारों से राष्ट्रपति भवन में सम्मानित किया जाता है। अपने देश के लिये स्वर्णिम विजय दिलाने वाले इस खिलाड़ी ने पद और पैसे को महत्व नहीं दिया। पिछले कई वर्षों से इस खिलाड़ी को भारत रत्न देने की मांग की जा रही है। लेकिन सरकार ने कोई ध्यान नही दिया। हॉकी के महान खिलाड़ी को भारत रत्न देकर सरकार को लोगों को वर्षो पुरानी मांग को पूरा करना चाहिये, जो युवाओं के लिये प्रेरणादायक सिद्ध होगी।

–**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

### बच्चियों से बलात्कार

**बच्चियों** से दुष्कर्म के मामले में मध्य प्रदेश पूरे देश में नंबर वन है। उसके दामन पर लगा यह बदनुमा दाग बहुत ही शर्मनाक एवं लज्जाजनक है। लोक लाज के डर से जो लोग दुष्कर्म की शिकायत थानों में नहीं करते हैं उनका भी आंकड़ा अगर इसमें शामिल कर लिया जाए तो स्थिति भयावह नजर आती है। यह खुलासा नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की ताजा रिपोर्ट में हुआ है। पारिवारिक एवं सामाजिक स्तर पर बढ़ रही जागरूकता के बावजूद यौन उत्पीड़न के मामले कम नहीं हो पा रहे हैं। सरकार पुलिस और प्रशासन को दुष्कर्म के मामलों में त्वरित कार्यवाही करनी चाहिए। नाबालिग एवं छोटी बच्चियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लड़कियों को स्कूल स्तर से ही दिया जाना चाहिए। गुड टच एवं बेड टच की थ्योरी को जागरूकता के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा से ही प्रचारित करने की आवश्यकता है। दुष्कर्म का अपराध गैर–जमानती हो एवं फास्ट ट्रैक कोर्ट से सख्त सजा का प्रावधान हो। छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म करने वाले अपराधियों को मृत्युदंड दिया जाना चाहिए।

–**ललित महालकरी,** इंदौर

### अंकिता की हत्या

**झारखंड** में 16 वर्ष की मासूम लड़की अंकिता की निर्मम हत्या से पूरा देश आक्रोशित है। इस लड़की से छेड़छाड़ शाहरुख पहले से कर रहा था। पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। पर ना तो शाहरुख पर कोई कार्रवाई की गई और न अंकिता को कोई सुरक्षा प्रदान की गई। उस गुंडे का दुस्साहस तो देखिये उसने घर में घुसकर पेट्रोल डालकर अंकिता को जला दिया। वह 90 प्रतिशत जल गई थी, पर उसको ऐसे अस्पताल में भर्ती करा दिया गया, जहां इलाज की न्यूनतम सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं थीं। यदि अंकिता को दिल्ली के बड़े अस्पताल में भर्ती किया गया होता तो शायद वह अभी अपने परिवार के मध्य होती। वहां के डीएसपी ने अंकिता की रिपोर्ट पर कार्रवाई करने की आवश्यकता ही नहीं समझी। इस तरह के तत्वों के खिलाफ पूरे देश के नागरिकों को जाति–धर्म से परे उठकर आगे आना होगा। अन्यथा अंकिता जैसी कई मासूम ऐसे ही अकाल मरती रहेंगी। संभ्रांत लोगों को ऐसी घटनाओं की कड़ी निंदा करनी चाहिए। पुलिस प्रशासन को अधिक संवेदनशील बनाना चाहिए।

–**सदन जी**, पटना

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हम** मामले सुनने की एक पारदर्शी व्यवस्था स्थापित कर रहे हैं।

– **उदय उमेश ललित**
भारत के प्रधान न्यायाधीश



**कांग्रेस** ने जी 23 पत्र के बाद से ही मेरे खिलाफ भावना बना रखी है। मोदी केवल बहाना हैं।

– **गुलाम नबी आजाद**
पूर्व कांग्रेस नेता



**नाभिकीय** सुरक्षा मुद्दों पर बात किए बिना समझौते का कोई अर्थ नहीं है।

– **इब्राहीम रईसी**
ईरान के राष्ट्रपति

## पीएम मोदी के जन्म दिवस को पार्टी सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी

# 2019 में जहां हारे थे वहां 2024 में कमल खिलाएगी भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, गाजियाबाद



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पश्चिम क्षेत्र की क्षेत्रीय समिति के साथ जिलाध्यक्षों व जिला प्रभारियों की बैठक को संगठन के अभियानों व कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए सम्बोधित किया। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश में 2019 में हारी हुई सीटों को जीतने का संकल्प लेकर काम करेंगी। भारतीय जनता पार्टी सदैव संगठन के विस्तार और भाजपा की सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए कार्य करती है। उन्होंने कहा कि आगामी 17 सितंबर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के जन्म दिवस से 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती तक पार्टी सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी और 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को बूथ स्तर पर पार्टी मनाएगी। उन्होंने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की भाजपा सरकार में भी काम किया है और आज प्रदेश अध्यक्ष के रूप में यह पहली बैठक ले रहा हूं। भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो एक साधारण कार्यकर्ता को आगे बढ़ाती है। अन्य पार्टियों पर अगर नजर डाल कर देखें तो उनके यहां वंशवाद का बोलबाला है। उन्होंने आवाहन करते हुए कहा कि आने वाले निकाय चुनावों के दृष्टिगत हमें पूर्ण विजय लक्ष्य को लेकर चुनाव लड़ना है। उन्होंने कहा कि जनता के लिए सुरक्षा, बिजली, पानी और सड़क तथा गांव, गरीब, किसान की सामाजिक व आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही प्रदेश भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा सार्वजनिक स्थानों पर होनी चाहिए क्योंकि हमारी सरकार उत्तर प्रदेश की बेहतरी के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सपा.बसपा की सरकारों ने शुगर मिलें बेची थी जबकि हमारी सरकार ने कोरोना जैसी बीमारी में भी शुगर मिलों को बचाने का काम किया और चलाने का काम किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आज सरकार नगरीय क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों का भी सर्वांगीण विकास करने में कार्यरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के मान सम्मान से प्राप्त की ताकत के आधार पर विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हम आगामी चुनावों में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेंगे।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि हमें अपने मंडलों को आदर्श और सशक्त बनाना होगा। अपनी बूथ समितियों को सक्रिय रखने के लिए संगठन द्वारा चलाए गए सभी आयामों की पुनरावृत्ति होती रहनी चाहिए। उन्होंने मन की बात और संगठन द्वारा प्रस्तावित महापुरुषों की जयंती को बूथ पर मनाने पर जोर दिया। पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति शत प्रतिशत होनी चाहिए। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल ने तथा संचालन महामंत्री हरीश ठाकुर ने किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने मुलाकाता की और इस दौरान कई राजनीतिक मसलों पर चर्चा हुई

# शिवपाल-डीपी यादव ने मिलकर दलितों-पिछड़ों के लिए बनाया संगठन

- यदुकुल पुनर्जागरण मिशन के तले सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**उप्र** के पेरियार कहे जाने वाले जाने-माने विचारक और 'सच्ची रामायण' नामक प्रसिद्ध ग्रंथ लिखने वाले ललई सिंह यादव के जन्मदिन के अवसर पर प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल यादव और पश्चिमी यूपी के बाहुबली नेता डीपी यादव ने यादव समुदाय के लिए एक नए संगठन की घोषणा की है। माल एवेन्यू स्थित प्रसपा कार्यालय में बृहस्पतिवार को आयोजित बैठक में शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि हम यहां यदुवंश पुनर्जागरण मिशन तहत एकत्र हुए हैं। आज समाज के सभी पिछड़े लोग परेशानियों का सामना कर रहे हैं। हम सब मिलकर सामाजिक न्याय के लिए लड़ेंगे। इस संगठन विस्तार पूरे देश में करेंगे। हम किसी भी पार्टी का समर्थन या विरोध नहीं करेंगे। शिवपाल ने कहा कि यदुकुल में केवल यादव समाज ही शामिल नहीं है, अपितु पिछड़े और दलित वर्गों की अन्य जातियां भी शामिल हैं। डीपी यादव की अध्यक्षता में बने इस संगठन ने मुझे संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। इस जिम्मेदारी को पूरे मनोयोग से निभाने की कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना कराना, अहिर रेजीमेंट बनाना, बेरोजगारों को सरकारी नौकरी दिलाना या फिर उनको प्रति महीना देश की समृद्धि में आर्थिक हिस्सेदारी दिलाना, न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून बनवाना आदि हमारा मिशन है।

डीपी यादव ने कहा कि यदुकुल पुनर्जागरण मिशन उन लोगों की आवाज बनेगा और उन लोगों को आगे बढ़ाने का काम करेगा जो पिछड़े हैं और वंचित हैं। खासकर के युवकों को सभी स्तर की इकाइयों में तरजीह दी जाएगी। बैठक में मिशन के संस्थापक सदस्य भरत गांधी के साथ ही सरोजनीनगर के पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव, ठाकुरद्वारा के पूर्व विधायक विजय सिंह यादव, बिसवां के पूर्व विधायक रामपाल यादव, उन्नाव के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार यादव, प्रसपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य यादव और फर्रुखाबाद के पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह यादव सहित यदुवंशी समाज के तमाम नेता उपस्थित थे।

# भाजपा के कारण खतरे में है सामाजिक सद्भावः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के कारण सामाजिक सदभाव खतरे में है। तनाव से प्रदेश में डर व्याप्त है। साम्प्रदायिक कुप्रचार पर लगाम नहीं है। ऐसे में प्रदेश में कानून व्यवस्था के लगातार बिगड़ने के अलावा और क्या उम्मीद की जा सकती है। भाजपा राज में न तो अपराधिक घटनाओं को सही से दर्ज किया जाता है और नहीं अराजकतत्वों पर अंकुश लगता है। महिलाएं लगातार अपमानित हो रही हैं और बच्चियां सबसे ज्यादा दुष्कर्म की शिकार हो रही है।

अखिलेश ने कहा कि निर्दोषों का उत्पीड़न होता है और दोषियों का बाल बांका भी नहीं होता है। क्या यही लोकराज है? भाजपा राज में महिला अपराध में यूपी नम्बर वन है। उत्तर प्रदेश में एनसीआरबी के आंकड़ों में जंगलराज साफ दिखाई पड़ता है। परन्तु भाजपा को आधी-अधूरी रिपोर्ट का ढोल पीटने में संकोच नहीं है। उन्होंने कहा कि नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के अनुसार वर्ष 2021 में 56869 शिकायते दर्ज हुई। इसके मुताबिक रोज 350 साइबर क्राइम के मामले आ रहे हैं। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के तहत उत्तर प्रदेश में आत्महत्या के मामले 2020 के मुकाबले 23 प्रतिशत बढ़े है। 2021 में 5932 ने आत्महत्या की। सपा अध्यक्ष ने कहा कि सत्ता संरक्षित अपराधी निरंतर बहन-बेटियों के साथ नृशंस अत्याचार कर रहे हैं। अपराधियों से मित्रता और झूठ बोलना ही भाजपाइयों का चरित्र है। कानपुर में हिस्ट्रीशीटर को उपमुख्यमंत्री का आशीर्वाद देते चित्र सामने है। ट्विटर पर अनर्गल टिप्पणी करने वाले उपमुख्यमंत्री की पोल खुल गई है। मुख्यमंत्री ने जिस दिन कहा छेड़छाड़ के कारण स्कूल नहीं जाने वाली छात्राएं अब भयमुक्त है उसी दिन राजधानी में लखनऊ के गोमती नगर में छेड़खानी से तंग कक्षा आठ की छात्रा ने स्कूल छोड़ने की खबर सुर्खियों में थी।

## पहले परिवार में सदभाव बनाएं फिर प्रदेश की बात करें:भूपेंद्र

**लखनऊ।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने सपा मुखिया पर तंज कसते हुए कहा कि जो अपने परिवार में सामाजिक सद्भाव नहीं बना पाया, वह प्रदेश में सदभाव की बात कर रहा है। उन्होंने सपा मुखिया को सलाह देते हुए कहा कि पहले वह परिवार में सद्भाव बनाएं फिर प्रदेश की बात करें। एनसीआरबी के डेटा इस बात के गवाह हैं कि प्रदेश ने कानून व्यवस्था के मामले में मिसाल कायम की है। यूपी मॉडल को दूसरे राज्य अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया को रह-रह कर सपा सरकार का जंगलराज याद आता है। इसीलिए वह बार-बार प्रदेश में कानून व्यवस्था की बात करते रहते हैं। जबकि सपा सरकार के दौरान आम आदमी थानों में, तो महिलाएं और बेटियां घर से बाहर निकलने में डरती थीं। हाल ही में आए एनसीआरबी के आंकड़े प्रदेश में कानून व्यवस्था में व्यापक पैमाने पर आए सुधारों की गवाही दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में प्रदेश में रोजाना दंगे होते थे जबकि अब प्रदेश दंगा मुक्त हो चुका है। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों में भी कमी आई है। इतना ही नहींए प्रदेश से संगठित अपराध समाप्त हो चुका है और माफिआओं पर सरकार पूरी सख्ती से कार्रवाई कर रही है। श्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पहले दिन से प्रदेश में अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। और भविष्य में भी अपनाई जाएगी। अपराधी छोटा हो या बड़ा, कानून के हिसाब से बिना भेदभाव के कार्रवाई जारी रहेगी

## योजना बंद करना भाजपा का छलावाः कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यसभा** सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि प्रदेश में सरकार द्वारा गरीबों एवं आम आदमी के लिए शुरू की गई मुफ्त राशन वितरण योजना को बन्द करना जनता के साथ बीजेपी का एक और छलावा तथा बड़ा धोखा एवं विश्वासघात है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रदेश सरकार की तरफ से राशन के कार्ड धारकों को दिए जाने वाले राशन, खाद्यान्न के लिए अब भुगतान करने का फैसला बीजेपी की मुफ्त राशन योजना का लालीपॉप आखिर चुनावी स्टंट ही साबित हुआ। प्रदेश सरकार द्वारा लिए गए ताजा निर्णय से अब प्रदेश के गरीब एवं मध्यम वर्ग के लाभार्थियों को गेहूं 2.0 रुपए प्रति किलो और चावल 3.0 रुपए प्रति किलो की दर से भुगतान करना पड़ेगा। तिवारी ने कहा है कि बीजेपी को यह मालूम है कि उत्तर प्रदेश में अभी विधान सभा का चुनाव साढ़े चार वर्ष बाद ही होगा और लोकसभा का चुनाव भी अभी सालों दूर है, ऐसे स्थिति में चुनावी लाभ के लिए भाजपा सरकार को गरीबों को अभी मुफ्त राषन वितरण करने की कोई आवश्यकता नहीं है। चुनाव के समय बीजेपी बार-बार कह रही थी कि प्रदेश की जनता को अनवरत मुफ्त राशन योजना से लाभान्वित किया जाता रहेगा। जबकि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल बार. बार सरकार की नीयति को खोटा बताते हुये इसे चुनावी लाली पॉप ठहरा रहे थे।

## एसीपी गाजीपुर हटाए गए

**लखनऊ।** बृहस्पतिवार की शाम पुलिस कमिश्नरेट ने चार एसीपी स्तर के अधिकारियों को हस्तांरण किया है। पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर ने एसीपी गाजीपुर को हटाकर सहायक पुलिस आयुक्त लेखा बनाया है और उनके स्थान पर एसीपी अलीगंज विजय राज सिंह को पोस्ट किया है जबकि काकोरी एसीपी आशुतोष कुमार को सहायक पुलिस आयुक्त अलीगंज तथा उनके स्थान पर सहायक पुलिस आयुक्त निद्य विक्रम सिंह को काकोरी की जिम्मेदारी सौंपी है।

## डिप्टी सीएम केशव ने सोनभद्र का किया दौरा

# पात्र लोगों को ही दिया जाए योजनाओं का लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, सोनभद्र

- ग्राम्य विकास के कार्यक्रमों से गांव की बदलेगी तस्वीर गांवो का होगा कायाकल्प



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को सोनभद्र का सघन दौरा किया। सोनभद्र के ग्राम पुसौली रोड पर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा नवनिर्मित पं दीन दयाल उपाध्याय द्वार का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। सोनभद्र के गौ आश्रम स्थल राबट्र्सगंज का निरीक्षण किया। संयुक्त चिकित्सालय लोढ़ी का निरीक्षण कर चिकित्सकों की उपस्थिति पंजिका, ओपीडी कक्ष, इमरजेंसी व जनरल वार्डों आदि का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की साथ ही मरीजों व उनके तीमारदारों से स्वास्थ्य का हालचाल लिया। सोनभद्र में शक्ति केंद्र संयोजक संतोष भारती के आवास पर जाकर भोजन किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित प्रतीकात्मक घर की चाबी प्रदान की गौ आश्रय में गोवंश के रखरखाव की व्यवस्था का जायजा लिया तथा गोवंश के लिए चारे की व्यवस्था एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। केशव प्रसाद मौर्य ने सोनभद्र के कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के प्रमुख उद्यमियों के साथ उद्योग को बढ़ावा देने संबंधी विषयों पर संवाद किया कहा कि सरकार ने प्रदेश के सभी जनपदों में उद्यमियों के निवेश के लिए एक अच्छा माहौल उत्पन्न किया है। सिंगल विण्डो क्लीयरेंस योजना की वजह से उद्यमियों को काफी सुविधा मिली है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जिले की विकास परियोजनाओं एवं कानून व्यवस्था आदि विषयों पर समीक्षा बैठक की। कलेक्ट्रेट सभा में प्रधानमंत्री आवास की प्रतीकात्मक चाबी और प्रमाण पत्र देते हुए और मोटर दुर्घटना बीमा के 5 लाख रूपए की चेक प्राप्त कर चुके लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अधिकारी पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता के साथ विकास व निर्माण कार्यों को मुकम्मल अन्जाम दें। ग्राम्य विकास के कार्यक्रमों से गांव की बदलेगी तस्वीर बदलेगी और गांवों कायाकल्प होगा।

# ड्रोन तकनीक से होगा कृषि का कायाकल्प

- कृषि मंत्री ने रहीमाबाद में सैकड़ों किसानों की मौजूदगी में किया कृषि ड्रोन का डेमोंसट्रेशन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कृषि ड्रोन डेमोंसट्रेशन कार्यक्रम में ड्रोन तकनीक को कृषि का कायाकल्प करने वाली तकनीक बताया। इस दौरान कृषि ड्रोन निर्माता कंपनी के विशेषज्ञों ने किसानों को कृषि ड्रोन के लाभ और उपयोग करने के तरीकों के विषय में विस्तार से बताया। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश के किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए कृषि क्षेत्र में इजाद की जाने वाली हर नई तकनीक को किसान के खेत तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिससे किसानों के समय, धन तथा श्रम की बचत होगी और वे उच्च गुणवत्ता वाला उत्पादन प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ड्रोन टेक्नोलॉजी के माध्यम से कृषि क्षेत्र में हानिकारक रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग को घटाकर उनके स्थान पर तरल नैनो दवाओं व उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि 1 एकड़ भूमि के लिए नैनो यूरिया के आधे लीटर का घोल पर्याप्त है। वर्तमान में इसके लिए कई किलो ठोस यूरिया का प्रयोग किया जाता है। नैनो तरल दवाओं तथा उर्वरकों के उपयोग से मानव स्वास्थ्य तथा मिट्टी दोनों को बचाया जा सकता है। कृषि मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से केंद्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश को कुल 32 ड्रोन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इनमें से 4 कृषि विवि को, 10 कृषि विज्ञान केंद्रों को तथा शेष 18 आईसीएआर के संस्थानों को उपलब्ध कराए जाएंगे। 32 ड्रोनों के द्वारा प्रदेश भर में कुल 8 हजार हेक्टेयर भूमि पर डेमोंसट्रेशन किया जाना है। इन ड्रोनों को खरीदने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 5 करोड़ 60 लाख रुपयों की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। श्री शाही ने बताया कि ये कृषि ड्रोन प्रदेश के कृषि स्नातकों को 50 प्रतिशत अनुदान पर तथा कृषि उत्पादन संगठनों को ऑपरेटिव सोसाइटीज को 40 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस प्रकार किसी कृषि स्नातक को लगभग 10 लाख रुपए मूल्य के इस ड्रोन के लिए केवल 5 लाख रुपए चुकाने होंगे। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में प्रदेश के अलग-अलग स्थानों में किसानों को जागरूक करने के लिए ड्रोन डेमोंसट्रेशन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 300 किसानों को इस तकनीक के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि ड्रोन छिड़काव से किसानों को केवल सात मिनट में एक एकड़ खेत में स्प्रे करने में मदद मिल सकती है। कंपनी का दावा है कि वह भारत के 13 राज्यों में ड्रोन छिड़काव के बारे में 10 हजार से अधिक किसानों को प्रशिक्षित करेगी।

# महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में सजा दिलाने में यूपी फिर टॉप पर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**महिलाओं** के विरुद्ध अपराधों में सजा दिलाने में उत्तर प्रदेश फिर देश में प्रथम स्थान पर रहा है। एडीजी अभियोजन आशुतोष कुमार पांडेय ने बताया कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में उत्तर प्रदेश में 59.1 प्रतिशत सजा की दर पूरे देश के समस्त राज्यों में सर्वाधिक है और यह राष्ट्रीय औसत 26.6 प्रतिशत सजा की दर से दुगुने से भी अधिक है। उन्होंने बताया कि पूरे देश में दूसरे स्थान पर बिहार में सजा का दर 53.1 प्रतिशत, तीसरे स्थान पर राजस्थान में 45.2 प्रतिशत, चौथे स्थान पर मध्य प्रदेश में 33.5 प्रतिशत एवं पांचवे स्थान पर छत्तीसगढ़ में 30.9 प्रतिशत है। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में उत्तर प्रदेश में पूरे देश में सर्वाधिक 7713 मामलों में सजा करायी गई जो पूरे देश के समस्त राज्यों में सज़ा कराए गए 22874 मामलों का एक तिहाई है । दूसरे स्थान पर राजस्थान में 4180 एवं तीसरे स्थान पर मध्य प्रदेश में 4057 मामलों में सजा करायी गई। एडीजी ने बताया कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा प्रकाशित क्राइम इन इंडिया 2021 के आंकड़ों के अनुसार आईपीसी और एसएलएल (विशेष और स्थानीय कानून) अपराधों के लिए विभिन्न न्यायालयों द्वारा सबसे कम समय में परीक्षण पूरा करने की अवधि में भी उत्तर प्रदेश पूरे देश में प्रथम स्थान पर है । जनपद एवं सत्र न्यायालय में मात्र एक माह में पूरे देश में सबसे अधिक 1310 मामलों में सजा उत्तर प्रदेश में हुई है जो पूरे देश में हुई सजा का 50 प्रतिशत है। दूसरे स्थान पर 803 सजा केरल में और तीसरे स्थान पर 224 सजा महाराष्ट्र में हुई है। इसी प्रकार फास्ट ट्रैक न्यायालयों द्वारा भी मात्र एक माह में पूरे देश में सबसे अधिक 202 मामलों में सजा उत्तर प्रदेश में हुई है जो पूरे देश में हुई सजा का 67 प्रतिशत है । दूसरे स्थान पर 72 सजा आन्ध्र प्रदेश में और तीसरे स्थान पर 10 सजा तमिलनाडु में हुई है । फास्ट ट्रैक न्यायालयों द्वारा एक से तीन माह में सजा कराने में भी उत्तर प्रदेश 417 मामलों में सजा कराकर पूरे देश में प्रथम स्थान पर है और दूसरे स्थान पर 72 सजा आन्ध्र प्रदेश में और तीसरे स्थान पर 10 सजा तमिलनाडु में हुई है। विशेष न्यायालयों द्वारा भी मात्र तीन माह में सजा कराने में भी उत्तर प्रदेश 2195 मामलों में सजा कराकर पूरे देश में प्रथम स्थान पर है और दूसरे स्थान पर 998 सजा मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में हुई है। एससीएसटी न्यायालयों द्वारा भी मात्र तीन माह में सजा कराने में भी उत्तर प्रदेश 170 मामलों में सजा कराकर पूरे देश में प्रथम स्थान पर है और दूसरे स्थान पर 106 सजा मध्य प्रदेश में और तीसरे स्थान पर 40 सजा राजस्थान में हुई है।

## दस पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले

**लखनऊ।** शासन ने पुलिस उपाधीक्षक स्तर के दस पीपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इनमें अभय प्रताप मल्ल को खीरी से सहायक पुलिस आयुक्त लखनऊ नगर, गिरिजा शंकर त्रिपाठी को मुजफ्फरनगर से जालौन, रामाशीष यादव को सोनभद्र से मुजफ्फरनगर, विजय आनन्द को जालौन से उन्नाव, जगदीश लाल टम्टा को अंबेडकरनगर से शाहजहांपुर, पंकज कुमार श्रीवास्तव को लखनऊ नगर से पीटीएस मेरठ, प्रदीप कुमार यादव को सिद्धार्थनगर से फूड सेल, मेरठ, जयराम को अभिसूचना मुख्यालय से सिद्धार्थनगर, रमेश चंद्र पांडेय को सिद्धार्थनगर से सहायक पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर और पीतम पाल सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर से पुलिस उपाधीक्षक खीरी के पद पर नई तैनाती प्रदान की गई है।

## समन्वय बैठक 10 से

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रेरित समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत विविध संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों की समन्वय बैठक 10 से 12 सितंबर को रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित हो रही है। यह अखिल भारतीय स्तर की व्यापक समन्वय बैठक प्रतिवर्ष एक बार आयोजित होती है। बैठक में सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत एवं सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित संघ के पाँचों सह सरकार्यवाह तथा अन्य प्रमुख पदाधिकारी सहभागी होंगे। इनमें भारतीय मज़दूर संघ के हिरण्यमय पंड्या व बी सुरेंद्रन, विश्व हिंदू परिषद के आलोक कुमार व मिलिंद परांडे, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आशीष चौहान व निधि त्रिपाठी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा व बीएल संतोष तथा भारतीय किसान संघ के दिनेश कुलकर्णी, विद्याभारती के रामकृष्ण राव एवं जीएम काशीपती, राष्ट्र सेविका समिति से शांतक्का तथा अन्नदानम् सीताक्का, वनवासी कल्याण आश्रम के रामचन्द्र खराडी व अतुल जोग सहित कुल 36 संगठनों के प्रातिनिधिक रूप में कुछ पदाधिकारी इसमें सहभागी होंगे।

# टर्मिनल बिल्डिंग व रनवे का कार्य प्रारम्भ हो चुका हैः सीईओ



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड नॉयल की 14वीं बोर्ड बैठक आज लोकभवन में सम्पन्न हुई। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की इस बोर्ड बैठक में नोएडा इंटरनेशनल ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट ज़ेवर के विकास के सम्बन्ध में हुई प्रगति को प्रस्तुत किया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा एयरपोर्ट डा अरुण वीर सिंह ने बोर्ड के समक्ष एजेंडा प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुतीकरण में मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा बताया गया की विकासकर्ता ज़ुरिक एयरपोर्ट की एसपीवी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने परियोजना के लिए डेवलपमेंट प्लान के अनुसार एयरपोर्ट के विकास के लिए ईपीसी कॉन्ट्रैक्टर टाटा प्रोजेक्ट ने टर्मिनल बिल्डिंग और रनवे का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। ज़ेवर एयरपोर्ट सितम्बर 2024 में पूर्ण होगा। ज़ेवर एयरपोर्ट के लिए पेयजल और मल्टी मॉडल कार्गो के सम्बन्ध में भी चर्चा की गई। बैठक में सीईओ ग्रेटर नोएडा सीईओ नोएडा और निदेशक नागरिक उड्डयन ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग से प्रतिभाग किया तथा सचिव औद्योगिक विकास और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड नॉयल के नोडल ऑफिसर शैलेंद्र भाटिया बैठक में उपस्तिथ रहे।

# मंत्रियों ने दिए अफसरों को निर्देश

## विभागीय क्रियान्वयन को लेकर की समीक्षा बैठक

संवाददाता। सीतापुर

**जनपद के** दो दिवसीय दौरे पर मंत्री लोक निर्माण विभाग जितिन प्रसाद, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग कपिल देव अग्रवाल, राज्यमंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग मयंकेश्वर शरण सिंह ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मंत्रीगणों ने लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की एवं सड़कों की मरम्मत में आवंटित धनराशि, व्यय हुयी धनराशि की जानकारी अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग से ली। उन्होंने कहा कि जो भी सड़कें मरम्मत करने योग्य है उनका दुरूस्तीरण करा दिया जाये ताकि शतप्रतिशत सड़कें गढ्डा मुक्त हो जायें। मंत्रीगणों ने स्थाई व अस्थाई गौआश्रय स्थलों की जानकारी करते हुये संबंधित को निर्देश दिये कि हरा चारा व भूसे की पर्याप्त मात्रा पशुओं के लिये उपलब्ध रहे तथा जो खाली भूमि पड़ी है उनका चिन्हांकन करते हुये, वहां पर अस्थाई गौआश्रय स्थल बनाये जायें ताकि बेसहारा पशुओं को उसमें रखा जा सके। बैठक में सांसद सीतापुर राजेश वर्मा, विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, जिलाधिकारी



अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग बृजमोहन शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मधु गैरोला, अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी सहित संबंधित समस्त अधिकारीगण मौजूद रहे।

# प्रतियोगिता में चयनित किए गए शिक्षकों दिया गया प्रशस्ति पत्र

संवाददाता। सीतापुर

**राज्य शैक्षिक** अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा राज्य स्तरीय आईसीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें वर्ष 2019-20 एवं 2021-22के चयनित अभ्यर्थियों को प्राचार्य डाइट सीतापुर द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता सर्वप्रथम जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सीतापुर में आयोजित हुई जिसमें वर्ष 2019-2020 में सर्वप्रथम जिला स्तर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सीतापुर में आयोजित प्रतियोगिता में अनुराग कुमार मिश्रा प्राथमिक विद्यालय मुबारकपुर विकास क्षेत्र खैराबाद का जिला स्तर पर चयन के उपरांत राज्य स्तर राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया एवं वर्ष 2019- 20 के आई सी टी विजेता के रूप में राज्य स्तर द्वारा चयनित



किया गया। समान प्रक्रिया से योगेंद्र पांडे सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय जमैय्यतपुर खैराबाद वर्ष 2021-22 के विजेता के रूप में चयन किया गया। शिक्षकों को योजनाबद्ध तरीके से शिक्षण कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा वर्ष 2020 के चतुर्थ राज्य स्तरीय आदर्श पाठ योजना में पुष्पेंद्र बहादुर शर्मा सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय गोराईपुर विकास क्षेत्र परसेंडी का हिंदी विषय में चयन किया गया ,प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक ,जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जनपद सीतापुर, बीएसए अजीत कुमार द्वारा राज्य स्तर से विजेताओं की जीत पर अत्यंत हर्ष व्यक्त करते हुए राज्य स्तरीय प्राप्त प्रमाण पत्रों को विजेताओं को प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए उक्त विजेताओं को शुभकामनाएं दी गई एवं मेहनत से भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन हेतु कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## क्विक न्यूज

### एबीएसए रामकिशोर का हुआ विदाई समारोह



**सीतापुर।** महमूदाबाद के खंड शिक्षाधिकारी रामकिशोर का विदाई समारोह बीएसए कार्यालय पर आयोजित हुआ, जिसमें उन्होंने अपने कार्यकाल के बारे में भी सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग से जुड़े हर अधिकारी को लग्न के साथ कार्य करना चाहिए। हर अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी का यह दायित्व होना चाहिए कि जो भी कार्य उससे जुड़े हों उसको प्राथमिकता के साथ निपटाए। उनके विदाई समारोह पर बीएसए अजीत कुमार ने भी उनकी सराहना की। विदाई समारोह के मौके पर सरोज कुमार, बीईओ संजय, शिवेश, पुष्पराज कुशवाहा, सुशील कुमार, आशुतोष कुमार, राधेश्याम सहित तमाम अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। 25 साल के कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त हुए बीईओ रामकिशोर ने कहा कि काम से कभी भागना नहीं चाहिए।

### छात्राओं ने भगवान गणेश जी के विभिन्न पहलुओं एवम अवतारों को दर्शाया गया

**बरेली।** गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर सोबतीस पब्लिक स्कूल में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । छात्रों द्वारा भगवान गणेश जी के विभिन्न पहलुओं एवम अवतारों को दर्शाया गया । छात्र-छात्राओं द्वारा गणेश जी का वंदन विभिन्न नृत्य प्रस्तुतियों के द्वारा किया गया । छात्र-छात्राओं द्वारा गणेश जी के जन्म, उन्हें हाथी का शीश लगाने और गणेश जी के बाल्यकाल की घटनाओं को नृत्य प्रस्तुति के द्वारा दर्शाया गया, जिसके कारण पूरा वातावरण गणपति बप्पा मोरया के जयघोष में भक्तिमय हो गया । प्रधानाचार्या गुंजन साहनी एवम सभी शिक्षकों ने छात्रों के साथ गणेश जी की स्तुति की और गणेश जी के विषय में छात्रों को बताया ।

### अधिवक्ता संघ के ज्ञापन का डीएम ने लिया संज्ञान

**लखीमपुर खीरी।** जिला अधिवक्ता संघ लखीमपुर खीरी ने डीएम को संबोधित एक ज्ञापन में मूल्यांकन सूची में अत्याधिक वृद्धि के विरोध में एक माह से अधिक अवधि से चल रहे धरना एवं कार्य बहिष्कार का उल्लेख करते हुए मांग की है कि नवीन मूल्यांकन सूची में संपत्तियों की बढ़ाई गई अप्रत्याशित दरें एवं सामान्य निर्देशों में संशोधन किया जाए। उक्त ज्ञापन के संदर्भ में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी गठित की है जिसमें अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उप जिलाधिकारी सदर आईजी स्टांप शामिल है। उक्त गठित समिति विभिन्न पक्षों से वार्ता करके सभी महत्वपूर्ण बिंदुओ व जिला अधिवक्ता संघ द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन पर विस्तृत रिपोर्ट डीएम को सौपेगी।

### प्रतिबन्ध के बाबजूद भी लगा पशु बाजार

**औरंगाबाद.खीरी।** थाना मैगलगंज के ग्राम गुरुदेव खे?ा में बीमारी की चेतावनी के बावजूद भी सुयोजित तरीके से लगाया गया पशु बाजार। बाजार में दूरदराज से व्यापारियों ने लिया बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस बात की जानकारी जब उच्च अधिकारियों को दी गई तब अधिकारियों ने वही पुराना राग अलाप कर कहा जल्द ही जाँच कर इस विषय पर कार्यवाही की जाएगी।इसी वावत जब मितौली पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुपम सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पशुओं की घातक बीमारी लम्पी के चलते पशु बाजार व पशुओ के ट्रांस्पोरेसन पर रोक लगी है।कई जिलों में इस बीमारी के चलते काफी संख्या में जानवरों की मौत हो चुकी है।पशु बाजार संरक्षक रिजवान हैदर ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है।फिलहाल गुरुदेव खेड़ा के किसी लल्लू के द्वारा इस बाजार को संचालित किया जा रहा था।अब देखने वाली बात यह है कि मैगलगंज कोतवाली के महज तीन किलोमीटर की दूरी पर इतने बड़े बाजार का संचालन कैसे हो रहा था।

### धूमधाम से मनाई गई गणेश चतुर्थी

**निघासन खीरी।** गणेश चतुर्थी को लेकर बुधवार को नगर मे बडी धूम देखने को मिली। निघासन नगर के सिंगाही रोड स्थित बाजार मौहल्ले व गोपाल पांडेय के आवास पर गजानन को लाया गया। ढोल की थाप पर पूरे उत्साह के साथ कार्यकर्ताओं ने गजानन का स्वागत किया। जगह.जगह पंडालों में रात से ही गणेश चतुर्थी की धूम शुरू हो गई।बुधवार को पूरे विधि विधान के साथ गजानन की पूजा अर्चना कर उन्हें स्थापित किया। कई जगहों पर रोजाना विभिन्न प्रकार की बच्चों की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

# 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सहायक विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## रोजगार सेवकों ने ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

## रेउसा ब्लाक के रोजगार सेवको ने एकत्रित होकर सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। सीतापुर

**रेउसा ब्लाक** के रोजगार सेवक गुरूवार को अपनी मांग को लेकर ब्लाक पर एकत्रित हुए, जिसके बाद उन्होंने 10 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन मुख्यमंत्री को सम्बोधित खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा साथ ही मांगो का समाधान न होने पर धरने की भी चेतावनी दे डाली। ज्ञापन में रोजगार सेवको ने कहा कि अगर सरकार हमारी मांगे न मानेगी तो हम लोग प्रदर्शन करने को बाध्य होगे। उन्होंने कहा कि ज्ञापन में रोजगार सेवकों को रिक्त ग्राम पंचायतों में भी कार्य करने का मौका, कोविड व आकस्मिक दुर्घटना के मृतक आश्रितों को सेवा में समायोजित करना, ईपीएफ कटौती, बिल बाउचर मास्टर रोल पर रोजगार सेवकों को अधिकार व प्रत्येक माह में प्रदेश स्तर पर समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक सहित 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन ज्ञापन सहायक विकास अधिकारी सहकारिता सतेंद्र कुमार त्रिपाठी को दिया है। इस मौके पर ग्राम रोजगार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शरद शुक्ला, हिफाजत अली रंजीत मौर्य, विक्रम पोरवाल, प्रदीप अवस्थी, हरिशंकर मौर्य, प्रदीप दीक्षित, कमलाकांत, श्याम बिहारी गुप्ता, विनीत कुमार मिश्रा, कमलेश बाजपेई, कृष्ण कुमार, बिहारी लाल व रामसहारे सहित रेउसा ब्लाक के सभी ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# किसान महापंचायत में मंत्री और सत्तापक्ष के नेताओं पर तीखे प्रहार

संवाददाता। सीतापुर

**वीओ-सीतापुर** की मिश्रिख तहसील में किसानों ने महापंचायत का आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो किसानों ने पहुंचकर उसमें हिस्सा लिया। महापंचायत की अध्यक्षता किसान नेता प्रदीप शुक्ला श्यामू ने की। महापंचायत में क्षेत्रीय किसानों ने बढचढ़कर हिस्सा लेते हुए विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम



गौरव रंजन श्रीवास्तव को ज्ञापन भी सौंपा व 15 दिन के अन्दर समस्याओं के निस्तारण की मांग भी की। भारतीय किसान यूनियन के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शुक्ल उर्फ श्यामू ने कहा कि ग्राम सभा सहसापुर तहसील मिश्रिख जिस की पैमाइश प्रशासन द्वारा की जा चुकी है लेकिन अभी तक मेड़बंदी नहीं हुई है, मेड़बंदी कराई जाए। विकासखंड मछरेहटा ग्राम पंचायत निघुवामऊ में लगभग 15 पोल जो बिजली के जर्जर हैं, उन्हें तुरंत हटाकर नए पोल लगाए जाएं। सहित तमाम बिन्दुओं को लेकर ज्ञापन देकर समस्या निस्तारण की मांग प्रशासन से की है। इस मौके पर हरिहर मास्टर, रविकांत मिश्रा, परमानंद मिश्रा, मोहित प्रजापति, डॉ सुनील कुमार, धर्मेंद्र सिंह यादव , सत्यपाल प्रधान, राजू प्रधान सहित तमाम किसान मौजूद रहे। सुरक्षा को लेकर कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह, सीओ सुशील कुमार यादव, मछरेहटा कोतवाल रामप्रकाश भी भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

# बीआरसी का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हुआ निलंबित

## बीएसए ने बीईओ को सौंपी जांच

संवाददाता। मितौली खीरी

**बीआरसी पर** तैनात एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को बीएसए ने निलंबित कर दिया है। बीएसए ने यह कार्रवाई शिक्षकों की शिकायत पर की है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पर शिक्षकों के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप है। बीएसए ने इस मामले की जांच बेहजम बीईओ को सौंपी है।

मितौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय मझिगवां में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रोहित कुमार इन दिनों बीआरसी से सम्बंध है। बीएसए को भेजे गए शिकायती पत्र में शिक्षकों ने बीआरसी पर संबंध चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रोहित कुमार पर शिक्षकों के साथ अवस्था करने व अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया था। इस मामले में बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडे ने प्रथम दृष्टया रोहित कुमार को दोषी मानते हुए शिक्षकों के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करनेए गाली गलौज व मारपीट पर आमादा होने एवं परिषदीय दायित्वों का निर्वहन न करने तथा विभागीय आदेशों निर्देशों की अवहेलनाए अनुशासनहीनता लापरवाही आदि करने के लिए दोषी आया है। इस मामले में बीएसए ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए रोहित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

उसे उच्च प्राथमिक विद्यालय लल्हौआ में अपनी उपस्थिति देने को कहा गया है। बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेई ने इस मामले की जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी बेहजम देवेश राय को नामित किया है।

# ऋषि आश्रम में हुआ विश्व हिन्दू परिषद गोरक्षा विभाग की बैठक का आयोजन

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**विश्व हिन्दू** परिषद गोरक्षा विभाग अवध प्रांत के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक ऋषि आश्रम पंजाबी कॉलोनी में हुई है। गोरक्षा विभाग के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य हेमंत एवं क्षेत्रीय प्रमुख पूरन ने कहा कि हिन्दू की आस्था के केंद्र बिन्दू में गौमाता है। गायए गंगा और गांव की रक्षा से ही भारतीय संस्कृति की रक्षा संभव है। संगठन द्वारा गाँव.गाँव में गोरक्षा समितियों का निर्माण व कार्यकर्ताओं तथा किसानों का प्रीक्षण कर हर दरवजे पर गौमाता को पहुंचाने का संकल्प लिया है। बैठक के आयोजक देव जुनेजा रहे। कार्याक्रम के मुख्य अतिथि गोरक्षा विभाग के क्षेत्रीय गोरक्षा प्रमुख पुरन सिंह मुख्य वक्ता हेमंत दुबे एवं विशिष्ठ अतिथि प्रांत गोरक्षा प्रमुख चन्द्रभान सिंह रहे बैठक की अध्यक्षता जिला संरक्षक स0 त्रिलोचन सिंह छाबड़ा ने की । इस अवसर पर चन्द्रभान सिंह ने नवीन



दायित्व की घोषणा करते हुये राष्ट्रीय गोरक्षा आंदोलन समिति में जसंवत राज को जिला संयोजक लखीमपुरए अनुज कश्यप जिला सहसंयोजकए प्रतीत तिवारी जिला सहसंयोजकए सौरभ तिवारी नगर संयोजकए आर्दश वर्मा प्रखण्ड संयोजक लखीमपुर देहातए दुर्गेश राज प्रखण्ड सहसंयोजक लखीमपुर देहातए मोहित दिवाकर प्रखण्ड संयोजक फूलबेहड़ए कैलाश मौर्या प्रखंड सहसंयोजक फूलबेहड़ए मंसाराम प्रखण्ड संयोजक नकहाए धर्म सिंह प्रखण्ड संयोजक बेहजम एवं भारतीय गोवंश रक्षण संवर्धन परिषद में त्रिलोचन छाबड़ा एंव भारतप्रसाद राजवंशी को जिला संरक्षकए बब्बू रस्तोगी को जिला उपाध्यक्ष प्रशांत शुक्ला नगर अध्यक्षए पवन शुक्ला नगर मंत्रीए राजन गुप्ता को प्रखण्ड अध्यक्ष फूलबेहड़ए विवेक शाह को प्रखण्ड मंत्री फूलबेहड़ एवं गौरव गुप्ता को जिला गोविज्ञान परीक्षा प्रमुख नियुक्त किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों गोप्रमी उपस्थित एवं सभी ने गोरक्षा विभाग की समिति को पूरे जनपद में जिला से लेकर खण्ड तक निर्माण करने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय आपदा मोचन बल टीम ने रमिया बेहड़ ब्लॉक में किया कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम

**लखीमपुर खीरी।** जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी की 11 डी टीम ने रमियाबेहड़ ब्लॉक सभागार में खण्ड विकास अधिकारी प्रीति तिवारी की अध्यक्षता में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें ब्लॉक के सभी अधिकारीगणए ग्राम पंचायत अधिकारी क्षेत्रीय ग्राम प्रधानए ग्राम पंचायत सदस्यए क्षेत्रीय आपदा मित्र एवं अन्य कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। 11 एनडीआरएफ वाराणसी के कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में वाराणसी से आयी हुई एनडीआरएफ की 11डी टीम द्वारा जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आपदा प्रबंधन एवम जन.जागरूकता का कार्य किया जा रहा है इसी क्रम में आज एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ टीम ने आपदा प्रबंधन तथा आपदा से बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी एवम प्रशिक्षण दिया। प्रोग्राम मे टीम ने बाढ़ से बचावए सर्पदंश से बचावए आगजनी से बचावए घायलों का प्राथमिक उपचार करना ए घायल की ब्लीडिंग को रोकनाए चोटों को एस्टेबलाइज करना एवम पीड़ति की जान बचाने हेतु सीपीआर देने के बारे में बखूबी डेमो देकर बताया। इस कार्यक्रम से उपस्थित समस्त लोग बहुत लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के अंत में खण्ड विकास अधिकारी प्रीति तिवारी ने बताया कि आपदा प्रबंधन के सभी पहलुओं पर ध्यान देते हुए हमको तैयारी रखनी चाहिए। आज टीम ने हम सभी लोगों को तुरंत घायलों की किस तरह मदद करनी चाहिए बखूबी समझाया है। अंत में उन्होंने टीम को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम समापन किया।

# मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में डीएम ने राजनीतिक दलों संग की बैठक

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**मतदेय स्थलो** के सम्भाजन के सम्बन्ध में गुरुवार को पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में डीएमध्जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह ने माण् सदस्य लोकसभाध्विधानसभाए सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्यीय राजनैतिक दलए जनपद खीरी संग बैठक की।

डीएम ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारीए उप्रए लखनऊ के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापनध्सम्भाजन के उपरान्त मतदाताओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये जनपद.खीरी में अवस्थित सभी आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र यथा.137.पलियाए 138.निघासन 139.गोला गोकरननाथ 140.श्रीनगर;अजाद्धए 141.धौरहराए 142.लखीमपुर 143.कस्ता ;अजा144.मोहम्मदी के मतदेय स्थलों की सूची का आलेख्य प्रकाशन 22 अगस्त 2022 को कराया जा चुका है।

इस सम्बन्ध में उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि मतदेय स्थलों की सूची पर यदि कोई व्यक्ति अपना सुझाव या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह 02 सितंबर की पूर्वान्ह तक अपने सुझाव या आपत्ति सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की तहसील कार्यालय या जिला निर्वाचन कार्यालयए खीरी में दे सकते हैए जिससे प्राप्त सुझाव एवं आपत्तियों का निस्तारण कराते हुये मतदेय स्थलों को अन्तिम रूप दिया जा सके।

एडीएमध्डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह ने मतदेय स्थलो के सम्भाजन के सम्बन्ध में मौजूद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी जरूरी जानकारी दी। बैठक में विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी सांसद प्रतिनिधि अरविंद संजय भाजपा से रामजी मौर्यएराष्ट्रीय लोकदल से पंण् शिव प्रसाद द्विवेदी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से राजेंद्र गुप्ता बसपा से उमाशंकर गौतम लोवा समाजवादी पार्टी से रियाजुल्ला खान सीपीआईएम से बीपी यादव कम्युनिस्ट पार्टी से मनजीत वर्मा उप जिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंह एसडीएम धौराहरा धीरेंद्र सिंह तहसीलदार मितौली अनीता यादव सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्यीय राजनैतिक दल के प्रतिनिधिए निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

## भ्रष्टाचारियों पर...

है, वहां विकास कार्य तेज रफ्तार से हो रहा है। यह केंद्र और राज्य की डबल इंजन की सरकार के कारण है। यह (भाजपा) सरकार केरल में विकास को नई ऊंचाइयां प्रदान करने में मदद कर सकती है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि में सकल घरेलू उत्पाद में हासिल की गई 13.5 प्रतिशत की वृद्धि का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि यह देश में तेजी से विकास और रोजगार के अवसर का संकेत देता है। उन्होंने यह भी कहा, पिछले कुछ महीनों की जीएसटी संग्रह संख्या नए रिकॉर्ड स्थापित कर रही है। केंद्र सरकार भी विकास परियोजनाओं में अपना निवेश बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दो लाख आवास निर्माण को मंजूरी दी गई है, जिनमें से एक लाख 30 हजार से अधिक आवास का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। मोदी ने आगे कहा कि केंद्र सरकार ने केरल में विभिन्न परियोजनाओं पर एक लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार प्रत्एक जिले में कम से कम एक चिकित्सा महाविद्यालय खोलने की दिशा में कार्य कर रही है और इससे केरल के युवाओं को व्यापक लाभ होगा। आधुनिक बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए भाजपा सरकार केरल में विभिन्न परियोजनाओं पर करीब एक लाख करोड़ रुपए खर्च कर रही है।

## झूठे आरोप...

2016 में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल में नोटबंदी के कारण चलन से बाहर हो चुके भारतीय मुद्रा के नोटों को बदलवाया था। आप ने इस मामले में 1,400 करोड़ रुपए का घोटाला होने का आरोप लगाते हुए सक्सेना के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग की थी। दूसरी ओर, सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा कि जब मैंने कुछ गलत नहीं किया तो मैं डरूं क्यों। पूरी तरह जांच की गई, लेकिन कुछ भी गलत नहीं मिला। देश के सामने मेरी ईमानदारी एक बार फिर साबित हो गई। सक्सेना पर निशाना साधते हुए सिसोदिया ने कहा कि यदि आपने भी कुछ गलत नहीं किया तो डर क्यों रहे हैं।

## छापे के...

उनके बैंक लॉकर की तलाशी ली। इस प्रताड़ना से गुजरात में आप के वोट प्रतिशत 4 बढ़ गए हैं और यदि सिसोदिया गिरफ्तार होते हैं तो उनकी पार्टी का मत प्रतिशत 6 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा। गुजरात में आने वाले महीनों में विधानसभा चुनाव होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नेताओं ने आप विधायकों को खरीदने की कोशिश की, लेकिन उनके किसी भी विधायक ने उनका प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। पूरी तरह से भ्रष्ट पार्टी भाजपा में शिक्षित लोगों की कमी है, जबकि कट्टर ईमानदार पार्टी आप में पढ़े-लिखे, आईआईटी डिग्रीधारक लोग हैं। गौरतलब है कि आप सरकर यह बताने के लिए सोमवार को विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव लेकर आई कि दिल्ली में भाजपा का ऑपरेशन लोटस विफल हो गया है। लंबी चर्चा के बाद सरकार ने विश्वासमत हासिल कर लिया।

## प्रधानमंत्री फसल...

प्रतिस्पर्धा की कमी हो रही थी जिसकी वजह से मौजूदा बीमाकर्ता अधिक प्रीमियम दर वसूलने के लिए बाध्य हुए। नीति के अनुसार, बीमा कंपनियों को एक निविदा प्रक्रिया के माध्यम से तीन फसल वर्षों के लिए सूचीबद्ध किया जाता है। वर्ष 2019-20 से वर्ष 2022-23 तक की अवधि के लिए लगभग 18 बीमा कंपनियों को पैनल में रखा गया था। हालांकि, उनमें से आठ कंपनियां बाहर हो गई और 10 कंपनियां अब इस योजना में भाग ले रही हैं। सूत्रों ने कहा कि उच्च दावा अनुपात के बाद भारी नुकसान के कारण आठ बीमा कंपनियों फसल वर्ष 2021-22 में कारोबार से बाहर हो गईं, जिनमें सरकारी और निजी क्षेत्र से चार-चार कंपनियां शामिल थीं। हालांकि, प्रतिस्पर्धा के अभाव में जो बीमा कंपनियां मैदान में रह गई थीं, उन्होंने उच्च प्रीमियम तय किया। नतीजतन, कुछ कंपनियों ने पिछले फसल वर्ष के दौरान भारी मुनाफा कमाया क्योंकि फसल के नुकसान के दावे कम थे। सूत्रों ने कहा कि इससे कुछ राज्य सरकारों को यह भरोसा हो गया कि पीएमएफबीवाई से केवल बीमा कंपनियों को फायदा हो रहा है, किसानों को नहीं। सूत्रों ने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए कृषि मंत्रालय द्वारा 2021 में गठित एक कार्यसमूह ने पूरे मुद्दे की जांच की और एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। सूत्रों ने कहा कि कार्यसमूह ने पीएमएफबीवाई को लागू करने के लिए दो दृष्टिकोणों की सिफारिश की है।

## उप्र. में...

गई हैं। समाज कल्याण अल्पसंख्यक कल्याण एवं मुस्लिम वक्फ विभाग के प्रमुख सचिव हिमांशु कुमार को ग्राम्य विकास एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। तैनाती की प्रतीक्षा कर रहे पार्थसारथी सेन शर्मा को चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पद पर भेजा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम को समाज कल्याण विभाग का प्रमुख सचिव तथा जनजाति विकास का निदेशक नियुक्त किया गया है। उच्च शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव मोनिका एस गर्ग को अल्पसंख्यक कल्याण एवं मुस्लिम वक्फ विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता को इसी पद पर ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग में भेजा गया है। उनके स्थान पर खेलकूद एवं ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की प्रमुख सचिव कल्पना अवस्थी को नई तैनाती दी गई है। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव एवं पर्यटन महानिदेशक मुकेश कुमार मेश्राम को वर्तमान पद के साथ धर्मार्थ कार्य विभाग के प्रमुख सचिव पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स तथा एनआरआई विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार को वर्तमान पद के साथ यूपीडा तथा उपशा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह को इसी पद पर कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं विभाग में नई तैनाती दी गई है। कृषि उत्पादन आयुक्त और ग्रामीण विकास विभाग तथा पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से ग्रामीण विकास विभाग की जिम्मेदारी लेकर उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अपर मुख्य सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। राजस्व परिषद मुख्यालय के सदस्य सुधीर महादेव बोबडे को उच्च शिक्षा विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव दीपक कुमार को वर्तमान पद के साथ-साथ माध्यमिक शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव आराधना शुक्ला को इसी पद पर आयुष विभाग में नई तैनाती दी गई है।

## एनआईए ने...

लोग विभिन्न आतंकवादी-आपराधिक गतिविधियों जैसे कि हथियारों की तस्करी, मादक पदार्थ की तस्करी, अंडरवर्ल्ड आपराधिक गिरोह, धन शोधन, आतंकवाद के लिए निधि जुटाने के वास्ते अहम संपत्तियां अनधिकृत रूप से रखने तथा लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और अल-कायदा समेत अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठनों के साथ काम करने में लिप्त हैं।

## भारत यात्रा...

करेंगी। उन्होंने कहा कि भारत यात्रा के दौरान उनके अजमेर की यात्रा पर जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षो में दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय सम्पर्क बढ़ा है। दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंध हैं जो आपसी सम्मान की भावना के साथ आगे बढ़ रहे हैं। वर्ष 2019 के बाद यह हसीना की पहली भारत यात्रा होगी। हाल ही में बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया था कि दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच वार्ता के दौरान लंबित और नियमित द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा दक्षिण एशिया में रक्षा सहयोग और स्थिरता के मुद्दे पर सबसे अधिक जोर रहेगा।

## आईएफएस के...

वन अधिकारी परिवीक्षाधीनों के पहले बैच को आईएफएस कहा गया था। एसोसिएशन ने कार्मिक मंत्रालय और पीएमओ को लिखे पत्र के साथ कई आवश्यक दस्तावेज भी संलग्न किए हैं।

# राष्ट्र के खिलाफ अपराध के लिए पिछले साल 5100 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए

**नई दिल्ली, भाषा**

**पिछले साल** राजद्रोह, शासकीय गोपनीयता अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम समेत राष्ट्र के खिलाफ विभिन्न अपराध के आरोप में 5,164 मामले, यानी हर दिन औसतन 14 मामले दर्ज किए गए। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की भारत में अपराध-2021 रिपोर्ट के अनुसार 2020 और 2019 की तुलना में 2021 में मामलों में कमी देखी गई जब क्रमशः 5,613 और 7,656 मामले दर्ज किए गए थे। एनसीआरबी गृह मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।

ऐसे 5,164 नए मामलों के अलावा, पिछले साल लंबित 8,600 मामलों की जांच की गई और तीन मामलों को जांच के लिए फिर से खोला गया। एनसीआरबी की वार्षिक रिपोर्ट से पता चलता है कि इससे 2021 में लंबित मामलों की कुल संख्या 13,767 हो गई। आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल ऐसे कुल मामलों में से 79.2 प्रतिशत मामले सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम अधिनियम (4,089 मामले) के तहत दर्ज किए गए थे, इसके बाद 814 मामले (15.8 प्रतिशत) गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज किए गए थे।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2021 में देश भर में आरोप पत्र दाखिल करने की दर 78 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 में राष्ट्र के खिलाफ अपराध श्रेणी के तहत अधिकतम 1,862 मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए, जो 2020 में 2,217 और 2019 में 2,107 थे।

आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश के बाद तमिलनाडु (654), असम (327), जम्मू कश्मीर (313) और पश्चिम बंगाल (274) का स्थान है, जहां राष्ट्र के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध दर्ज किए गए। दिल्ली में पिछले साल इस तरह के 18 मामले दर्ज किए गए।

पिछले साल पूरे देश में, राजद्रोह के कुल 76 मामले (भारतीय दंड संहिता की धारा 124 ए के तहत), यूएपीए के तहत 814 मामले और शासकीय गोपनीयता अधिनियम के तहत 55 मामले दर्ज किए गए थे। एनसीआरबी के आंकड़ों से पता चलता है कि राष्ट्र के खिलाफ सबसे ज्यादा मामले सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम अधिनियम (4,078 मामले) के तहत दर्ज किए गए।

# हमने 70 प्रतिशत चुनावी वादे पूरे किए हैं : स्टालिन

**भाषा। कोयंबटूर (तमिलनाडु)**

**तमिलनाडु के** मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2021 के विधानसभा चुनावों के दौरान द्रमुक सरकार द्वारा किए गए वादों में से 70 प्रतिशत वादे पूरे किए गए हैं। दरअसल, वह विपक्ष के नेता के. पलानीस्वामी के इन आरोपों का जवाब दे रहे थे कि उनकी सरकार ने वादे पूरे नहीं किए।स्टालिन ने यह भी आश्वासन दिया कि राज्य के लोगों के फायदे के लिए बाकी के वादे भी पूरे किए जाएंगे।यहां पूर्व मंत्री पोंगालुर एन पलानीसामी की पोती के शादी समारोह में उन्होंने कहा कि सरकार ने वादे के मुताबिक दूध, पेट्रोल के दाम कम कर दिए हैं और सरकारी बसों में महिलाओं के निःशुल्क यात्रा करने के आदेश जारी किए हैं।उन्होंने कहा कि सरकार को हाल में दो रिपोर्ट मिली हैं, जिनमें से एक पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता की मौत के पीछे की परिस्थितियों पर तथा दूसरी तूतीकोरिन में आग लगने की घटना पर आधारित है, जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई थी।मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों रिपोर्ट विधानसभा में पेश की जाएंगी और कार्वाई करने से पहले उचित चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि दोनों रिपोर्ट चुनावी वादों का हिस्सा हैं।स्टालिन ने सभी घरों में महिला मुखिया को हर महीने 1,000 रुपए की मदद करने के वादे पर कहा कि इसे जल्द पूरा किया जाएगा।उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल निगम स्कूलों में स्मार्ट क्लास योजना के शुभारंभ में भाग लेने के लिए पांच सितंबर को तमिलनाडु आएंगे। उन्होंने कहा कि इस मौके पर उच्च शिक्षा के लिए छात्राओं को 1,000 रुपए देने की योजना का भी शुभारंभ किया जाएगा।


पुणें में गणेश चतुर्थी पर आयोजित एक प्रार्थना कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं की भीड़

# गांधी परिवार के साथ पहले भी खड़े थे और आज भी खड़े हैं: हुड्डा

**नई दिल्ली,भाषा**



**हरियाणा के** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने गुलाम नबी आजाद से उनकी मुलाकात को लेकर कुमारी सैलजा द्वारा आपत्ति जताए जाने के बाद बृहस्पतिवार को कहा कि वह गांधी परिवार के साथ पहले भी खड़े थे और आज भी खड़े हैं। उन्होंने सैलजा पर कोई सीधी टिप्पणी नहीं की, हालांकि तंज कसते हुए यह कहा कि कई बार लोग हताशा में आकर कुछ बोल देते हैं। आजाद से हुड्डा के मुलाकात करने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा ने कहा है कि इस कदम ने पार्टी के आम कार्यकर्ताओं को भ्रमित तथा निराश किया है। ऐसी खबर है कि कांग्रेस कार्यकारी समिति (सीडब्ल्यूसी) की सदस्य और पार्टी की हरियाणा इकाई की पूर्व अध्यक्ष सैलजा ने पार्टी के आलाकमान के समक्ष हुड्डा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है और उनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने की मांग की है। हुड्डा ने यहां संवाददाताओं से कहा, आजाद साहब का जहां तक सवाल है, हम इतने साल एक ही परिवार में रहे, एक ही पार्टी में रहे। हमने कुछ मांग रखी थी। कांग्रेस अध्यक्ष ने वो मांग मान ली। पार्टी में चुनाव हो रहे हैं। उसके बावजूद उन्होंने पार्टी छोड़ने का फैसला किया। हमने तो उनसे कहा कि आपने पार्टी क्यों छोड़ दी। कोई कटुता की बात नहीं है। सैलजा के बयान पर उन्होंने कहा, कौन क्या-क्या कह रहा है,मैं कुछ नहीं कह सकता...कई बार लोग फ्रस्ट्रेशन (हताश होकर) में कुछ कह देते हैं। उन्होंने 1990 के दशक में सोनिया गांधी के अमेठी दौरे का उल्लेख करते हुए कहा, हम इस परिवार (गांधी परिवार) के साथ पहले भी खड़े थे और आज भी खड़े हैं। हुड्डा के अलावा जी-23 के दो अन्य सदस्यों आनंद शर्मा और पृथ्वीराज चह्वाण ने मंगलवार को आजाद से दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की थी।

आजाद ने गत शुक्रवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता समेत सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। सोमवार को उन्होंने अपने पुराने दल और उसके नेतृत्व पर तीखा प्रहार करते हुए कहा था कि बीमार कांग्रेस को दुआ की नहीं, दवा की जरूरत है, लेकिन उसका इलाज कम्पाउंडर कर रहे हैं।

# आरएसएस के बारे में अपनी टिप्पणी को लेकर ममता को करना पड़ा आलोचना का सामना

**कोलकाता, भाषा**



**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ (आरएसएस) के बारे में एक दिन पहले की गई अपनी एक टिप्पणी को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी को बृहस्पतिवार को आलोचना का सामना करना पड़ा।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने बुधवार को कहा था कि आरएसएस में सभी खराब नहीं हैं और उसमें ऐसे कई लोग हैं जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का समर्थन नहीं करते हैं।ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम), कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने ममता की इस टिप्पणी को लेकर उनकी आलोचना की है, जबकि भाजपा ने कहा कि उसे उनसे (ममता से) प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है। आरएसएस ने अपनी सराहना पर टिप्पणी करने के बजाय राजनीतिक हिंसा के बंगाल के रिकार्ड का जिक्र किया और सुधारात्मक उपाय करने को कहा। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने ममता की टिप्पणी को लेकर उनपर सबसे करारा प्रहार किया। ओवैसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2003 में भी उन्होंने आरएसएस को देशभक्त कहा था और बदले में आरएसएस ने उन्हें (देवी)दुर्गा कहा था। ओवैसी ने ममता पर तंज करते हुए कहा, उम्मीद है कि टीएमसी के मुस्लिम चेहरे उनकी ईमानदारी और रुख में निरंतरता के लिए सराहना करेंगे। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने ओवैसी की टिप्पणी को तवज्जो नहीं देने की कोशिश करते हुए कहा कि पार्टी को अपने धर्मनिरपेक्ष चरित्र को उनके समक्ष साबित करने की जरूरत नहीं है।

टीएमसी सांसद सौगत राय ने कहा, हमें ओवैसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है। ममता बनर्जी ने यह कहने की कोशिश की है कि हर संगठन में अच्छे और खराब लोग हैं। कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने (ममता ने) आरएसएस की सराहना की है। उन्होंने 2003 का जिक्र किया, जब उन्होंने (ममता ने) आरएसएस के एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में भाग लिया था। उन्होंने राज्य में तत्कालीन वाम मोर्च सरकार को अपदस्थ करने के लिए उसका समर्थन मांगा था। चौधरी ने दावा किया कि ममता पहले भी आरएसएस के प्रति अपना आभार जता चुकी है। उन्होंने कहा, चुनावी लाभ हासिल करने के लिए कभी वह हिंदू रूढ़ीवादियों, तो कभी मुस्लिमों को रिझाती हैं। ममता एक बार फिर बेनकाब हो गईं। ममता ने बुधवार को राज्य सचिवालय में एक कार्यक्रम में टिप्पणी की, आरएसएस उतना खराब नहीं है। आरएसएस में अब भी ऐसे लोग हैं जो भाजपा की नीतियों का समर्थन नहीं करते हैं। माकपा ने भी ममता की टिप्पणी को लेकर उनकी आलोचना की। पार्टी की केंद्रीय समिति के सदस्य सुजान चक्रवर्ती ने दावा किया कि उनकी टिप्पणी वाम दल के इस रुख का समर्थन करती है कि वह आरएसएस से ताल्लुक रखती हैं।

आरएसएस के प्रदेश महासचिव जिश्नु बसु ने कहा, उन्होंने (ममता ने) कहा है कि आरएसएस में कुछ अच्छे लोग हैं। हम उनसे कहना चाहेंगे कि राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन इसका मतलब विरोधियों की हत्या करने में (राजनीतिक कार्यकर्ताओं को) शामिल करना नहीं है। बसु ने दावा किया कि राज्य में चुनाव बाद हुई हिंसा की घटनाओं में करीब 60 लोग मारे गए। उन्होंने कहा, उन्हें कानून व्यवस्था कायम रखनी चाहिए। जिन्होंने उन्हें वोट दिया और जिन्होंने नहीं दिया, उनकी भी वह मुख्यमंत्री हैं। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि ना तो आरएसएस को और ना ही भाजपा को ममता से प्रमाणपत्र की जरूरत है।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुद्दहनुमेगौड़ा ने पार्टी छोड़ने की घोषणा की

**बेंगलुरु**। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं तुमकुरु से पूर्व सांसद एस. पी. मुद्दहनुमेगौड़ा ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने पार्टी से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष डी. के. शिवकुमार और विधायक दल के नेता सिद्धरमैया से मुलाकात की और उन्हें अपने निर्णय से अवगत कराया। कर्नाटक में अगले साल विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। मुद्दहनुमेगौड़ा ने कहा कि वह जल्द से जल्द औपचारिक तौर पर अपना इस्तीफा कांग्रेस पार्टी को सौंप देंगे। उन्होंने कहा कि वह अपने राजनीतिक भविष्य पर शीघ्र निर्णय लेंगे और वह कुनिगल सीट से विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं।

## क्विक न्यूज

### कुशासन बाबू का झोला ले कर घूम रहे हैं तथाकथित गठबंधन वाले: नकवी

**नई दिल्ली**। पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के बीच मुलाकात को लेकर बृहस्पतिवार को उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह तथाकथित गठबंधन वाले सुशासन बाबू का चोला और कुशासन बाबू का झोला ले कर घूम रहे है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से बातचीत मे यह भी कहा कि अमृत काल मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हटाने का सपना लोहे के चने चबाने की सनक से ज्यादा कुछ नही है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नकवी के अनुसार, अमृत काल परिश्रमियो, पराक्रमियो का पर्व है और पाखंडी लोगो की परेशानी का काल है।उन्होंने विपक्षी नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह तथाकथित गठबंधन सुशासन बाबू का चोला और कुशासन बाबू का झोला ले कर घूम रहा है। पटना मे राव ने बुधवार को नीतीश कुमार, राष्ट्रीय जनता दल के शीर्ष नेताओ लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव से मुलाकात की थी। इसे 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन के प्रयास के रूप में देख जा रहा है।

### आयकर विभाग ने कोलकाता की कंपनी के 250 करोड़ रुपए के काले धन का खुलासा किया

**नई दिल्ली**। आयकर विभाग को बिजली के पारेषण (ट्रांसमिशन) और वितरण उपकरण बनाने के अलावा कुछ अन्य व्यवसाय मे शामिल कोलकाता की एक कंपनी पर हाल मे मारे गए छापे से 250 करोड़ रुपए से ज्यादा की बेहिसाब संपत्ति का पता चला है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ए छापे पश्चिम बंगाल तथा झारखंड मे कंपनी के परिसरो पर 24 से 28 अगस्त के बीच मारे गए। यह कंपनी इस्पात के पाइप और पॉलीमर के उत्पादो के निर्माण में भी शामिल है। बोर्ड ने एक बयान में कहा, आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक की अचल संपत्ति तथा बेहिसाब नकद कर्ज के सबूत भी मिले है और जब्त साक्ष्यो के प्रारंभिक विश्लेषण से पता चलता है कि समूह ने हवाला कारोबार के लिए कई फर्जी कंपनियो का भी इस्तेमाल किया। सीबीडीटी आयकर विभाग के लिए नीति बनाता है। उसने बताया कि इन छापों से अभी तक 250 करोड़ रुपए से अधिक की बेहिसाब आय का पता चला है।

### पंचायत चुनाव से पहले मतभेद परे रखें और मिलकर काम करें: भाजपा ने अपनी बंगाल इकाई से कहा

**कोलकाता**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी पश्चिम बंगाल इकाई से कहा कि वह राज्य मे अगले साल होने वाले पंचायत चुनाव से पहले आपसी मतभेदो को दरकिनार कर एकजुट तरीके से काम करे। पार्टी के नेताओ ने यह जानकारी दी। केंद्रीय नेतृत्व ने कोलकाता के पास भाजपा की तीन दिवसीय संगठनात्मक बैठक मे यह बात कही। यह बैठक बुधवार को संपन्न हुई। उत्तर 24 परगना जिले के राजारहाट के एक रिज़ॉर्ट मे प्रशिक्षण शिविर मे प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी सुनील बंसल सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी. एल. संतोष अंतिम सत्र मे शामिल हुए। राज्य मे भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, बैठक के दौरान केंद्रीय नेतृत्व ने कहा कि पार्टी को आपसी मतभेदो को दरकिनार कर एकजुट तरीके से काम करना होगा। इस संदेश को बूथ स्तर तक पहुंचाना होगा। भाजपा के नेताओ ने उन लोगो को पार्टी मे शामिल करने पर जोर दिया, जो पार्टी मे शामिल होने को इच्छुक है, हालांकि लेकिन उन्होंने कहा कि ऐसे लोगो की पूरी जांच की जाए। पार्टी की राज्य इकाई का प्रभार दिए जाने के बाद बंसल का पश्चिम बंगाल का यह पहला दौरा था।

### बंगाल में 2023 के पंचायत चुनाव में व्यापक मुकाबला होगा : टीएमसी नेता

**कोलकाता**। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के गिरफ्तार किए गए नेता अनुब्रत मंडल ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले साल होने वाले पंचायत चुनाव मे व्यापक मुकाबला होगा और उन्होने समर्थको से पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आग्रह किया। मंडल ने 2010 के मंगलकोट विस्फोट के संबंध मे बिधाननगर मे सांसदाविधायक अदालत के समक्ष पेशी के लिए आसनसोल से कोलकाता ले जाते वक्त पत्रकारो से यह बात कही। इस मामले के आरोपपत्र मे टीएमसी के बीरभूम जिले के अध्यक्ष का नाम सामने आया था। मंडल ने आसनसोल सुधार गृह से कोलकाता जाने के लिए कार मे सवार होने से पहले कहा, पंचायत चुनाव व्यापक होंगे। टीएमसी कार्यकर्ताओ को पार्टी की जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्हे मवेशी तस्करी मामले के संबंध मे आसनसोल सुधार गृह मे रखा गया है। उनके बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी के नेता राहुल सिन्हा ने कहा, पंचायत चुनाव से टीएमसी को पैसा बनाने का मौका मिल जाता है , आगामी चुनाव मंडल के बिना लड़ना होगा।

# राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत स्वदेशी खिलौनों और विकास पर केंद्रित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी

**नई दिल्ली, भाषा**

**सरकार के** एक महीने चलने वाले पोषण अभियान राष्ट्रीय पोषण माह की बृहस्पतिवार को शुरुआत हुई। इस अभियान के तहत सीखने के लिए स्वदेशी खिलौनों, आंगनवाड़ी में बारिश के पानी का संरक्षण और विकास के लिए कदम उठाने को प्रोत्साहन देने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एक सितंबर से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह मना रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि इस साल का लक्ष्य पोषण पंचायत के रूप में ग्राम पंचायतों के माध्यम से पोषण माह की शुरुआत करना है। उन्होंने कहा कि इस दौरान महिला और स्वास्थ्य तथा बच्चे और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। देशभर के आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की एक बैठक में ईरानी ने कहा कि एक महीने चलने वाले इस कार्यक्रम में जमीनी स्तर पर पोषण के बारे में जागरूकता पैदा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संपर्क अभियान और शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं तथा छह साल से कम उम्र के बच्चों और किशोरियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ईरानी ने कहा कि पंचायत स्तर पर स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा जागरूकता गतिविधियां चलाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि पोषण पंचायत समितियां आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम नर्सों के साथ मिलकर काम करेंगी।

# आरएसएस के विभिन्न संगठनों की छत्तीसगढ़ में 10-12 तक समन्वय बैठक

**नई दिल्ली, भाषा**

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ (आरएसएस) से जुड़े विभिन्न संगठनों की समन्वय बैठक 10-12 सितंबर तक छत्तीसगढ़ के रायपुर में होगी जिसमें सामाजिक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों सहित वैचारिक क्षेत्र, आर्थिक जगत, सेवा कार्यों आदि के बारे में गहन चर्चा की जाएगी। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने एक बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में पर्यावरण, परिवार प्रबोधन एवं सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर समन्वित प्रयासों के बारे में चर्चा की जाएगी। आंबेकर ने कहा कि अखिल भारतीय स्तर की यह व्यापक समन्वय बैठक प्रति वर्ष एक बार आयोजित होती है। उन्होंने बताया कि इस बैठक में सरसंघचालक मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित पांच सह सरकार्यवाह एवं प्रमुख पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। इसमें भारतीय मजदूर संघ से हिरण्यमय पांड्या एवं वी सुरेन्द्रन, विश्व हिन्दू परिषद से आलोक कुमार एवं मिलिंद परांडे, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से आशीष चौहान एवं निधि त्रिपाठी शामिल होंगे। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा तथा संगठन महामंत्री बी एल संतोष भी हिस्सा लेंगे। संघ की समन्वय बैठक में भारतीय किसान संघ के दिनेश कुलकर्णी, विद्या भारतीय के रामकृष्ण राव, जी एम काशीपति शामिल होंगे। इसमें राष्ट्र सेविका समिति, वनवासी कल्याण आश्रम आदि से प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। आंबेकर ने कहा कि इस बैठक में सभी अपने अपने कार्य एवं उपलब्धियों पर प्रस्तुति देते हैं और कार्यो के बारे में विस्तार से चर्चा करते हैं। उन्होंने बताया कि बैठक में सामाजिक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों सहित वैचारिक क्षेत्र, आर्थिक जगत, सेवा कार्यों आदि के बारे में गहन चर्चा की जाती है। उन्होंने बताया कि संघ ऐसे संगठनों में कार्यरत सक्रिय स्वयंसेवकों के साथ समन्वय रखता है।

## सेना ने सिक्किम में फंसे 74 पर्यटकों को बचाया

**गंगटोक**। सेना ने उत्तरी सिक्किम की युमथांग घाटी मे फंसे महिलाओं और बच्चो समेत 74 पर्यटकों को सुरक्षित निकाल लिया है। रक्षा विभाग की एक विज्ञप्ति से यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति मे कहा गया है कि भूस्खलन मे किसी के हताहत होने की खबर नही है। विज्ञप्ति के अनुसार, युमथांग घाटी से 19 किलोमीटर दूर बड़े पैमाने पर भूस्खलन के कारण पर्यटकों के फंसे होने की सूचना मिलने पर सेना की त्रिशक्ति कोर के जवानों ने पर्यटकों को बचाया।

## केरल में 15 साल की लड़की के यौन शोषण के जुर्म में 90 वर्षीय व्यक्ति को जेल

**पालाक्काड (केरल)**। एक सितंबर (भाषा) केरल की एक अदालत ने पालाक्काड जिले के करीम्बा गांव में एक नाबालिग लड़की के यौन शोषण के जुर्म में 90 वर्षीय व्यक्ति को तीन साल की जेल की सजा सुनाई है। त्वरित अदालत के विशेष न्यायाधीश सतीश कुमार ने 2020 में पड़ोस में रहने वाली 15 वर्षीय लड़की का यौन शोषण करने के जुर्म में दोषी पर 50,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। विशेष लोक अभियोजक निशा विजयकुमार ने बताया कि बुजुर्ग को बाल यौन अपराध संरक्षण (पोक्सो) कानून की धारा 7 के तहत यौन शोषण का दोषी ठहराया गया। पोक्सो कानून की धारा 7 के तहत न्यूनतम तीन साल तथा अधिकतम पांच साल की सजा का प्रावधान है। विजयकुमार ने बताया कि अदालत ने नौ गवाहों के बयान दर्ज करने तथा अभियोजन द्वारा दाखिल कई दस्तावेजों पर गौर करने के बाद आरोपी को दोषी ठहराया।


बंगलुरु में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर आयोजित कार्यक्रम में डी के शिवकुमार जयराम रमेश मल्लिकार्जुन खड़गे व अन्य कांग्रेसी नेता

# पंजाब में धर्मांतरण रोधी कानून की जरूरत पर विचार करे सिख समुदाय: जत्थेदार

**भाषा।** अमृतसर

**अकाल तख्त** के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने बृहस्पतिवार को सिख समुदाय से पंजाब में धर्मांतरण रोधी कानून की जरूरत पर विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जबरन धर्म परिवर्तन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जत्थेदार ने कहा, समय आ गया है कि सिख समुदाय पंजाब में धर्मांतरण रोधी कानून की मांग करने के बारे में विचार करे। पंजाब में जिस तरह की स्थिति पैदा हो रही है, उसे देखते हुए सिख समुदाय को इसके बारे में सोचने की जरूरत है।

अमृतसर के ददुआना गांव में ईसाई मिशनरियों द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को कथित रूप से बाधित करने के लिए कुछ निहंग सिखों के खिलाफ मामला दर्ज होने के कुछ दिन बाद जत्थेदार का यह बयान आया है। मंगलवार रात चार नकाबपोश व्यक्तियों ने पंजाब के तरनतारन जिले में एक गिरजाघर पर धावा बोलकर उसमें तोड़फोड़ की थी और पादरी की कार को आग लगा दी थी। एक बयान के अनुसार, जत्थेदार ने पंजाब में धर्म परिवर्तन के लिए किए किए जा रहे कुछ तथाकथित ईसाई मिशनरियों के शरारतपूर्ण प्रयासों की निंदा की और इसे समुदायों को विभाजित करने का प्रयास करार दिया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से कुछ तथाकथित ईसाई मिशनरी पाखंडी, अंधविश्वासी व कपटपूर्ण तरीकों को अपनाकर सिखों का जबरन धर्म परिवर्तन कर रहे हैं। जत्थेदार ने कहा, ऐसे तरीके अपनाए जा रहे हैं, जिनकी ईसाई धर्म भी अनुमति नहीं देता। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब सिखों और पिछड़े वर्ग के हिंदू परिवारों को निशाना बनाया जा रहा है। जत्थेदार ने कहा कि पंजाब के सिखों और हिंदुओं को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने पंजाब सरकार पर कार्वाई नहीं करने का आरोप लगाया।

जत्थेदार ने केंद्र सरकार से तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने सिख संगठनों से अनुरोध किया कि वे प्रशासन से धर्मांतरण के मामलों की शिकायत करें।उन्होंने एक बार फिर, पंजाब सरकार से निहंग सिखों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की।जत्थेदार ने कहा, हमने 5 सितंबर को श्री आनंदपुर साहिब में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया है। इस मुद्दे पर चर्चा करने के अलावा निश्चित रूप से इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया जाएगा।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 2 सितंबर 2022



# चीन ने यूएनओ की रिपोर्ट खारिज की

**उइगर मुसलमानों से संबंधित मामला**

भाषा। बीजिंग

**चीन ने** संयुक्त राष्ट्र की उस रिपोर्ट को खारिज कर दिया है, जिसमें कहा गया है कि शिनजियांग में उइगर और अन्य मुस्लिम जातीय समूह के लोगों को सरकार द्वारा जबरन नजरबंद रखना मानवता के खिलाफ अपराध के दायरे में आ सकता है। मानवाधिकार समूहों और जापान की सरकार ने इस रिपोर्ट का स्वागत किया है। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने अपनी आतंकवाद और उग्रवाद रोधी नीतियों के तहत मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन किया है। संगठन ने संयुक्त राष्ट्र, विश्व बिरादरी और खुद चीन से इस पर तत्काल ध्यान देने का आह्वान किया है। इस बीच, जिनेवा में चीन के राजनयिक मिशन ने तीखी प्रतिक्रिया देते संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट का कड़ा विरोध किया। चीन ने कहा कि इस रिपोर्ट में शिनजियांग में किए गए मानवाधिकार संबंधी कार्यों की उपलब्धियों और आबादी को आतंकवाद व उग्रवाद से हुए नुकसान की अनदेखी की गई है। चीन के मिशन ने एक बयान में इस रिपोर्ट को चीन विरोधी तत्वों का कृत्य करार दिया और कहा कि यह गलत जानकारी व झूठ पर आधारित है, जिसका उद्देश्य चीन की छवि धूमिल करना है। इससे पहले, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख मिशेल बैचलेट ने रिपोर्ट को रोकने के चीन के अनुरोध को खारिज कर दिया। बैचलेट ने मई में शिनजियांग की यात्रा की थी, जिसके बाद यह रिपोर्ट आई है। इस रिपोर्ट ने क्षेत्र के मूल उइगर और अन्य प्रमुख मुस्लिम जातीय समूहों के अधिकारों पर पश्चिमी देशों के साथ राजनयिक प्रभाव को लेकर रस्साकशी शुरू की है।

## ताइवानी सैनिकों ने एक ड्रोन को मार गिराया

**चीनी तट से कुछ दूर पर हुई कार्रवाई**

**ताइपे।** चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच ताइवान की सेना ने कहा है कि उसने बृहस्पतिवार को चीनी तट से कुछ दूर अपनी एक चौकी पर मंडरा रहे एक ड्रोन को मार गिराया।किनमैन द्वीप रक्षा कमान ने बताया कि ड्रोन दोपहर में शियू द्वीप के ऊपर प्रतिबंधित वायु क्षेत्र में घुस गया था।कमान ने एक बयान में कहा कि ड्रोन को चेतावनी दी गई लेकिन उसकी स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ, उसके बाद उसे मार गिराया गया। बयान में बताया गया है कि ड्रोन असैनिक उपयोग वाला था लेकिन यह नहीं बताया गया कि इसे बरामद किया गया या नहीं और इसे गिराने के लिए किस हथियार का इस्तेमाल किया गया था। एक दिन पहले ही ताइवान ने कहा था कि उसने चीनी बंदरगाह शहर शियामेन के तट के पास उसके तीन द्वीपों पर मंडराने वाले ड्रोन को चेतावनी दी थी। हाल के दिनों में चीन और ताइवान के बीच तनाव में वृद्धि हुई है। चीन, ताइवान को अपना भू-भाग मानता है। वहीं ताइवान का कहना है कि वह उकसाने वाले चीन के किसी भी कदम का जवाब देगा।

# इमरान की अंतरिम जमानत की अवधि 12 तक बढ़ी

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान की एक** आतंकवाद-रोधी अदालत ने राजधानी में एक रैली के दौरान पुलिस, न्यायपालिका और अन्य सरकारी संस्थानों को धमकाने के आरोप में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ दर्ज आतंकवाद के मामले में उनकी अंतरिम जमानत की अवधि बृहस्पतिवार को 12 सितंबर तक बढ़ा दी। समाचार पत्र एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार न्यायाधीश राजा जवाद अब्बास हसन ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख खान को एक लाख रुपए के मुचलके पर जमानत दे दी। खान (69) के खिलाफ पिछले महीने इस्लामाबाद में एक सार्वजनिक रैली के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, निर्वाचन आयोग और राजनीतिक विरोधियों को धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। अपने संबोधन में, खान ने शीर्ष पुलिस अधिकारियों, एक महिला मजिस्ट्रेट, पाकिस्तान निर्वाचन आयोग और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ अपने सहयोगी शाहबाज गिल के साथ किए गए व्यवहार को लेकर मामला दर्ज करने की धमकी दी थी। गिल को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

## क्विक न्यूज

### मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब की पत्नी को भ्रष्टाचार के मामले में 10 साल की सजा

**कुआलालंपुर।** मलेशिया की एक अदालत ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक की पत्नी रोस्माह मंसूर को अपने पति के कार्यकाल में रिश्वत लेने के मामले में दोषी ठहराने के बाद बृहस्पतिवार को 10 साल की सजा सुनाई। नजीब को पहले ही मलेशियाई विकास बरहाद कोष (1एमडीबी) के सरकारी धन के गबन के मामले में दोषी ठहराया जा चुका है और पिछले सप्ताह उन्हें जेल भेज दिया गया था। उन्हे पांच में से भ्रष्टाचार के एक मामले में 12 साल की सजा सुनाई गई है। रोस्माह मंसूर को बोर्नियो द्वीप के स्कूलों को सौर ऊर्जा पैनल लगाने करने की परियोजना का काम एक कंपनी को दिलाने के लिए 2016 और 2017 के बीच 65 लाख रिंगिट रिश्वत (15 लाख अमेरिकी डॉलर) मांगने और उसे स्वीकार करने के तीन मामलों में दोषी ठहराया गया।

### गोर्बाचेव के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं होंगे पुतिन, श्रद्धांजलि दी

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने पहले से तय कार्यक्रम के कारण सोवियत संघ के पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव के सप्ताहांत में होने वाले अंतिम संस्कार में शामिल नहीं होंगे। हालांकि उन्होने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी है। क्रेमलिन ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने बताया कि पुतिन मॉस्को के उस अस्पताल में गए, जहां गोर्बाचेव की पार्थिव देह को रखा गया है। पेस्को ने संवाददाताओं को बताया कि पुतिन अपने पहले से तय कार्यक्रम के कारण शनिवार को अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाएंगे, लेकिन उन्होंने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी है। यह पूछे जाने पर कि क्या गोर्बाचेव का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### बाइडन ने राष्ट्रीय अवसंरचना सलाहकार परिषद में दो भारतीय-अमेरिकियों को शामिल करने की इच्छा जाहिर की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतीय-अमेरिकी मनु अस्थाना और मधु बेरीवाल को अपने राष्ट्रीय अवसंरचना सलाहकार परिषद में शामिल करने की इच्छा जाहिर की है। राष्ट्रपति की राष्ट्रीय अवसंरचना सलाहकार परिषद (एनआईएसी) व्हाइट हाउस को भौतिक तथा साइबर जोखिमों को कम करने और देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा की सुरक्षा में सुधार करने को लेकर सुझाव देती है। एनआईएसी के लिए बैंकिंग, वित्त, परिवहन, ऊर्जा, जल, बांध, रक्षा, संचार, सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, खाद्य, कृषि, सरकार सुविधाओं, आपात सेवाएं और उच्च शिक्षा के क्षेत्र से नाता रखने वाले 26 लोगों के नामों की घोषणा बुधवार को की गई। अस्थाना उत्तरी अमेरिका में सबसे बड़े पावर ग्रिड पीजेएम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अध्यक्ष है।

### मिस्र की स्वेज नहर में छिछले पानी में फंसा जहाज, कुछ समय के लिए यातायात बाधित

**काहिरा।** मिस्र की स्वेज नहर में छिछले पानी में तेल का एक टैंकर फंस गया, जिससे कुछ समय के लिय वैश्विक जलमार्ग बाधित रहा हालांकि बाद में पोत को वहां से निकाल लिया गया। नहर के अधिकारियों की तरफ से यह जानकारी दी गई। स्वेज नहर प्राधिकरण के प्रमुख ओसामा रेबी ने एक बयान में बताया कि एफिनिटी वी पोत पर सिंगापुर का झंडा लगा था। वह बुधवार को नहर में फंस गया था। प्राधिकरण की पांच नौकाओं (टग बोट्स) को उसे वहां से निकालने के लिए भेजा गया। उन्होंने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण पोत नहर के किनारे से टकरा गई थी। स्वेज नहर प्राधिकरण के एक प्रवक्ता ने सरकार से संबद्ध एक्सट्रा न्यूज को बताया कि पोत स्थानीय समयानुसार करीब सवा सात बजे नहर में फंस गया।

### उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण की चाभी चीन और रूस के पासः दक्षिण कोरिया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के एक शीर्ष अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उत्तर कोरिया पर संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को सख्त करने के प्रति चीन और रूस की अनिच्छा उत्तर के परमाणु शस्त्रागार को खत्म करने के प्रयासों के सामनें सबसे बड़ी चुनौतीं है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई जब उत्तर कोरिया पांच साल के अंतराल में अपना पहला परमाणु परीक्षण करने को तैयार है। चीन और रूस के उत्तर कोरिया के साथ घनिष्ठ संबंध हैं तथा अमेरिका के साथ उनका टकराव है।

# ऋषि सुनक ने अंतिम चुनाव कार्यक्रम में माता-पिता, पत्नी का आभार जताया



भाषा। लंदन

**ब्रिटेन में** कंजर्वेटिव पार्टी के नए नेता पद तथा प्रधानमंत्री पद के प्रबल उम्मीदवार ऋषि सुनक ने चुनाव प्रचार से जुड़े अंतिम कार्यक्रम में अपने माता-पिता तथा पत्नी अक्षता मूर्ति का, उनके सहयोग के लिए आभार जताया। बुधवार रात को लंदन के विम्बले में एक कार्यक्रम में लोगों ने ऋषि- ऋषि के नारे लगाए। गर्मजोशी भरे इस स्वागत से यह तो साफ था कि कम से कम इन दर्शकों के लिए सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद पर बोरिस जॉनसन का स्थान लेने के लिए मुकाबले में सबसे आगे हैं। सुनक ने कहा, चुनाव का यह अंतिम कार्यक्रम मेरे लिए बहुत खास है क्योंकि जन सेवा में आने के लिए मुझे प्रेरित करने वाले दो शख्स आज यहां मौजूद हैं - मेरी मां और पिता। इसके बाद कैमरा सबसे आगे की पंक्ति में बैठे उनके चिकित्सक पिता यशवीर तथा फार्मासिस्ट मां ऊषा की ओर मुड़ गया। उनके साथ सुनक की पत्नी भी बैठी हुई थीं। सुनक ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, उन्होंने लोगों के लिए जो किया, उसने मुझे राजनीति में आने के लिए प्रेरित किया। अपने बच्चों को बेहतर जिंदगी देने की कोशिश तथा उनके लिए हमेशा त्याग देने के लिए मां, पिता आपका धन्यवाद।

## भारतीय-अमेरिकी चिकित्सक ने प्रधानमंत्री मोदी, आंध्र के मुख्यमंत्री, अडाणी के खिलाफ दायर किया वाद

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के एक अमेरिकी चिकित्सक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी और दिग्गज कारोबारी गौतम अडाणी के खिलाफ भ्रष्टाचार, पेगासस स्पाइवेयर के इस्तेमाल तथा अन्य मुद्दों को लेकर एक वाद दायर किया है। कोलंबिया के यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने इन सभी लोगों को समन जारी किए हैं। न्यूयॉर्क के प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी अटॉर्नी रवि बत्रा ने इसे व्यर्थ का मुकदमा करार दिया। रिचमंड के गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ लोकेश वुयुरु ने यह वाद प्रधानमंत्री मोदी, रेड्डी और अडाणी के खिलाफ दायर किया है। इस वाद में वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम के अध्यक्ष तथा संस्थापक प्रोफेसर क्लॉस श्वाब का भी नाम शामिल है।

# जयशंकर, गोयल सितंबर में अमेरिका की यात्रा करेंगे

भाषा। वाशिंगटन

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल विभिन्न बहुपक्षीय तथा द्विपक्षीय बैठकों के लिए इस महीने अमेरिका की यात्रा करेंगे। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत ने यूक्रेन युद्ध के बाद दुनियाभर के देशों के साथ अपनी भागीदारी बढ़ा दी है। जयशंकर संयुक्त राष्ट्र के वार्षिक महासभा सत्र को संबोधित करने के लिए न्यूयॉर्क जाएंगे। इसके अलावा वह कई द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। संयुक्त राष्ट्र में इस बार भारत का ध्यान सुरक्षा परिषद के सुधारों, आतंकवाद से निपटने के तरीकों, शांतिरक्षा, जलवायु परिवर्तन और खाद्य सुरक्षा एवं आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दों पर केंद्रित होगा, जो यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर अहम हो गए हैं। न्यूयॉर्क से जयशंकर अपने अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन तथा बाइडन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी से मुलाकात करने के लिए वाशिंगटन डीसी जाएंगे। अमेरिकी सांसदों तथा विचारकों से मुलाकात करने के अलावा विदेश मंत्री की भारतीय-अमेरिकी समुदाय के प्रतिष्ठित नेताओं से भी मुलाकात करने की योजना है। जयशंकर को इस महीने के आखिर में अमेरिका की यात्रा करनी है लेकिन उच्च स्तरीय यात्रा गोयल के साथ शुरू होगी, जो आठ-नौ सितंबर को भारत-प्रशांत आर्थिक समृद्धि रूपरेखा (आईपीईएफ) की मंत्री स्तरीय बैठक में भाग लेंगे। गोयल सिलिकॉन वैली के कोरपोरेट क्षेत्र के नेताओं के साथ उच्च स्तरीय वार्ता करने के लिए सैन फ्रांसिस्को भी जाएंगे।

## श्रीलंका को प्रारंभिक समझौते के तहत 2.9 अरब डॉलर का ऋण देने के लिए राजी हुआ आईएमएफ

**कोलंबो।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका के साथ हुए एक प्रारंभिक समझौते के तहत उसे 2.9 अरब डॉलर का ऋण देने को सहमत हुआ है। आईएमएफ ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। आईएमएफ ने एक बयान में कहा, आईएमएफ और श्रीलंका के अधिकारी संकटग्रस्त देश की आर्थिक नीतियों को समर्थन देने की खातिर कर्मचारी स्तर के समझौते पर सहमत हुए हैं। इस व्यवस्था के तहत विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) में 48 महीने की अवधि के दौरान 2.9 अरब डॉलर दिए जाएंगे। इसने कहा कि इस मदद का उद्देश्य श्रीलंका में व्यापक आर्थिक स्थिरता और ऋण वहनीयता को बहाल करना है और इसके साथ-साथ वित्तीय स्थिरता की रक्षा करना भी है। आर्थिक मदद देने से पहले आईएमएफ ने श्रीलंका को कई सुधारात्मक कदम उठाने को कहा था। उसने ऋण वहनीयता सुनिश्चित करने और वित्तीय खाई को पाटने में मदद देने के लिए बहुपक्षीय साझेदारों से अतिरिक्त आर्थिक मदद करने और श्रीलंका के कर्जदाताओं से कर्ज राहत देने का आह्वान भी किया था।

# अगस्त में जीएसटी संग्रह 1.43 लाख करोड़ रुपए



**लगातार छठे महीने 1.40 लाख करोड़ रुपए का आंकड़ा पार**

भाषा। नई दिल्ली

मांग में सुधार, ऊंची दरों और अनुपालन बेहतर रहने से अगस्त में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 28 प्रतिशत बढ़कर 1.43 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अगस्त लगातार छठा महीना है जब जीएसटी संग्रह 1.4 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। आगामी त्योहारों को देखते हुए यह तेजी जारी रहने का अनुमान है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, बेहतर अनुपालन और आर्थिक पुनरुद्धार का जीएसटी राजस्व पर लगातार सकारात्मक प्रभाव बना हुआ है। मंत्रालय ने बताया कि अगस्त, 2022 में सकल जीएसटी राजस्व 1,43,612 करोड़ रुपए रहा है, जो पिछले वर्ष के इसी महीने के 1,12,020 करोड़ रुपए के संग्रह से 28 प्रतिशत अधिक है। मंत्रालय ने कहा, जीएसटी राजस्व में अगस्त, 2022 तक हुई वृद्धि पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जीएसटी परिषद ने जो कदम उठाए हैं उनका असर स्पष्ट दिख रहा है। हालांकि, जीएसटी संग्रह जुलाई के 1.49 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े से कम है। अप्रैल में यह 1.67 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर था। अगस्त, 2022 में सकल जीएसटी राजस्व 1,43,612 करोड़ रुपए था जिसमें केंद्रीय जीएसटी 24,710 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी 30,951 करोड़ रुपए, एकीकृत जीएसटी 77,782 करोड़ रुपए (वस्तुओं के आयात पर एकत्रित 42,067 करोड़ रुपए सहित) और उपकर 10,168 करोड़ रुपए (वस्तुओं के आयात पर एकत्र किए गए 1,018 करोड़ रुपए सहित) है।

## मजबूत मांग, मुद्रास्फीति संबंधी चिंता कम होने से अगस्त में विनिर्माण गतिविधियों में रही तेजी

**नई दिल्ली।** मांग परिस्थितियां मजबूत होने और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के कम होने से भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में अगस्त के महीने में मजबूत सुधार देखा गया। एक मासिक सर्वेक्षण से बृहस्पतिवार को यह जानकारी मिली है। सर्वे में कहा गया कि उत्पादन में वृद्धि के निर्यात में तेजी और आने वाले वर्ष के लिए सकारात्मक अनुमानों से भी समर्थन मिला। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पर्चेज़िंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अगस्त में 56.2 हो गया। यह जुलाई में 56.4 था। अगस्त के पीएमआई आंकड़े ने लगातार 14वें महीने के लिए समग्र परिचालन परिस्थितियों में सुधार की ओर संकेत किया। पीएमआई में 50 से ऊपर की संख्या का मतलब विस्तार होता है जबकि 50 से नीचे की संख्या गिरावट दर्शाती है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में आर्थिक संयुक्त निदेशक पोलियाना डी लीमा ने कहा कि भारतीय विनिर्माताओं को कोविड-19 प्रतिबंधों के हटने से लाभ हुआ है। उत्पादन और नए ऑर्डर दोनों की वृद्धि दर पिछले नवंबर के बाद से सबसे मजबूत है।

## मूडीज ने 2022 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाकर 7.7 फीसदी किया

भाषा। नई दिल्ली

**साख निर्धारण** करने वाली मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने 2022 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान बृहस्पतिवार को घटाकर 7.7 फीसदी कर दिया और कहा कि बढ़ती ब्याज दरें, असमान मानसून और धीमी वैश्विक वृद्धि आर्थिक गति को क्रमिक आधार पर कम करेंगी। इससे पहले मई में मूडीज ने 2022 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 8.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। अर्थव्यवस्था 2021 में 8.3 फीसदी की दर से बढ़ी थी, इससे पहले 2020 में कोरोना वायरस के कारण यह 6.7 फीसदी रही थी। वर्ष 2022-23 के लिए वृहद वैश्विक परिदृश्य को अद्यतन करते हुए मूडीज ने कहा कि भारत का केंद्रीय बैंक इस वर्ष आक्रामक रुख बनाए रख सकता है और घरेलू मुद्रास्फीति दबाव को बढ़ने से रोकने के लिए सख्त नीतिगत रुख अपना सकता है। मूडीज ने कहा, हमारा अनुमान है कि भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 2021 के 8.3 फीसदी से घटकर 2022 में 7.7 रह सकती है तथा ब्याज दरों में वृद्धि, असमान मानसून और वैश्विक वृद्धि की गति कम होने की वजह से आर्थिक गति क्रमिक आधार पर कम होने से 2023 में यह और भी कम 5.2 फीसदी रह सकती है।

**PUBLIC NOTICE**

भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA
अपर निदेशक कार्यालय, प्रवर्तन निदेशालय, हैदराबाद जोनल कार्यालय
OFFICE OF THE ADDITIONAL DIRECTOR, ENFORCEMENT DIRECTORTE, HYDERBAD ZONAL OFFICE
तीसरा तल, शक्करभवन, बशीरबाग, हैदराबाद–500004
3rd FLOOR, SHAKAR BHAWN, BASHEERBAGH, HYDERABAD-500004
फोनस/PHONE NO: 040-2321 4726 / 2321 5108 फैक्स नं/FAX NO: 040-2321 4620

In pursuance of the Hon'ble Supreme Court Order dated 18.07.2022 in Special leave petition vide no. 9394 of 2021, Mr. Yan Hao is hereby required to apper before the Hon'ble Apex Court on the next date o hearing i.e. 09.09.2022 (Tentative).

Sd/-
SWARAJ PAUL SINGH
Assistant Director
Directorate of Enforcement, Hyderabad

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client ICICI Bank Ltd. that Mr. Ashish Madan & Late Mr. Madan Lal Madan were joint owners of Dwelling Unit No.D-302, on Third Floor, having an area 1808 sq. fts., Situated at Antriksh Greens, Plot No. F-7, Sector -50, Noida, Distt. Gautambudh Nagar, U. P. the said property by virtue of Sub Lease deed dated 24.04.2014, executed by Noida Authority & M/s. Antriksh Engineers Construction Corporation. and after demise of late Mr. Madan Lal Madan his ½ undivided share of the said property has been mutated in the name of Mr. Ashish Madan in the record of Noida authority vide a mutation letter dated 05.08.2022, All persons are hereby informed that above mentioned owner Mr. Ashish Madan want to sell the said property to Mrs. Archana Sinha & Mr. Niraj Kumar Mahato who is taking Loan for purchase the said property from ICICI Bank Ltd., if anybody including other legal heirs of late Mr. Madan Lal Madan has any objection/s upon the ownership of Mr. Ashish Madan in respect of the said property its sale /Mortgage/Litigation, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 14 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**LOST & FOUND**

Following Original Sale deeds have been lost and FIR has been lodged in Crime Branch, Delhi.

1. Executed by Smt. Ramapati Khaitan W/o Shree Krishna Khaitan through her attorney Sh. Om Prakash Khaitan in favour of Sh. Hemant Khullar registered as documents no 60 in additional book No 1, Volume No 4216 in the office of sub registrar New Delhi.(LR No: 648381/2016 date: 11/07/2016)
2. Executed by Smt. Rampati Khaitan W/o Shree Krishna Khaitan through her attorney Sh. Om Prakash Khaitan in favour of Sh. Vikram Khullar registered as document No.60 in additional book No. 1, Volume No 4216 pages 161-164 in the office of sub registrar New Delhi.( LR No: 649877/2016 date: 11/07/2016)
3. Executed by Sh. Jagdish Khullar S/o Sh. K.L. Khullar in favour of Smt. Usha Handa W/o Sh. Tilak Raj Handa registered as documents no 6256 in additional book No 1, Volume No 1162 at pages- 21-25.(LR No: 650028/2016 date: 11/07/2016)

If found please contact Mr. Rajan Handa: 011-46190000

**NOTICE**

To, be known to all that my client, MR Shekhar Sahni s/o L N Sahni R/O 329A Pkt 2 Mayur Vihar ph 1 Delhi 91 is the owner of DDA Mlg 1c Pkt 4 Mayur Vihar ph 1 Delhi 91 VIDE DDA FILE NO.F/9(163)84/have applied for Conversion of leasehold from freehold of the aforesaid property in DDA. The original documents i.e. Original ALLOTMENT CUM DEMAND LETTER, of the above said property have been lost or misplaced by my client and is not traceable inspite of his best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi (LR No.730870/2022dated on 26/8/2022
Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.9312218193 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (LAB Housing) or Director (Housing), Vikas Sadan, New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

Management of the Veer Cooperative Group Housing Society Ltd. registered with the Registrar Cooperative Society, Delhi situated at Plot. No.28, Sector 13, Rohini, Delhi-110085 has been approached by Smt. Vineeta Jain D/o Sh. Jagannath Gupta formerly known as Smt. Kiran Jain and she has submitted the copies of registered documents with the concerned Sub-Registrar (Revenue), Delhi of the subject Flat No. 725 situated at Block 7 in the society complex for seeking the membership of the society. In case anyone else deem that the said subject Flat belongs to him/her, he/she may approach the management of the society within 15 days from the date of publication of this public notice and submit the self-certified copies of the registered documents w.r.t. the subject Flat No.725 in his/her favour duly registered with the concerned Sub-Registrar (Revenue), Delhi and also produce the original of the said documents for verification. Failing which the management of the society shall proceed further as per provisions of Delhi Cooperative Societies Act, 2003, DCS RULES 2007 & the bye-laws of the society. No claim/objection of any person shall be entertained after the expiry of the given period of 15 days. No person shall be entertained without production of the title documents, share certificates, Allotment cum Possession Letter and other legal documents in original issued by the society w.r.t. to the subject Flat No. 725 as prescribed under the provisions of relevant law. Management of the Veer Cooperative Group Housing Society Ltd. reserves its rights to accept/reject any or all the application(s)/objection(s) of any person without going into merit.

On behalf of
Veer Cooperative Group Housing Society Ltd.,
Ved Parkash Jain, President
Ravi Kumar Jain, Hony. Secretary

**PUBLIC NOTICE**
**Reg: Shop No. 24, Shopping Complex, HSIIDC, I.E., Kundli.**

Shop No. 24, Shopping Complex, HSIIDC, I.E., Kundli measuring 75.625 sq. meter was re-allotted by the Corporation to Sh. Surinder Singh (now deceased) S/o Sh. Bhoop Singh, Flat No. 22, 1st Floor, SFSS/HIG Shanti Apartment, Pkt No. 13, Sector-A-5, Narela, New Delhi-110040. vide re-allotment letter dated 22.08.2013. The Corporation has been Informed that the original allottee Sh. Surinder Singh had expired on 26.01.2022. The legal heir of the deceased allottee Smt. Asha Singh (wife), Sh. Deepanshu (son) and Yashi (daughter) have approached the Corporation for transfer of shop/ share in the shop in question in favour of Sh: Deepanshu (son) in this regard. The Corporation is in process of considering their request & transferring the said shop in favour of Sh. Deepanshu (son). Through this public notice it is here by informed that any person having reservation/ objection to said transfer may file his/ her objection in writing before the undersigned alongwith an affidavit within a period of 30 days from the date of publication of this notice. In case no response is received within the aforesaid period, it will be presumed that nobody has any objection to transfer of the said share in the plot and the Corporation shall go ahead with transfer of plot in favour of Sh. Deepanshu S/o Late Sh. Surinder Singh.

For Haryana State Indi. & Infra. Devlp. Corp Ltd.
Sd/- State Manager,For & behalf of, Haryana State Industrial and Infrastructure Dev. Corpn. Ltd., Branch Office Industrial Estate Kundli, Ph.0130-2370846,

**शुद्धिपत्र**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग,दिल्ली–110005

ऋण खाता संख्या एलबीडीईएल00005057084 कर्जदार का नाम धीरज कुमार सम्पत्ति पता प्लॉट नंबर –3, टावर –डी, फ्लैट नंबर–101, फिलिप्स सीजीएचएस लि., प्रथम तल, सेक्टर–23, द्वारका, दिल्ली के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत सूचनाएं, मांग सूचना प्रकाशन दिनांकित 23–06–2021 तथा सांकेतिक प्रकाशन दिनांकित 19–02–2022 प्रकाशित की गई थी। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त प्रकाशन में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा प्लॉट नंबर –3, टावर –डी, फ्लैट नंबर–101, फिलिप्स सीजीएचएस लि., प्रथम तल, सेक्टर–23, द्वारका, दिल्ली के स्थान पर प्लॉट नंबर –3, टावर –डी, फ्लैट नंबर–101, प्रथम तल, सेक्टर–23, द्वारका, दिल्ली वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको प्लॉट नंबर –3, टावर –डी, फ्लैट नंबर–101, फिलिप्स सीजीएचएस लि., प्रथम तल, सेक्टर–23, द्वारका, दिल्ली के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त सूचना दिनांकित में वर्णित सभी अन्य विवरण वही रहेगा। हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।

दिनांकित : 02–09–2022
स्थान : दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**नाम परिवर्तन**

वंश यादव पुत्र लखन निवासी– ग्राम सौहरखा जाहिदाबाद तहसील दादरी थाना सैक्टर–113, नोएडा के स्थान पर वंश सिंह पुत्र लखन ग्राम सौहरखा सर नाम में तबदीली करने के सम्बंध में सार्वजनिक सूचना।
PD(90159)C

ऐन्जल यादव पुत्री श्री सूबे सिंह निवासी– ग्राम सौहरखा जाहिदाबाद तहसील दादरी थाना सैक्टर–113, नोएडा के स्थान पर ऐन्जल नांगोरी पुत्री श्री सुबे सिंह सर नाम में तबदीली करने के सम्बंध में सार्वजनिक सूचना।
PD(90160)C

I, Aneesh Gole S/o Sh. Rajneesh Goyal R/o 127 A-G, G block, Vishwas Park Extn., Uttam Nagar, New Delhi-110059 have changed my name from Aneesh Gole to Aneesh Goyal for all future purposes.
PD(90161)A

## अगस्त में यूपीआई के जरिए लेनदेन का मूल्य बढ़कर 10.73 लाख करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** यूपीआई के जरिए डिजिटल भुगतान लेनदेन का मूल्य इस साल अगस्त में बढ़कर 10.73 लाख करोड़ रुपए हो गया। जुलाई में यूपीआई आधारित डिजिटल लेनदेन का मूल्य 10.63 लाख करोड़ रुपए रहा था। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के आंकड़ों के अनुसार, इस साल अगस्त माह के दौरान यूपीआई के माध्यम से कुल 6.57 अरब (657 करोड़) लेनदेन हुए, जो पिछले महीने में 6.28 अरब (628 करोड़) रहा था। जून में 10.14 लाख करोड़ रुपए के 5.86 अरब लेनदेन हुए थे। एनसीपीआई ढांचे के अन्य आंकड़ों पर गौर करने पर पता चलता है कि तत्काल हस्तांतरण-आधारित आईएमपीएस के जरिए अगस्त में लेनदेन का मूल्य 4.46 लाख करोड़ रुपए रहा। अगस्त में आईएमपीएस के जरिए कुल 46.69 करोड़ लेनदेन हुए। जुलाई में, यह कुल 46.08 करोड़ लेनदेन पर 4.45 लाख करोड़ रुपए रहा था।

# कमजोर रुख से सेंसेक्स 770 अंक टूटा



**रिलायंस को सबसे ज्यादा नुकसान**

भाषा। मुंबई

घरेलू शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 770 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख और केंद्रीय बैंकों द्वारा आक्रामक तरीके से ब्याज दर बढ़ाने को लेकर चिंता के बीच बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया। सरकार के डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर कर बढ़ाने और घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ पर शुल्क बढ़ाए जाने से रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर लुढ़क गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 770.48 अंक यानी 1.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,766.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,014.5 अंक तक लुढ़क गया था। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 216.50 अंक यानी 1.22 प्रतिशत टूटकर 17,542.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज में सबसे ज्यादा 2.99 प्रतिशत का नुकसान रहा। इसके अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, एनटीपीसी और टाटा स्टील प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और इंडसइंड बैंक लाभ में रहे। इनमें 2.58 प्रतिशत तक की तेजी रही। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 नुकसान में रहे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, फेडरल रिजर्व के आक्रामक रूप से ब्याज दर बढ़ाने तथा चीन में आर्थिक नरमी को लेकर चिंता के साथ वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव रहा।

## रुपया चार पैसे फिसलकर 79.56 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार से विदेशी निवेशकों की निकासी और अमेरिकी मुद्रा में मजबूती से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे फिसलकर 79.56 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतें के दो सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंचने और निर्यातकों द्वारा डॉलर की बिकवाली ने रुपया में नुकसान को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 79.55 पर खुला और दिन में कारोबार के दौरान 79.30 के ऊपरी और 79.66 के निचले स्तर तक गया। अंत में यह पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे फिसलकर 79.56 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। मंगलवार को रुपया करीब दो सप्ताह के उच्चस्तर 79.52 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा बाजार बुधवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर बंद था।

## अठहठा नाव हादसे में सुबह मिले चार और शव, मरने वालों की संख्या हुई छह

**गाजीपुर।** जनपद में बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां बाढ़ का निरीक्षण कर बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बाट करके जैसे ही वापस गए उसके बाद रेवतीपुर थाना अंतर्गत एक गांव में बहुत बड़ा नाव हादसा हो गया। जिसमें कई लोगों की जानें चली गई दर्जनों लोगों को बचा लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार रेवतीपुर थाना क्षेत्र के अठहठा गांव में हुए नाव डूबने के हादसे में बुधवार को धोला से मिल गई वही गुरुवार की सुबह चार और बच?चों के शव मिले हैंए और एक बच?चे के शव की तलाश हो रही है। नाव हादसे में कुल मरने वालों की संख?या छह हो गयी है। 34वीं वाहिनी पीएसी के जवान और स?थानीय लोगों की मदद से गुरुवार की भोर से ही शव की तलाश शुरु हो गयी। जिसमे सत?यम पुत्र शिवशंकर गोंड उम्र 14 वर्षए संध?या पुत्री अनि?ल पासवान आठ वर्षए अमित पुत्र विजयशंकर पासवान 14 वर्षए खुशीहाल यादव पुत्र दयाशंकर यादव 13 वर्ष निवासीगण अठहठा के शव मिलेए अभी अलीशा पुत्री कमलेश की तलाश जारी है। राहत एवं बचाव कार्य में लगातार प्रशासन के लोग जुटे रहे जिसमे एडीएम अरुण सिंहए एसडीएम राजेश प्रसादए सीओ विजय आनंद साहीए एसओ रेवतीपुर प्रशांत चौधरीए तहसीलदारए लेखपाल आदि राजस?वकर्मी मौजूद थे।

## चलती नाव पर मांस पकाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**प्रयागराज।** गंगा नदी में एक चलती नाव पर मांस पकाने और हुक्का पीने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्रयागराज के दारागंज थाना के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गंगा नदी में चलती नाव पर कुछ लोगों द्वारा मांस पकाने और हुक्का पीने का एक वीडियो वायरल हुआ था। उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आने पर बुधवार को बक्शी चौकी प्रभारी दिवाकर सिंह की तहरीर पर दो नामजद और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि वीडियो में दिख रहे दो लोगों की पहचान अजफ और हसन के रूप में हुई जिनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए और 295 में प्राथमिकी दर्ज की गई है। ए दोनों दारागंज के बक्शी खुर्द के निवासी है, पुलिस को तलाशी के दौरान दोनों आरोपियों के मकान पर ताला लटका हुआ मिला। अधिकारी ने बताया कि बाकी चार अज्ञात लोगों की भी पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

## पूर्व विधायक की हत्या की साजिश के आरोप में नगर पंचायत अध्यक्ष समेत छह गिरफ्तार

**अलीगढ़।** अलीगढ़ जिले में एक पूर्व विधायक की हत्या की साजिश रचने के आरोप में एक नगर पंचायत अध्यक्ष समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले की खैर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक प्रमोद गौड़ ने पिछली 27 अगस्त को खैर थाने में एक तहरीर देकर आशंका जताई थी कि कुछ लोग उनकी हत्या की साजिश रच रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस मामले की जांच के बाद बुधवार को खैर जिला पंचायत के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए लोगों में चार भाड़े के हत्यारे भी शामिल हैं जिन्हें पूर्व विधायक की हत्या को अंजाम देने के लिए बुलाया गया था। उनका पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस के मुताबिक पूर्व विधायक गौड़ और अग्रवाल के बीच एक जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद है।

## इटावा में नाबालिग लड़की ने खुदकुशी की

**इटावा।।** इटावा में 17 वर्षीय किशोरी ने कथित रूप से फंदा लगाकर बुधवार को खुदकुशी कर ली। उसकी फर्जी अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर डाल दी गई थी जिससे वह आहत थी। भरथना के क्षेत्राधिकारी विजय सिंह ने बताया कि थाना भर्थना क्षेत्र के अंतर्गत गांव नगला सैफी मे बुधवार को नाबालिग लड़की ने गांव के एक लड़के से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बाइक पेड़ से टकराई दो लोगों की मौत

**बदायूं।** जनपद मूसाझाग थाना क्षेत्र के बदायूं-दातागंज मार्ग पर बृहस्पतिवार शाम तेज रफ्तार मोटरसाइकिल पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बच्चे को नजदीकी सीएससी में भर्ती कराया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, तीन लोग कस्बा मूसाझाग के बाजार से बाइक से अपने गांव लौट रहे थे, उसी दौरान उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। उन्होने बताया कि दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार सुभाष (20) और छविराम (30) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि नौ वर्षीय पंकज घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक (नगर क्षेत्र) अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि थाना मूसाझाग क्षेत्र के मेहरी बजर गांव निवासी सुभाष एवं छविराम की मोटरसाइकिल पेड़ से टकरा गई जिसमे दोनो की मौत हो गई जबकि एक बच्चा घायल हो गया। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा जा रहा है।

# अतीक के कब्जे से मुक्त जमीन पर बन रहा गोबर गैस प्लांट और मिनी स्टेडियम

### पूर्व काबीना मंत्री और शहर पश्चिमी के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने किया निरीक्षण

### कटहुला में बन रहे उद्योग विभाग की 14 बीघे जमीन का स्थलीय जायजा लेने के बाद दिशा निर्देश किए गए जारी



पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**उत्तर प्रदेश** का पहला पायलट प्रोजेक्ट गोबर गैस प्लांट जनवरी तक बनकर शुरू हो जाएगा। यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने ग्राम मंदरी में बन रहे गोबर गैस प्लांट के निरीक्षण के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि शहर पश्चिमी के ग्राम मंदरी और आसपास गांव के लोगों के सपने में कभी नहीं था कि प्रचंड अपराध की भूमि पर विकास की किरणों का उदय होगा। जहां पिछले तीस सालों से अतीक अहमद के साए में डर डर कर लोग जीवनयापन कर रहे थे। जहां से विकास कोसों दूर था। अतीक अहमद और उनके रिश्तेदारों से कई बीघे जमीन योगी सरकार ने कब्जे से मुक्त कराई है। शहर पश्चिमी में माफियाओं की छाती पर गरीबों को आवास गाँवों में गैस प्लांट और युवाओं को खेल स्पोर्ट्स आदि कई योजनाओं के जरिए शहर पश्चिमी में नई पहचान स्थापित कर दिया है। मंदर में ढाई बीघे की जमीन पर खादी ग्रामोद्योग विभाग के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार का पहला पायलट प्रोजेक्ट गोबर गैस प्लांट बन रहा है। तीन हजार पशुओं के गोबर से 5ण्40 टन का प्रतिदिन गैस निकलेगी। जिसमें अट्ठारह हजार किलोग्राम गोबर में तेरह हजार पांच सौ लीटर पानी मिलाकर बायोगैस तैयार की जाएगी। जिसकी क्षमता बारह सौ साठ क्यूबिक मीटर का प्लांट बन रहा है। जिसमें प्रथम चरण में लगभग तीन परिवारों को गैस सप्लाई दी जाएगी। जबकि लक्ष्य 637 परिवारों को प्रतिदिन 5 घंटे की देने की होगीएइतना ही नहीं 600 किलोवाट का बिजली उत्पादन भी किया जा सकता है। इसके अलावा सिलेंडर गैस भी भरी जा सकती है। बगल में ही बन रहे सात बीघे की जमीन पर मिनी स्टेडियम बन रहा है। जहाँ से शहर पश्चिमी के युवा खेल जगत में प्रतिभा दिखाएंगे। जिसकी प्रगति तेजी से लाने का पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने युवा कल्याण मंत्रालय के अधिकारियों को निर्देशित किया। लघु उद्योग विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। जब उन्होंने देखा कि हाईटेंशन तार के नीचे मजदूर अपना अस्थायी आवास बनाकर रह रहे थे। उन्होंने कहा अगर खम्भों में बिजली उतर गया तो क्या होगा।उनके लिए अलग से अस्थायी आवास बनाकर मजदूरों को रहने का उपलब्ध कराएं। पशुपालन विभाग के अधिकारी डॉक्टर संजीव कुमार सिंह को भी कड़े कड़े शब्दों में निर्देश दिया कि शहर पश्चिमी में बन रहे ऊन प्रोसेसिंग उद्योग में भेड़ ऊन के लिए क्या क्या करना होगा उसको अध्ययन कर भेड़ पालकों से संपर्क कर प्रगति में तेजी लाएं। किसी भी अधिकारी का कार्य के प्रति कोई लापरवाही न हो नहीं तो कोई बख्शा नहीं जाएगा। इससे पहले ग्राम कटहुला में जिला उद्योग द्वारा 14 बीघे की जमीन पर लघु एवं कुटीर उद्योग के लिए प्रस्तावित उद्योग भूमि का निरीक्षण किया।जिस पर उन्होंने एसडीएम सदर को कार्य की प्रगति में कार्यवाही तेजी लाने का निर्देश दिया। इस मौके पर खादी बोर्ड के सदस्य रमा शंकर शुक्ला एसडीएम सदर शिवदास जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राम औतार यादव रामलोचन साहू रामजी शुक्ला ब्लाक प्रमुख दिलीप प्रजापति मंदर प्रधान श्रीप्रकाश तिवारी कानूनगो प्रभाकर सिंह लघु उद्योग अधिशाषी अधिकारी प्रदीप त्रिपाठी पशुपालन डॉ संजीव कुमार सिंह अखिलेश सिंह मंजीत कुशवाहा ज्ञान बाबू केसरवानी रंजीव सिंह पटेल पवन मिश्र संदीप भट्ट दीना नाथ कुशवाहा गौरव गुप्ता प्रदीप साहू अरुण श्रीवास्तव वीरेंद्र पासी दिनेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## आईआईटी (बीएचयू) और दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन में हुआ करार

**वाराणसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय), वाराणसी ने सुरंग निर्माण और भूमिगत अंतरिक्ष इंजीनियरिंग के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए 31 अगस्त 2022 को दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के साथ एक समझौता-ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए । इसके दो केंद्र होंगे, पहला आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी में और दूसरा दिल्ली मेट्रो रेल अकादमी में होगा । एमओयू के तहत परिवहन और सीमा रक्षा बुनियादी ढांचे के विकास के लिए आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी और दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के बीच संबंधों को मजबूती देगा । भारत में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में वृद्धि देखने को मिल रहा है । कुल 32 मेट्रो परियोजनाएं और 13 रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम पूर्ण/निर्माणाधीन हैं। संस्थान के निदेशक प्रो० प्रमोद कुमार जैन ने कहा कि समझौता-ज्ञापन आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी और डीएमआरसी के बीच सहयोग की भावना को मजबूत करेगा । परिवहन और रक्षा के लिए सुरंग बनाने में तकनीकी नवाचार का प्रयोग देश के विकास में सहायक होगा । उन्होंने आगे कहा कि इस केंद्र के तहत, संस्थान टनलिंग और भूमिगत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में स्नातक लघु / प्रमुख पाठ्यक्रमों के साथ-साथ स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की पहल करेगा । इसके अलावा, भारत का लक्ष्य परिवहन व्यवस्था में सुधार लाने और इसके परिणामस्वरूप हमारी रक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए सीमावर्ती क्षेत्र में कई सुरंगों का निर्माण करना है । 21 वीं सदी के भारत के विकास इंजन को चलाने के लिए सुरंग और भूमिगत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी और डीएमआरसी दोनों मुख्य इंजीनियरिंग मुद्दों को हल करने के लिए एक साथ हैं । टनलिंग उद्योग के लिए केंद्र एक अग्रणी शुरुआत करेगा और सरकारश् के'आत्मनिर्भर भारतश् के विजन को पूरा करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा ।समझौता-ज्ञापन पर आईआईटी (बीएचयू) के अधिष्ठाता (अनुसंधान एवं विकास) आचार्य विकास कुमार दुबे और डीएमआरसी के निदेशक (कार्य) दलजीत सिंह ने हस्ताक्षर किए ।

## बीएचयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी कल

**वाराणसी।** हिन्दुस्थान समाचार बहुभाषी न्यूज एजेन्सी के तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी ' राष्ट्रीय एकात्म और भारतीय भाषाएं' विषयक बीएचयू के मालवीय मूल्य अनुशीलन केन्द्र में 03 सितम्बर 2022 को अपराह्न पौने चार बजे आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार राम बहादुर राय एवं अध्यक्षता अरविन्द भालचन्द्र मार्डीकर करेगें इसके अलावा मुख्य वक्ता शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के सचिव अतुल भाई कोठारी तथा विशिष्ट अतिथि विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ० नीलकंठ तिवारी होगें। यह जानकारी हिन्दुस्थान समाचार वाराणसी के ईचार्ज श्रीधर त्रिपाठी ने दी।

## योग्य छात्रों को 100 फीसदी स्कॉलरशिप

**वाराणसी।** भारत के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म अनएकेडमी ने अपने सबसे बड़े स्कॉलरशिप टेस्ट -अनएकेडमी नेशनल स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (यूएनएसएटी) के दूसरे संस्करण की घोषणा की है। टेस्ट का आयोजन भारत के 64 प्रमुख शैक्षणिक केन्द्रों में 8 से 15 अक्टूबर के बीच किया जाएगा। यह टेस्ट नीट-यूजी, आईआईटी-जेईई और फ़ाउन्डेशन (9-12) कोर्सेज़ के सभी उम्मीदवारों के लिए खुला है। अनएकेडमी नेशनल स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन 12 और 14 अक्टूबर को कुछ स्कूलों के परिसर में भी किया जाएगा। ऑफ़लाईन टेस्ट देने वाले सभी उम्मीदवारों को ज़रूरी जानकारी से युक्त एडमिट कार्ड ई-मेल के ज़रिए भेजे जाएंगे। टेस्ट के परिणामों की घोषणा 21 अक्टूबर 2022 को होगी।

## पेटीएम एप पर अब पीएमजेएवाई स्वास्थ्य बीमा भी

**वाराणसी।** भारत की अग्रणी डिजिटल भुगतान और वित्तीय सेवा कम्पनी और क्यूआर और मोबाइल भुगतान के अग्रणी ब्रांड पेटीएम की मालिक वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) ,ने अपनी पेटीएम एप को प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) या पीएम आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा के साथ एकीकृत किया है ताकि यूजर्स अपनी पात्रता की जांच कर सकें और लाभ उठा सकें। यह स्वास्थ्य सेवा में डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने के भारत सरकार के मिशन के अनुरूप है।पेटीएम ऐप के माध्यम से, यूजर्स पीएमजेएवाई लाभ प्रदान करने वाले निजी और सरकारी अस्पतालों की सूची के बारे में जान सकते हैं।

## मोदी /20 पर नेशनल सेमिनार आयोजित



**गाजीपुर।** जनपद में बुधवार को सत्यदेव ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस के पावन प्रांगण में मोदी/20 नामक शीर्षक पर एक उच्च स्तर का सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार की मुख्य वक्ता भारत सरकार की शिक्षा मंत्रालय की राज्य मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी रही। विशिष्ट वक्ता के रूप में जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के सेवानिवृत्त कुलपति प्रोफेसर हरिकेश सिंह जी थेए तथा सेमिनार को अपने सधी हुई वाणी से शिखरता प्रदान करने वाले प्रभावशाली संचालक सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर सानंद सिंह जी ने किया। जिन्होंने कॉलेज के समस्त छात्र छात्राओं को मोदी /20 एक अंतर दर्शन के रूप में स्वीकार करने एवं अपने जीवन में उतारने का सुझाव दिया। विशिष्ट वक्ता के रूप में प्रोफेसर हरकेश सिंह जी ने गाधी की नगरी को ऋषि मुनियों की तपस्थली बताया और साथ ही नई शिक्षा नीति 2020 पर भी उन्होंने अपना मत प्रस्तुत किया सेमिनार की मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी जीने नई शिक्षा नीति 2020 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सर्वोत्तम प्रयासों में से एक बताया साथ ही उन्होंने कहां की भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का व्यक्तित्व इतना विशाल एवं गहरा है की उसमें विभिन्न प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के लोग अपने अपने ज्ञान के क्षेत्र में शिखरता को पाते हैं यानी जो दार्शनिक है वह एक अच्छा दार्शनिक उनमें देखते हैं। सेमिनार में आए अन्य आगंतुकों एवं अतिथियों का सम्मान सत्यदेव ग्रुप ऑफ़ कॉलेज गाजीपुर की मैनेजिंग ट्रस्टी श्रीमती सावित्री सिंह और निदेशक डॉ प्रीति सिंह ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्रम प्रतीक चिन्ह और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

## युवक ने एडीजी कार्यालय के बाहर कीटनाशक पीया, हालत स्थिर

**प्रयागराज ।** पुलिस मुख्यालय में स्थित अपर महानिदेशक (प्रयागराज जोन) कार्यालय के बाहर एक व्यक्ति ने बृहस्पतिवार को कीटनाशक पी लिया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियो ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक (नगर) संतोष कुमार मीणा ने बताया कि आज सुबह करीब 10 बजे एक व्यक्ति ने एडीजी कार्यालय के बाहर कीटनाशक पी लिया। उन्होने बताया कि व्यक्ति को पुलिसकर्मियो ने बेली अस्पताल मे भर्ती कराया जहां से उसे एसआरएन रेफर कर दिया गया। उन्होने बताया कि एसआरएन अस्पताल मे उस व्यक्ति की हालत स्थिर बनी हुई है। उन्होने बताया कि युवक की पहचान 24 वर्षीय गौरव पटेल के रूप में हुई है और उसके खिलाफ सोरांव थाना मे 13 मुकदमे दर्ज है और पुलिस को लगातार उसकी तलाश रहती थी। मीणा ने बताया कि पटेल का नाम शीर्ष 10 अपराधियो की सूची मे शामिल है और पुलिस द्वारा लगातार तलाशी से परेशान था।

### अजय मिश्रा की जमानत निरस्त करने की मांग का मामला

## उच्च न्यायालय करेगा याचिका पर सुनवाई

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ साल 2000 में लखीमपुर खीरी में हुए प्रभात हत्याकांड में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी की जमानत रद्द करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करेगी। अदालत दो सितंबर को मिश्रा को हत्या के मामले में मिली जमानत को निरस्त करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करेगी। इस याचिका को सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रेणु अग्रवाल की खंडपीठ के समक्ष दो सितंबर के लिए सूचीबद्ध किया गया है। यह याचिका पीड़ित पक्ष ने दायर की है। मिश्रा के खिलाफ मामले में आरोप पत्र दायर किया गया था और निचली अदालत ने उन्हें 2004 में आरोपों से बरी कर दिया था। राज्य सरकार ने मिश्रा को बरी किए जाने के खिलाफ 2004 में उच्च न्यायालय में अपील दायर की थी। इसे सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया गया था और मिश्रा को यह सुनिश्चित करने के लिए जमानती बांड देने को कहा गया था कि वह अपील पर सुनवाई के दौरान उपलब्ध रहेंगे। याचिका में कहा गया है कि मिश्रा की दोषमुक्ति के खिलाफ दाखिल राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई में उनकी ओर से सहयोग नहीं किया जा रहा है लिहाजा उनके बांड को निरस्त किया जाए और अपील पर सुनवाई पूरी होने तक उन्हें हिरासत में रखा जाए।

वहीं इस मामले में मिश्रा की ओर से दाखिल स्थानांतरण प्रार्थना पत्र को मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने खारिज कर दिया है। मिश्रा ने अपने खिलाफ दाखिल इस अपील को उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ से प्रधान पीठ इलाहाबाद स्थानान्तरित की जाने की मांग की थी। लखीमपुर खीरी में 2000 में एक युवक प्रभात गुप्ता की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में अन्य अभियुक्तों के साथ-साथ मिश्रा भी नामजद थे। लखीमपुर खीरी की सत्र अदालत ने मिश्रा व अन्य को पर्याप्त साक्ष्यों के अभाव में 2004 में बरी कर दिया था। इस आदेश के खिलाफ 2004 में राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय में अपील दाखिल की थी।

## शिक्षक हुआ बर्खास्त फर्जी डिग्री के जरिए हासिल की थी नौकरी

**प्रतापगढ।** जिले में बीएससी और बीएड की फर्जी डिग्री के आधार पर पिछले 13 वर्षों से नौकरी कर रहे एक शिक्षक को बर्खास्त कर दिया गया है। उसे अब तक दिए गए वेतन की वसूली के निर्देश भी दिए गए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि कुण्डा तहसील क्षेत्र के अहिबरनपुर स्थित प्राइमरी स्कूल में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात रोहित कुमार यादव को बीएससी और बीएड की फर्जी डिग्री के आधार पर नौकरी करने के आरोप में बुधवार को बर्खास्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि यादव को अब तक वेतन के रूप में किए भुगतान की वसूली के निर्देश भी जारी किए गए हैं। सिंह ने बताया कि प्रयागराज के निवासी राजनाथ यादव ने 17 फरवरी 2021 को बेसिक शिक्षा विभाग के अपर निदेशक से शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि रोहित कुमार यादव की बीएससी और बीएड की डिग्री फर्जी है। शिकायत के आधार पर विभाग ने लखनऊ विश्वविद्यालय से डिग्री की जांच कराई, जिसमें वे फर्जी पाई गई। उन्होंने बताया कि इस मामले में अपने खिलाफ नोटिस जारी होने पर रोहित ने नए सिरे से जांच की मांग की।

### बैंक मैनेजर परिवार हत्याकांड

## चोर कहने पर कर दी साले की गर्भवती पत्नी और बेटे की हत्या

**मेरठ।** जिले के हस्तिनापुर में एक बैंक शाखा प्रबंधक की पत्नी और बेटे की हत्या के मामले में पुलिस ने उनके एक करीबी रिश्तेदार को गिरफ्तार किया है। खुद को चोर कहे जाने से नाराज होकर आरोपी ने इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह ने हस्तिनापुर में बैंक शाखा प्रबंधक संदीप कुमार की गर्भवती पत्नी शिखा और पांच साल के बेटे रुशांक की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए आज संवाददाताओं को बताया कि इस हत्याकांड को संदीप के बहनोई हरीश ने नोएडा निवासी अपने रिश्तेदार हरीश कुमार के साथ मिलकर अंजाम दिया था। हरीश टैक्सी चलाता है। उन्होंने बताया कि हरीश से पूछताछ में पता चला है कि कुछ समय पहले संदीप के भाई की शादी के दौरान चोरी की घटना हुई थी, जिसका आरोप हरीश पर लगाया गया था। उन्होंने बताया कि उस वक्त संदीप ने हरीश को चोर कहा था, जिसे लेकर वह नाराज था और इसी कारण उसने अपने साले समेत पूरे परिवार की हत्या की साजिश रची थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुसार, हरीश ने इस वारदात में अपने पिलखुवा के अहमदपुर नया गांव निवासी रिश्तेदार रवि को साथ ले लिया। उन्होंने बताया कि दोनों ने 30 अगस्त को संदीप की गर्भवती पत्नी शिखा और उसके बेटे रुशांक की हत्या की और घर से नकदी तथा जेवर लूटकर शिखा की स्कूटी से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने शिखा की स्कूटी को गाजियाबाद में निवाड़ी के पास नहर में फेंक दिया था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। सिंह ने बताया कि घटना के दूसरे अभियुक्त रवि ने अपने गांव में आत्महत्या कर ली है। आरोपी के परिजनों ने बताया कि अभियुक्त रवि ने अपने भाई को संदीप की पत्नी और बेटे की हत्या करने के बारे में बताया था और वह आत्मग्लानि महसूस कर रहा था।

## प्रेम प्रसंग में बाधक मानकर की अपने ही बच्चे की हत्या, महिला गिरफ्तार

**बिजनौर।** जिला पुलिस ने प्रेम प्रसंग में बाधक मानकर अपने छह महीने के बच्चे की हत्या कर उसका शव नाले में फेंकने आरोप में बृहस्पतिवार को एक महिला को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) प्रवीन रंजन सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार को नगीना थाना क्षेत्र के लुहारी सराय मुहल्ले में एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसकी भाभी अफशां ने अपने छह माह के बच्चे अरहान की हत्या करके उसका शव नाले मे फेंक दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने नाले से बच्चे का शव बरामद कर लिया था। इस मामले में पुलिस ने अफशां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे आज सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। अफशां का पति आसिफ सऊदी अरब में रहकर काम करता है। सिंह ने बताया कि अफशां ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसका एक युवक से प्रेम सम्बन्ध था। उन्होंने बताया कि प्रेमी को पाने और उसके सामने खुद को कुंवारी दिखाने के लिए उसने अपने ही बेटे अरहान की हत्या कर शव नाले मे फेंक दिया और अरहान की देखभाल के लिए रखी गई नौ साल की सुमैया पर हत्या का आरोप लगा दिया।

**जमीन विवाद में गोलीबारी में एक किसान की मौत,एक घायल**

बागपत। बागपत जिले के खेकड़ा क्षेत्र में कथित तौर पर जमीन विवाद को लेकर की गई गोलीबारी में एक किसान की मौत हो गई वहीं एक अन्य किसान घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बृहस्पतिवार को बताया कि खेकड़ा थाना क्षेत्र के बड़ागांव के जंगल में अपने ट्यूबवेल के पास बैठे दो किसानों पर कथित रूप से जमीन के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने गोलियां चलाई जिससे तपेश्वर त्यागी नामक किसान की मौत हो गई जबकि एक अन्य किसान अर्जुन त्यागी घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**गैंगस्टर कानून के तहत 27 लोगों को नामज़द किया गया**

भदोही। जिले में गिरोह से संबंधित गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में छह प्राथमिकियों में 27 लोगों को बुधवार को नामज़द किया गया। ए प्राथमिकियां विभिन्न थानों में दर्ज की गई हैं। भदोही के पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने बताया की शहर कोतवाली में गैंगस्टर कानून के तहत तीन तथा औराई ,ज्ञानपुर और गोपीगंज थाने में एक-एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### लंका में मॉ व बेटी की हत्या का हुआ खुलासा

## दो भाइयों सहित पड़ोसी गिरफ्तार

### इनके पास से हथौड़ी व राड सहित नगद कैश, ज्वैलरी और दो मोबाइल बरामद हुए एक आरोपी अमन पहले भी नागपुर महाराष्ट्र में हत्या व चोरी के मामले में जेल जा चुका है

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**जिले** के चर्चित लंका थाना क्षेत्र के नरिया में मां बेटी के डबल मर्डर की गुत्थी सुलझ गई है। इस मामले में पड़ोस में रहने वाले दो सगे भाई समेत तीन लोग गिरफ्तार कर जेल भेज दिए गए। जुलाई के महीने में मां और बेटी की घर के अंदर ही निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई थी। इस मामले में कमिश्नरेट पुलिस के लिए यह ब्लाइंड डबल मर्डर की गुत?थी को सुलझाना चुनौती थी, लेकिन एक बार फिर पुलिस ने व्यावसायिक दक्षता का परिचय देते हुए इस मामले को दो माह के भीतर सुलझा लिया। पूरे मामले को पुलिस ने तह तक खंगाला तो पता चला कि लूट के इरादे से ही यह हत्या की गई थी। पुलिस ने हत्या में शरीक दो शातिर बदमाश और एक सूत्रधार को गिरफ्तार किया है।हत्यारे दो सगे भाई अमन और अतुल विश्वकर्मा हैं, दोनों मूल रूप से भदोही जिले के रहने वाले हैं। विजय पाल नामक पड़ोसी ने लूट और हत्या का आइडिया दोनों शातिरों को दिया था। इस दौरान दो- तीन दिन बकायदा रेकी करने के बाद दोनों हत्यारों ने घटना वाली रात घर पीछे वाले रास्ते से घर में प्रवेश किया था। वहीं हथौड़ा और लोहे के रॉड से सिर पर वार कर दोनों हत्याओं को अंजाम दिया था। पुलिस ने बताया कि सिर पर वार कर दोनों महिलाओं को मौत के घाट आरोपित ने उतार दिया था।मां- बेटी के दोनों मोबाइल फोन सहित ज्वैलरी और कैश भी आरोपितों के पास से बरामद हुआ है। इन बदमाशों के पास से कई अन?य साक्ष?य भी पुलिस के हाथ लगे हैं। इसमें से एक आरोपी अमन पहले भी नागपुर महाराष्ट्र में हत्या एवं चोरी के मामले में जेल जा चुका है। तीनों बदमाशों को गुरुवार को रिमांड के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। डीजीपी डीएस चौहान ने इस कामयाबी के लिए पुलिस टीम को बधाई दी है। नरिया डबल मर्डर में हर पहलू पर फिर से जांच से पुलिस को मिली सफलता - नरिया प्राथमिक विद्यालय के पास रहने वाली सुनीता पांडेय और उनकी बेटी दीपिका की हत्या के मामले में पुलिस के हाथ हत्यारे लगे हैं। कातिलों तक पहुंचने के लिए हर पहलू की फिर से जांच कई बार बारीकी से गई। मां-बेटी से जुड़े लोगों से पूछताछ हुई है। सीसीटीवी फुटेज से लेकर सर्विलांस तक मदद ली गई। थाना प्रभारी बृजेश कुमार सिंह बोले - मामले की जांच कर रहे लंका थाना प्रभारी बृजेश कुमार सिंह के अनुसार घटना से जुड़े हर पहलू की जांच फिर से की गई। कई संदिग्ध लोगों की सूची भी बनाई गई। पुलिस का पूरा ध्यान मकान के विवाद पर रहा। मकान में बेटों का हिस्सा बिकने के बाद कुछ लोग मां-बेटी के हिस्से को भी लेना चाहते थे। इसके लिए दबाव भी बनाया था। हालांकि मां-बेटी इसके लिए तैयार नहीं थीं। पुलिस की जांच के दायरे में आसपास मजदूरी करने वाले भी थे। इस आशंका से भी इन्कार नहीं किया जा सकता था कि हत्या की घटना लूटपाट के लिए की गई हो।

# श्रीलंका ने अंतिम चार में पक्की की जगह

## बांग्लादेश को दो विकेट से हराया

भाषा। दुबई



कुसल मेंडिस (60) की अर्धशतकीय पारी के दम पर श्रीलंका ने एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप बी के मैच में बांग्लादेश को दो विकेट से हराकर सुपर चार में अपनी जगह पक्की की। श्रीलंका ने जीत के लिए मिले 184 रन के लक्ष्य को 19.2 ओवर में आठ विकेट पर हासिल कर बांग्लादेश को श्रृंखला से बाहर कर रास्ता दिखा दिया। बांग्लादेश के लिए इबादत हुसैन ने तीन विकेट लिए। इससे पहलेअफीफ हुसैन, मेहदी हसन मिराज, महमूदुल्लाह और मोसादेक हुसैन की आक्रामक पारियों के दम पर बांग्लादेश ने एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप बी के करो या मरो मैच में श्रीलंका के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 183 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इस मैच को हारने वाली टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। बांग्लादेश का श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में यह सर्वाधिक स्कोर है। पारी का आगाज करते हुए मेहदी हसन मिराज ने 26 गेंद में दो चौके और दो छक्के की मदद से 38 रन बनाए। विकेटों के गिरने के बीच अफीफ हुसैन (22 गेंद में 39 रन) और अनुभवी महमुदुल्लाह (22 गेंद में 27 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 57 रन की आक्रामक साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। अफीफ ने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के तो वहीं महमूदुल्लाह ने एक चौका और एक छक्का लगाया। मोसादेक हुसैन ने आखिरी ओवरों में नौ गेंद की नाबाद पारी में चार चौकों की मदद से 24 रन बनाकर टीम के स्कोर को 183 के पार पहुंचाया। बांग्लादेश ने आखिरी पांच ओवरों में 60 रन बटोरे। टीम के लिए कप्तान शाकिब अल हसन ने 22 गेंद में 24 रन का योगदान दिया। श्रीलंका के लिए वानिंदु हसरंगा और चमिका क-रुणारत्ने ने दो -दो विकेट लिए। पदार्पण कर रहे असिथा फर्नांडो (51 रन पर एक विकेट) ने पारी के तीसरे ओवर में शब्बीर रहमान (पांच रन) को पवेलियन की राह दिखाकर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। मेहदी हसन मिराज ने चौथे ओवर में महीश तीक्षना की गेंद पर छक्का और पांचवें ओवर में फर्नांडो के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगा कर रन गति को तेज किया। फर्नांडो के इस ओवर से बांग्लादेश ने 18 रन बटोरे। अगले ओवर में मेहदी हसन मिराज ने एक और चौका जड़ा जिससे पावरप्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 55 रन हो गया। सातवें ओवर में गेंदबाजी के आए हसरंगा ने मेहदी हसन मिराज को बोल्ड कर 26 गेंद में 38 रन की उनकी पारी को खत्म किया। अगले ओवर में चमिका करुणारत्ने की उछाल लेती गेंद पर मुशफिकुर रहीम (चार रन) विकेटकीपर मेंडिस को कैच देकर आउट हुए। कम होती रन गति को पटरी पर लाने के लिए कप्तान शाकिब अल हसन ने जोखिम उठाकर नौवें और 10वें ओवर में चार गेंद पर तीन चौके जड़े। तीक्षना ने 11वें ओवर में उन्हें बोल्ड करके उनकी पारी को खतरनाक होने से पहले ही रोक दिया। इसके बाद अफीफ हुसैन और महमुदुल्लाह तेजी से रन बटोरे। अफीफ इस दौरान ज्यादा आक्रामक रहे। उन्होंने 13वें ओवर में हसरंगा और 16वें ओवर में फर्नांडो के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौका और छक्का लगाया तो वहीं महमुदुल्लाह ने यही काम पारी के 15वें ओवर में हसरंगा के खिलाफ किया। दोनों की अर्धशतकीय साझेदारी को मदुशंका ने 17वें ओवर में अफीफ को आउट कर तोड़ा। 18वें ओवर में हसरंगा ने महमुदुल्लाह को चलता किया। इसके के बाद मोसादेक ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से श्रीलंका के गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। आखिरी ओवर में तस्कीन अहमद (नाबाद 11) ने भी छक्का लगाया जिससे टीम ने 180 के स्कोर को पार किया।

### स्कोरबोर्ड

**बांग्लादेश पारीः** मिराज बो हसरंगा 38,रहमान का मेंडिस बो फर्नांडो 05,शाकिब बो तीक्षना 24,मुशफिकुर का मेंडिस बो करुणारत्ने 04,अफीफ का हसरंगा बो मदुशंका 39,महमुदुल्लाह का करुणारत्ने बो हसरंगा 27,मोसादेक नाबाद 24,महेदी हसन पगबाधा करुणारत्ने 01,तस्कीन नाबाद 11,**अतिरिक्तः** (बाईः 04, लेग बाईः 06) 10,**कुल योगः** 20 ओवर में सात विकेट पर 183 रन,**विकेट पतनः** I-19, 2-58, 3-63, 4-87 , 5-144, 6-147, 7-159,गेंदबाजीः मदुशंका4-0-26-I,तीक्षना 4-0-23-I,फर्नांडो 4-0-51-I,हसरंगा 4-0-41-2, करुणारत्ने 4-0-32-2,

**श्रीलंका पारीः** निसंका का मुस्तफिजुर बो इबादत 20,मेंडिस का तस्कीन बो मुस्ताफिजुर 60, असलंका का महमुदुल्लाह बो इबादत 01,गुनतिलका का तस्कीन बो इबादत 11 राजपक्षेका (स्थापन्न) नईम बो तस्कीन 2, शनाका का मोसादेक बो मेहदी 45, हसरंगा का मेहदी बो तस्कीन 02, करुणारत्ने रन आउट (शाकिब) 16,तीक्षना नाबाद 00, फर्नांडो नाबाद 10,**अतिरिक्त** : (लेग बाईः 05, नोबॉल :04, वाइडः 08) 17, **कुल योगः** (19.2 ओवर में आठ विकेट पर) 184, विकेट पतनः I-45, 2-48, 3-67, 4-77, 5-131, 6-139,7-158,8-171, **गेंदबाजीः** मुस्ताफिजुर 4-0-32-I,तस्कीन 4-0-24-2 शाकिब 4-0-31-0,इबादत 4-0-51-3,हसन 2.2-0-30-I, मेहदी 2-0-11-0

# बल्लेबाजी क्रम में किसी भी स्थान पर खेलने को तैयार हैं सूर्यकुमार



दुबई, एक सितंबर (भाषा) आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर सूर्यकुमार यादव भारतीय टीम के लिए विभिन्न स्थानों पर बल्लेबाजी कर चुके हैं जिसमें पारी का आगाज करना भी शामिल है और उन्होंने कहा कि वह टी20 टीम में किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। सूर्यकुमार ने बुधवार को 26 गेंद में 68 रन की नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली और भारत को हांगकांग पर 40 रन की जीत से एशिया कप के सुपर चार चरण तक पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की। सूर्यकुमार चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे थे, उन्होंने कई तरह के शॉट्स खेले तथा छह छक्के और इतने ही चौके जड़े थे। सूर्यकुमार ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मैं किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी कर सकता हूं, जिस भी नंबर पर आप कहो। मैं कोच और कप्तान को कह चुका हूं कि मुझे किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेज दो, पर बस मुझे खिलाओ। उप कप्तान केएल राहुल चोट से वापसी कर रहे हैं, लेकिन वह अभी तक टूर्नामेंट में उसी पुरानी तेजी से नहीं खेल पाए हैं। हांगकांग के खिलाफ उन्होंने 39 गेंद में 36 रन बनाए। जब सूर्यकुमार से पूछा गया कि क्या वह रोहित शर्मा के साथ पारी शुरू करेंगे तो उन्होंने कहा, तो आप कह रहे हो कि हमें केएल भाई (राहुल) को नहीं खिलाना चाहिए। वह चोट के बाद वापसी कर रहे हैं और उन्हें कुछ समय चाहिए और हमारे पास अभी समय है।

## कोहली के हाव भाव दिल छूने वाले

**दुबई।** सूर्यकुमार यादव की एशिया कप मे हांगकांग के खिलाफ खेली गई लाजवाब पारी से विराट कोहली इतने खुश थे कि उन्होने टोपी उतार कर उन्हे नमन किया जिसे मुंबई के इस बल्लेबाज ने दिल छूने वाला करार दिया। सूर्यकुमार ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, विराट कोहली के हाव भाव दिल छूने वाले थे। मुझे इससे पहले कभी इस तरह का अनुभव नही था। मै हैरान था कि आखिर वह मेरे से आगे क्यो नही जा रहे है और जब मुझे अहसास हुआ तब मैने उनसे साथ मे चलने के लिए कहा। वह मुझसे कही अधिक अनुभवी है। सूर्यकुमार ने कहा, मैने उनके साथ बल्लेबाजी का भरपूर आनंद लिया। हम इस पर बात कर रहे थे कि आगे की गेंदो मे किस तरह का रवैया अपनाना है। वह इतने अनुभवी खिलाड़ी है और मैने बहुत अधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नही खेले है। इसलिए मैच मे ऐसे समय मे इस तरह के अनुभवी खिलाड़ी का साथ होना काफी महत्व रखता है। सूर्यकुमार ने कहा, परिस्थिति ऐसी थी कि मेरे लिए क्रीज पर उतरते ही आक्रामक बल्लेबाजी करना जरूरी था। विकेट शुरू मे थोड़ा धीमा खेल रहा था और मैने विराट कोहली से बात की। उन्होंने मुझे अपना नैसर्गिक खेल खेलने की सलाह दी। मेरी रणनीति भी स्पष्ट थी और इसलिए मुझे बल्लेबाजी करने मे मजा आया। सूर्यकुमार ने केवल 22 गेंदो मे अपना अर्धशतक पूरा किया था।

## न्यूजीलैंड ए खिलाफ तीन विकेट चटका कर मुकेश ने किया प्रभावित

**बेंगलुरु।** बंगाल के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनाधिकृत टेस्ट मैच के शुरूआती दिन शानदार लाइन-लेंथ पर गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट चटकाए जिससे खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाते समय भारत ए ने मेहमान टीम के 61 ओवर मे 156 रन पर पांच विकेट चटका दिए। पहली बार भारत (भारत अंडर-19, भारत अंडर-23, भारत ए और सीनियर टीम) की किसी टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे दाएं हाथ के मध्यम गति के इस गेंदबाज ने अपने तीनो स्पैल मे एक-एक विकेट लिए। उन्होने 13 ओवर मे चार मेडन की मदद से 34 रन देकर तीन विकेट चटकाए। उन्होंने नई गेंद (4.3 ओवर), थोड़ी पुरानी गेंद (35.3 ओवर) और पुरानी गेंद (57.4 ओवर) पर विकेट चटकाए। टीम मे शामिल बाएं हाथ के दो तेज गेंदबाज यश दयाल (13-2-35-1) और अर्जन नगवासवाला (13-2-34-1) को भी एक-एक विकेट मिला। जबकि राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके बाए हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव को कोई सफलता नही मिली। न्यूजीलैंड ए के लिए तीसरे क्रम के बल्लेबाज जो कार्टर ने शानदार बल्लेबाजी की। वह 170 गेंद मे 73 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए है।

## 51वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल 7 से

**लखनऊ।** पिछली विजेता एसएससीबीए उपविजेता राजस्थान व मेजबान यूपी सहित 30 टीमें नवाबों के शहर लखनऊ में होने वाली 51वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप में खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करने उतरेंगी। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ द्वारा आयोजित इस चैंपियनशिप के मैच7 से 11 सितंबर 2022 तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले जाएंगे। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि चैंपियनशिप में खेलने आने वाली 30 टीमों को आठ पूल में बांटा जाएगा। उन्होंने कहा कि सफल आयोजन के लिए हमने कमर कस ली है। सभी टीमों ने आने की मंजूरी दे दी है और कोरोना काल में लखनऊ तीसरी बार हैंडबॉल की राष्ट्रीय चैंपियशिप की मेजबानी करेगा। उन्होंने कहा कि चैंपियनशिप में 30 राज्यों की टीमों से 600 खिलाड़ी व अधिकारी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में एसएससीबी की टीम विजेता व राजस्थान उपविजेता रही थी।

## पहला वर्चुअल कबड्डी सॉल्यूशन लॉन्च

**नई दिल्ली।** परिमैच अपने वर्चुअल कबड्डी प्रोडक्ट लॉन्च किया। परिमैच ब्रांड के विकास में महयोगी सर्विस कंपनी, ने बताया कि ऑर्गेनाइज़ेशन वर्चुअल कबड्डी के लॉन्च के साथ वर्चुअल स्पोर्ट्स गेम्स के अपने मार्केट,लीडिंग पोर्टफ ोलियो को मजबूत करने में सफल रही है। परिमैच को उक्त प्रोडक्ट पर विशेष अधिकार प्राप्त है और यह कबड्डी फैंस के लिए वर्चुअल कबड्डी की पेशकश करने वाली पहली कंपनी बन चुकी है।1 वर्चुअल कबड्डीए रियल कबड्डी खेल का नया रूप है। यह ऑनलाइन होता है।

## महिलाओं की आत्मरक्षा पर सेमिनार आयोजित

**लखनऊ।** महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर उन्हें आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग देना आज के समय की जरुरत बन गयी है। इस उद्देश्य के साथ भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण संस्थान उत्तरी क्षेत्र लखनऊ में महिलाओं की स्वयं सुरक्षा विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। आनन्द किशोर पाण्डेय निदेशक स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया, पूर्व अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी ने बोलते हुए अपने संबोधन में कहा कि सेल्फ डिफेंस एक मानसिक स्थिति है जिसमें महिलाओं को शारीरिक के अलावा मानसिक रुप से भी सशक्त बनाने की तैयारी होती है।

## डूरंड कपः जमशेदपुर ने भारतीय वायुसेना, चेन्नइयिन ने टीआरएयू को हराया

**कोलकाता।** जमशेदपुर एफसी ने डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपने अभियान का सकारात्मक अंत करते हुए गुरुवार को यहां किशोर भारती क्रीड़ांगन में ग्रुप ए के अपने अंतिम मैच में भारतीय वायुसेना को 2-I से हराया। जमशेदपुर एफसी की ओर से पीयूष ताखुड़ी (26वें मिनट) और रुआतमाविया (84वें मिनट) ने गोल दागे। टीम चार मैच मे छह अंक के साथ ग्रुप मे तीसरे स्थान पर रही और नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो गई। भारतीय वायुसेना के लिए एकमात्र गोल सोमा ने 39वें मिनट में किया। टीम चार मैच में चार हार के साथ अंतिम स्थान पर रही।

# प्रणय क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत बाहर

## जापान ओपन

भाषा। ओसाका



**भारत के** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके जापान ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन किदांबी श्रीकांत हारकर बाहर हो गए। विश्व रैंकिंग में आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने यहां आठवीं वरीयता प्राप्त यू को 44 मिनट में 22-20, 21-19 से हराया। यह भारतीय खिलाड़ी पिछले सप्ताह विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था। प्रणय की सिंगापुर के खिलाड़ी के खिलाफ चार मुकाबलों में यह तीसरी जीत है। यह 30 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी अंतिम आठ में चीनी ताइपे के चाउ तिएन चेन से भिड़ेगा। प्रणय ने पिछले दो मुकाबलों में चेन को हराया है, लेकिन ओवरऑल रिकॉर्ड में वह चीनी खिलाड़ी से 3-4 से पीछे हैं। बुधवार को विश्व में पांचवें नंबर के मलेशियाई खिलाड़ी ली जी जिया को हराने वाले श्रीकांत हालांकि अपने अच्छे प्रदर्शन को जारी नहीं रख सके और स्थानीय खिलाड़ी तथा विश्व में 17वें नंबर के कैंटा सुनेयामा से 10-21, 16-21 से हार गए। इससे पहले यह दोनों खिलाड़ी 2019 में कोरियाई ओपन में एक दूसरे से भिड़े थे और तब भी जापानी खिलाड़ी जीत हासिल करने में सफल रहा था। प्रणय ने लोह के खिलाफ दोनों गेम में शानदार वापसी की। पहले गेम में वह 11-19 से जबकि दूसरे गेम में 6-14 से पीछे चल रहे थे। भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत की लेकिन वह जल्द ही अपनी लय खो बैठे। उनके प्रतिद्वंदी ने 7-8 से पिछड़ने के बाद ब्रेक तक 11-8 की बढ़त हासिल कर ली।

## कोविड-19 के कारण हांगकांग और मकाऊ बैडमिंटन टूर्नामेंट रद्द

**कुआलालंपुर।** विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने हांगकांग ओपन सुपर 500 और मकाउ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन प्रतियोगिताओ को इन देशो मे कोविड-19 से जुड़े प्रतिबंधो को देखते हुए गुरुवार को रद्द कर दिया। मकाउ ओपन जहां एक से छह नवंबर के बीच खेला जाना था वही हांगकांग ओपन का आयोजन आठ से 13 नवंबर के बीच होना था। विश्व बैडमिंटन महासंघ ने कहा कि इन दोनो देशो के बैडमिंटन संघो को बता दिया गया है कि वर्तमान परिस्थितियो मे इन टूर्नामेंट का आयोजन किया जाना संभव नही है।इस सप्ताह जापान ओपन के बाद विश्व टूर के मैच अक्टूबर में यूरोप में खेले जाएंगे। ए मैच डेनमार्क, फ्रांस और जर्मनी में होंगे।

# सेरेना यूएस ओपन के तीसरे दौर में

## फर्नांडीज और सक्कारी बाहर

भाषा। न्यूयॉर्क



**सेरेना** विलियम्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन 2021 की उपविजेता लेला फर्नांडीज और सेमीफाइनलिस्ट मारिया सक्कारी दूसरे दौर से बाहर हो गई। यूएस ओपन के बाद सन्यास लेने के संकेत दे चुकी 40 वर्षीय सेरेना ने दूसरे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त एनेट कोंटेविट को 7-6 (4), 2-6, 6-2 से हराया। इससे यह तय हो गया कि वह कम से कम अभी एक मैच और खेलेंगी। महिला एकल में वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों का बाहर होना जारी रहा। पिछली दो चैंपियन नाओमी ओसाका और एम्मा राडुकानू पहले ही बाहर हो चुकी हैं और अब इस सूची में फर्नांडीज और सक्कारी का नाम भी जुड़ गया है। सक्कारी को दूसरे दौर में चीन के वांग शियू ने 3-6, 7-5, 7-5 से हराया जबकि एक साल पहले फाइनल में राडुकानू से हारने वाली 14वीं वरीय फर्नांडीज को ल्यूडमिला सैमसोनोवा ने 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया। बारहवीं वरीयता प्राप्त कोको गॉफ और 20वीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज को हालांकि आगे बढ़ने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। अमेरिका की दोनों खिलाड़ी तीसरे दौर में आमने-सामने होंगी। गॉफ ने एलेना गैब्रिएला रुसे को 6-2, 7-6 (4) से, जबकि यूएस ओपन 2017 की उपविजेता कीज़ ने कैमिली जियोर्गी को 6-4, 5-7, 7-6 (6) से हराया। पुरुषों के वर्ग में तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन एंडी में ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करके अमेरिका के एमिलियो नवा को 5-7, 6-3, 6-I, 6-0 से हराया। उनका अगला मुकाबला अब 13वीं वरीयता प्राप्त मैटियो बैरेट्टिनी से होगा। एक अन्य मैच में निक किर्गियोस ने फ्रांस के बेंजामिन बोन्जी को 7-6 (3), 6-4, 4-6, 6-4 से शिकस्त दी। महिला एकल में ओन्स जबूर ने 1985 के चैंपियन हाना मांडलिकोवा की बेटी एलिजाबेथ मांडलिक पर 7-5, 6-2 से जीत दर्ज की। अब वह 31वें नंबर की अमेरिकी शेल्बी रोजर्स से भिड़ेंगी जिन्होंने विक्टोरिया कुजमोवा को 7-5, 6-। से हराया।

## सुब्रतो कप फुटबॉल छह से

**नई दिल्ली।** भारत में जमीनी स्तर की शीर्ष प्रतियोगिताओं में से एक सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के 61वें सत्र का आयोजन कोविड-19 महामारी के कारण दो साल के ब्रेक के बाद छह सितंबर से यहां किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के पिछले सत्र का आयोजन 2019 में किया गया था जबकि कोविड-19 महामारी के कारण 2020 और 2021 में टूर्नामेंट का आयोजन नहीं हो सका था।

## सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली।** मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडीस ने कोलंबो में पांच सितंबर से शुरू हो रही सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए गुरुवार को 23 सदस्ईय भारतीय टीम की घोषणा की। भारत टूर्नामेंट के पहले दिन भूटान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। फाइनल 16 सितंबर को खेला जाएगा। बिबियानो ने कहा, खिलाथ्ड़यों ने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है। वे इस टूर्नामेंट में भाग लेने को लेकर काफी उत्साहित हैं।

## आईएसएल सात अक्टूबर से

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का नया सत्र सात अक्टूबर से शुरू होगा जिसका पहला मैच कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पिछले साल के उपविजेता केरल ब्लास्टर्स और ईस्ट बंगाल के बीच खेला जाएगा। वैश्विक फुटबॉल लीग की तर्ज पर आईएसएल के मैच गुरुवार और रविवार के बीच खेले जाएंगे। आईएसएल में भाग लेने वाली टीमें अभी एशिया की सबसे पुरानी प्रतियोगिता डूरंड कप में खेल रही हैं।

# भूटिया पर चौबे का पलड़ा भारी





## एआईएफएफ चुनाव : महासंघ को मिलेगा पहला खिलाड़ी अध्यक्ष

भाषा। नई दिल्ली

**अखिल भारतीय** फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) में बदलाव की बयार बह रही है और महासंघ को शुक्रवार को होने वाले चुनाव में अपने 85 साल के इतिहास में पहला ऐसा अध्यक्ष मिलेगा जो पूर्व खिलाड़ी होगा। शुक्रवार को होने वाले चुनाव में एआईएफएफ अध्यक्ष पद की दौड़ में भारत के महानतम खिलाड़ियों में से एक 45 साल के बाईचुंग भूटिया का सीधा मुकाबला मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के पूर्व गोलकीपर कल्याण चौबे से होगा। चौबे को गुजरात और अरुणाचल प्रदेश जैसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्यों से समर्थन मिलने के कारण अध्यक्ष पद की दौड़ में जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। चौबे पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं और इसमें कोई संदेह नहीं है कि उन्हें पर्याप्त राजनीतिक समर्थन मिल रहा है जो इस खेल के खेल संस्थानों के चुनाव में काफी महत्वपूर्ण होता है। इस तरह की चर्चा है कि चौबे को पूर्वोत्तर के सबसे प्रभावशाली राजनेताओं में से एक का समर्थन हासिल है जिसकी भारतीय खेलों में सक्रिय रुचि है। भारतीय फुटबॉल से जुड़े कई लोगों का मानना है कि यही कारण है कि भूटिया के घरेलू राज्य संघ सिक्किम ने उनकी उम्मीदवारी का समर्थन नहीं किया है। दो अन्य शीर्ष पदों महासचिव और कोषाध्यक्ष के लिए भी दो उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला है। राजस्थान फुटबॉल संघ के अध्यक्ष और कांग्रेस के नेता मानवेंद्र सिंह और एनए हारिस उपाध्यक्ष पद के लिए आमने-सामने हैं। हारिस कर्नाटक फुटबॉल संघ के अध्यक्ष और राज्य में कांग्रेस के विधायक हैं। मानवेंद्र के राज्य संघ ने भूटिया की उम्मीदवारी का अनुमोदन किया था। कोषाध्यक्ष पद के लिए आंध्र प्रदेश राज्य संघ के अध्यक्ष गोपालकृष्ण कोसाराजू और अरुणाचल प्रदेश के किपा अजय दो उम्मीदवार मैदान में हैं। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के तौर पर भूटिया का नाम प्रस्तावित करने वाले कोसाराजू ने 26 अगस्त को अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के लिए एक पत्र लिखा था।

## विश्कप के लिए क्वालीफाई करना मुश्किल लेकिन असंभव नहींः भूटिया

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के दो सितंबर को होने वाले चुनाव मे अध्यक्ष पद के लिए चुनौती पेश कर रहे पूर्व भारतीय कप्तान बाईचुंग भूटिया ने कहा कि भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के विश्व कप मे क्वालीफाई करने की राह काफी मुश्किल है लेकिन यह असंभव नही है। भूटिया ने कहा कि मौजूदा स्तर को देखते हुए भारतीय टीम के लिए विश्व कप मे जगह बनाना आसान नही है लेकिन यह असंभव भी नही है। निकट भविष्य मे भारतीय टीम के विश्व कप मे क्वालीफाई करने से जुड़े सवाल के जवाब मे भूटिया ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो भारतीय टीम के मौजूदा स्तर को देखते हुए यह बिलकुल भी आसान नही होने वाला लेकिन यह असंभव भी नही है। हमे अपने प्रदर्शन मे सुधार करना होगा और इसके लिए जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों को तैयार करने की जरूरत है। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा, हमे जमीनी स्तर पर अधिक टूर्नामेंट आयोजित करने और अधिक कोच तैयार करने की जरूरत है।

## रोड सेफ्टी विश्व सीरीज में इंडियन लीजेंड्स की अगुवाई करेंगे तेंदुलकर

**मुंबई।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर रोड सेफ्टी विश्व सीरीज के दूसरे सत्र में मौजूदा चैंपियन इंडिया लीजेंड्स की अगुवाई करेंगे। आयोजकों ने गुरुवार को यह घोषणा की। यह टूर्नामेंट 10 सितंबर से 22 दिन तक विभिन्न स्थलों पर खेला जाएगा। टूर्नामेंट का पहला मैच कानपुर में होगा जबकि रायपुर में दोनों सेमीफाइनल और फाइनल खेला जाएगा। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिन दो अन्य स्थानों पर मैच खेले जाएंगे उनमें इंदौर और देहरादून शामिल हैं।

## सहवाग, गंभीर एलएलसी में गुजरात जायंट्स और इंडिया कैपिटल्स का नेतृत्व करेंगे

**नई दिल्ली।** वीरेंद्र सहवाग और गौतम गंभीर की भारत की सलामी बल्लेबाजों की पूर्व जोड़ी आगामी लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) में गुजरात जायंट्स और इंडिया कैपिटल्स की अगुवाई करेगी। गुजरात जायंट्स का स्वामित्व अदानी समूह के पास है, तो वहीं इंडिया कैपिटल्स का मालिकाना हक जीएमआर स्पोर्ट्स लाइन के पास हैं। यहां जारी विज्ञप्ति में सहवाग ने कहा, मैं फिर से क्रिकेट के मैदान पर वापस आने के लिए उत्साहित हूं। टीम के मालिक के रूप में अडानी समूह और गुजरात जायंट्स जैसे पेशेवर संगठन का होना इस क्रिकेट पारी को एक बार फिर से शुरू करने का एक सही तरीका है।

## टिम डेविड टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में, वॉर्नर को भारत दौरे से विश्राम



**सिडनी।** सिंगापुर मे जन्मे आक्रमक बल्लेबाज टिम डेविड को ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप की टीम मे शामिल किया गया है जबकि सीनियर सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को भारत दौरे से विश्राम दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को टी20 विश्वकप और भारत दौरे के लिए 15 सदस्ईय टीम का चयन किया। लंबे शॉट जमाने के लिए मशहूर 26 वर्षीय डेविड ने 2019 और 2020 मे सिंगापुर की तरफ से 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जिनमे उनका औसत 46.5 रहा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमो के अनुसार हालांकि वह तुरंत प्रभाव से ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेल सकते है। डेविड ने क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप मे अपने लिए विशेष जगह बनाई है। वह विश्व भर के टी20 लीग मे खेलते है। डेविड के माता-पिता ऑस्ट्रेलियाई है लेकिन उनका जन्म सिंगापुर मे हुआ था। जब वह दो वर्ष के थे तब उनके माता-पिता पर्थ मे बस गए थे। इंडियन प्रीमियर लीग मे मुंबई इंडियंस ने डेविड को इस साल के शुरू मे 8.25 करोड़ रुपए मे खरीदा था। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बयान मे कहा, टिम डेविड ने विश्वभर की लीग मे अच्छा प्रदर्शन करके अपने लिए विशेष स्थान बनाया है और इस कारण उन्हे टीम मे जगह दी गई है।

## विश्व जूनियर तैराकी : अपेक्षा फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं

**नई दिल्ली।** अपेक्षा फर्नांडीस विश्व जूनियर तैराकी चैंपियनशिप के फाइनल मे पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई है। वह पेरू के लीमा मे चल रही प्रतियोगिता मे महिलाओ की 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा के फाइनल मे आठवें स्थान पर रही। इस 17 वर्षीय भारतीय तैराक ने बुधवार को फाइनल मे दो मिनट 19.14 सेकंड का समय निकाला और वह आठ तैराको मे अंतिम स्थान पर रही। अपेक्षा ने इससे पहले क्वालीफाइंग मे दो मिनट 18.18 सेकंड का समय निकालकर अपने ही सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय मे सुधार किया और फाइनल में जगह बनाई। वह किसी विश्व प्रतियोगिता के फाइनल मे पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बन गई है।

## मेस्सी के शानदार प्रदर्शन से पीएसजी की आसान जीत



**पेरिस।** लियोनेल मेस्सी के शानदार प्रदर्शन के दम पर पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने फ्रांसीसी फुटबॉल चैंपियनशिप लीग वन के एक मैच मे टोलोज पर 3-0 से आसान जीत दर्ज की। मेस्सी ने नेमार और काइलन एमबापे के लिए गोल बनाए। उन्होंने खेल के 37 मिनट मे नेमार को खूबसूरत पास देकर पीएसजी का खाता खोलने मे मदद की और इसके बाद एमबापे के गोल मे भी सहायता की। मेस्सी, एमबापे और नेमार की तिकड़ी ने पीएसजी के पांच मैचो मे किए गए 21 गोल मे से 15 गोल दागे है। पीएसजी, लेंस और मार्सिले तीनो के समान 13 अंक है। पीएसजी अपने इन दोनो प्रतिद्वंद्वियो से गोल अंतर मे आगे है। लेंस ने लोरिएंट को 5-2 से जबकि मार्सिले ने क्लेरमोंट को I-0 से हराया।